✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 37 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 3 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

दो दिवसीय यात्रा पर बुधवार को घाना पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

बिहार में फिर से एनडीए सरकार जरूरी : राजनाथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारतीय जनता पार्टी की राज्य कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पटना पहुंचे। बिहार के दोनों डिप्टी सीएम और प्रदेश अध्यक्ष ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह राज्य कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारी चुनावी घोषणा पत्र को उठाकर देख लीजिए, हमने जो कहा है, वह किया है। पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में चार साल शेष है। अभी बहुत काम होना बाकी है। बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार आएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमलोगों का सौभाग्य है कि हमें विश्व की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी में कार्यकर्ता के रूप में काम करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि बिहार आने से पहले मुझे शंघाई रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होने का अवसर मिला। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज जब एक नई पीढ़ी आगे बढ़ रही है तो हमारा कर्तव्य है कि इस सच्चाई से हम उनको परिचित कराएं। हकीकत क्या है, उन्हें बताएं। अगर बिहार को कोई बदनाम करता रहा है तो सोचिये क्या वह बिहार को बेहतर और नया भविष्य दे सकता है? उन्होंने कहा कि केवल और केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार ही बिहार का विकास कर सकती है। इसलिए केंद्र में मोदी और प्रदेश में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार जरूरी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और राजद पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों का सिर्फ एक ही मकसद है, किसी भी तरह सत्ता में बने रहना। इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य हर भारतीय नागरिक को सम्मानजनक जीवन देना और ऐसी नीतियां बनाना है जिससे समाज के हर वर्ग का विकास हो सके। रक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हर किसी को स्वाभिमान के साथ जीने का अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐसे प्रभावी कदम उठाए हैं, जिनकी पहले कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि लोग यह सोच भी नहीं सकते थे कि कोई केंद्र सरकार इतना बड़ा आर्थिक बोझ उठा सकती है। उन्होंने कहा कि अगर वह सारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा करने लगेंगे तो बहुत लंबा समय लग जाएगा, लेकिन सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी नीतियां बनाई हैं जिनसे समाज के हर वर्ग को फायदा मिला है। ऐसा कोई वर्ग नहीं बचा जिसके लिए सरकार ने काम न किया हो। राजनाथ सिंह ने दोहराया कि हर वर्ग को आत्म-सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार सुनिश्चित करना भाजपा सरकार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है और जल्द ही तीसरे स्थान पर होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को भरोसा रखना चाहिए कि बिहार भी तेजी से आगे बढ़ेगा और विकास की इस यात्रा में पीछे नहीं रहेगा।

तेलंगाना फैक्ट्री हादसा मामले में सरकार संवेदनशील, तीन सदस्यीय टीम गठित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पाशा मेलाराम औद्योगिक क्षेत्र स्थित सीगची केमिकल फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में कई बिहार निवासी श्रमिकों की मृत्यु और कई के घायल होने की घटना पर राज्य सरकार ने त्वरित और संवेदनशील प्रतिक्रिया दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देशानुसार बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग ने मंत्री संतोष कुमार के निर्देश के आलोक में तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय टीम गठित की है, जो स्थानीय प्रशासन से समन्वय स्थापित कर पीड़ितों को हर संभव सहायता सुनिश्चित करेगी। गठित टीम में मुख्य कारखाना निरीक्षक संजय कुमार पाल, मुख्य वाष्पित्र निरीक्षक सत्यवीर कुमार और श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सौरभ सुमन शामिल हैं। यह टीम घटनास्थल पर पहुंचकर वहां की स्थिति का आकलन करने के साथ स्थानीय प्रशासन और तेलंगाना सरकार से संपर्क कर मृतकों के पार्थिव शरीर को बिहार लाने, घायलों के इलाज की निगरानी तथा आश्रितों को तत्काल सहायता दिलाने के कार्य को पूरा करेगी। गौरतलब है कि घटना की सूचना मिलते ही मंत्री संतोष कुमार सिंह और विभागीय सचिव दीपक आनंद ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की थी और घोषणा की थी कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मृतक के परिजनों को देय लाभ नियमानुकूल दिया जाएगा। इसके साथ ही संयुक्त श्रमायुक्त कार्यालय, बिहार भवन, नई दिल्ली को निर्देशित किया गया कि वह तेलंगाना सरकार के साथ समन्वय कर राहत और पुनर्वास प्रक्रिया को जल्द पूरा करे।

संक्षिप्त समाचार

चाची ने जहर देकर की भतीजे की हत्या

समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)। जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र में रिश्तों को कलंकित करने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक चाची ने अपने ही भतीजे अली हुसैन को जहर देकर मौत के घाट उतारने के बाद फरार हो गई। घटना उजियारपुर थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर वार्ड नंबर-3 की है।

ट्रैक्टर की ठोकर से छात्र की मौत

समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)। जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र के बड़ी दुर्गा स्थान के पास आज दर्दनाक सड़क हादसे में 12 वर्षीय छात्र साहिल कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक महादेवमठ वार्ड संख्या-12 निवासी संतोष कुमार पूर्वे का पुत्र था और सातवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार साहिल निजी कोचिंग से पढ़ाई कर साइकिल से अपने घर लौट रहा था तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

युवक की हत्या

दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)। पुरानी रंजिश में मदन यादव नामक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इलाज के दौरान युवक की मौत हुई है। वह अपने छोटे भाई सुशील यादव की शादी की तैयारी के लिए गांव आया था। शादी 7 जुलाई को होने वाली है। युवक को बदमाश घर से करीब 500 मीटर दूर खींचकर ले गए। फिर लाठी, ईंट, रॉड और राइफल से बुरी तरह से पीटा।

आंगनबाड़ी सहायिका की तेजाब से जलाकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र के गोवाचक गांव में आंगनबाड़ी सहायिका की तेजाब से जलाकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान स्व. बालदेव दास की 60 वर्षीया पत्नी कलवा देवी के रूप में हुई है। मृतका के पुत्र विनोद रविदास ने बताया कि उनकी मां पिछले करीब दस वर्षों से गांव में अकेली रहती थीं। विनोद ने कहा कि 30 जून को मां से आखिरी बार बात हुई थी। इसके बाद 1 जुलाई को जब उन्होंने फोन किया तो कोई जवाब नहीं मिला। मंगलवार शाम को चचेरे भाई चंदन को घर जाकर देखने के लिए कहा गया। जब चंदन घर पहुंचा तो कलवा देवी घर के दरवाजे के पास मुंह के बल गिरी हुई थीं। उनका चेहरा बुरी तरह जला हुआ था और बायां हाथ टूटा हुआ था, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। वहीं मृतका की बेटी जानकी कुमारी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी मां की हत्या आंगनबाड़ी सेविका के परिवार ने की है। उन्होंने बताया कि सोमवार को आंगनबाड़ी सेविका से कलवा देवी का झगड़ा हुआ था। आरोप है कि सेविका का परिवार चाहता था कि कलवा देवी सहायिका पद से हट जाएं ताकि वह अपनी बहू को यह पद दिला सके। इसके अलावा घर के पास जमीन को लेकर भी विवाद चलता था। कलवा देवी के तीन बेटे और तीन बेटियां हैं। सभी की शादी हो चुकी है और वे अपने-अपने परिवारों के साथ रहते हैं। बेटा काम के सिलसिले में बाहर रहता है जबकि बेटियां ससुराल में रहती हैं। घटना की सूचना मिलने पर सरमेरा थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार बिंद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लग रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेजा गया है।

मानसून सत्र से पहले मोदी कैबिनेट का विस्तार संभव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मंत्रिमंडल का विस्तार करने की तैयारी में हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पीएम मानसून सत्र के शुरू होने से पहले कैबिनेट विस्तार कर सकते हैं। इस कैबिनेट विस्तार में एक तरफ जहां कई मंत्रियों की विदाई हो सकती है तो वहीं, कई नए चेहरों को मौका मिल सकता है। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले कैबिनेट विस्तार में चुनावी राज्यों खासकर बिहार, असम और बंगाल के नेताओं को जगह मिल सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने जब तीसरी बार पद की शपथ ली तो उनके साथ करीब 71 अन्य नेताओं ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें 30 कैबिनेट मंत्री, 5 स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और 36 राज्य मंत्री शामिल हैं। बता दें कि केंद्रीय कैबिनेट में मंत्रियों की अधिकतम संख्या लोकसभा के कुल सदस्यों की संख्या के 15% से अधिक नहीं हो सकती, जो 543 का 15% है, यानी लगभग 81-82 मंत्री हो सकते हैं। इस तरह से मोदी कैबिनेट में फिलहाल 9 मंत्री पद खाली है। बताया जा रहा है कि मोदी 3.0 के पहले विस्तार में राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा का मंत्री बनना तय है। इसके पीछे बताया जा रहा है कि साल के आखिरी में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले उपेंद्र कुशवाहा को मंत्री बनकार बीजेपी कुशवाहा समाज के लोगों को यह संदेश देना चाहती है कि बिहार में कुशवाहा जाति को सबसे अधिक वही प्राथमिकता और प्रतिनिधित्व देती है। उपेंद्र कुशवाहा मोदी कैबिनेट में 2014 से 2018 तक मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने मानव संसाधन विकास मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। श्री कुशवाहा ने 10 दिसंबर 2018 को मोदी कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया और एनडीए से भी नाता तोड़ लिया। हालांकि अब बिहार चुनाव से पहले उनकी मोदी कैबिनेट में वापसी तय है। 2024 में जब एनडीए की सरकार बनी तो उसमें बिहार से 8 मंत्री बनाए गए। इनमें 4 कैबिनेट और 4 राज्य मंत्री बने हैं। जीतन राम मांझी, चिराग पासवान, ललन सिंह और गिरिराज सिंह को केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वहीं रामनाथ ठाकुर, सतीश चंद्र दुबे, राजभूषण चौधरी निषाद और नित्यानंद राय को राज्यमंत्री बनाया गया है।

पटना में सनातन महाकुंभ 6 को

पटना(नबिटा ब्यूरो)। भगवान परशुराम जन्म महोत्सव के समापन अवसर पर 6 जुलाई 2025 को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में सनातन महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है जिसकी जानकारी पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि इस महायोजन का उद्देश्य भारत की सनातन चेतना को जागृत करना, सामाजिक समरसता को प्रोत्साहित करना और सांस्कृतिक एकता को सशक्त रूप देना है। इस महाकुंभ का आयोजन श्री राम कर्मभूमि न्यास द्वारा किया जा रहा है, जो वर्षों से भारतीय आध्यात्मिक पुनरुत्थान एवं सांस्कृतिक जागरण के लिए समर्पित है। इस महाकुंभ में देशभर से प्रतिष्ठित शंकराचार्यगण, जगद्गुरु, महामंडलेश्वर, मठाधीश, संत-आचार्य, तथा विविध सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाएं भाग लेंगी। इस अवसर पर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य की विशिष्ट उपस्थिति रहेगी।

प्रतिज्ञा योजना से आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुखी बनेंगे युवा : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना से सूबे के युवा आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुखी बनेंगे। बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि मुझे यह बताते प्रसन्नता हो रही है कि सात निश्चय-2 के तहत बिहार के युवाओं को उन्नत कौशल, बेहतर रोजगार क्षमता, नेतृत्व विकास, सशक्त नेटवर्किंग और करियर संवर्द्धन के नए अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा (सीएम प्रमोशन ऑफ रेडिनेस, अवेयरनेस एंड टेक्निकल इनसाइट फॉर गाइडिंग यूथ एडवासमेंट) योजना के क्रियान्वयन की कैबिनेट ने मंजूरी देते हुए राशि स्वीकृत कर दी है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि यह योजना युवाओं को अपना भविष्य संवारने के लिए उपयोगी साबित होगी। इस योजना में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए 12वीं पास प्रशिक्षित युवाओं को 4000, आईटीआई या डिप्लोमा पास युवाओं को 5000 एवं स्नातक या स्नातकोत्तर पास इंटर्नशिप करने वाले युवाओं को मासिक 6000 रुपये की राशि दी जाएगी। राज्य के एक लाख युवाओं को 2025-26 से 2030-31 तक विभिन्न संस्थानों में इंटर्नशिप कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा कि राज्य सरकार की इस दूरदर्शी और नवाचारी पहल का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर, दक्ष और रोजगारोन्मुखी बनाना है ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो। हमलोग युवाओं को सक्षम बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं।

विशाल सिंह बने बिस्कोमान के नये अध्यक्ष

पटना(नबिटा ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी के नेता और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ के चेयरमैन विशाल सिंह बिहार स्टेट कोआपरेटिव मार्केटिंग यूनियन (बिस्कोमान) के अध्यक्ष बन गए हैं। बिस्कोमान के संस्थापक तपेश्वर सिंह के पोते और दिग्गज सहकारिता नेता अजित सिंह के बेटे विशाल सिंह ने 21 साल से बिस्कोमान पर काबिज राजद नेता सुनील सिंह की पत्नी को हराकर यह चुनाव जीता है। हाईकोर्ट से चुनाव नतीजों पर रोक हटने के बाद पटना के डीएम ने रिजल्ट जारी कर दिया है। विशाल के साथ महेश राय उपाध्यक्ष चुने गए हैं। विशाल भाजपा के दबंग नेता ब्रृजभूषण शरण सिंह के दामाद भी हैं। विशाल अपने परिवार की तीसरी पीढ़ी हैं, जो सहकारिता राजनीति में पूरेदम-खम से उतर गए हैं। दो साल पहले ही वो एनसीसीएफ के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए थे। उनके दादा तपेश्वर सिंह बिस्कोमान के संस्थापकों में थे और लंबे समय तक इसके अध्यक्ष रहे।

हाइवा से कुचलकर बुजुर्ग की मौत

बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)। सिंघौल थाना क्षेत्र में डुमरी के पास बुधवार को गुप्ता-लखमिनियां बांध पर तेज रफ्तार हाइवा से कुचलकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई। कहा जा रहा है कि हादसे के बाद परिजन और स्थानीय लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। इसके बाद स्थानीय थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और जाम हटाने को कहा। इस दौरान आक्रोशितों और थानाध्यक्ष के बीच नोक-झोंक भी हुई। मृतक की पहचान मटिहानी थाना क्षेत्र के मटिहानी पंचायत-दो स्थित जिल्ला पुनर्वास के रहने वाले राम अवतार शर्मा के पुत्र ब्रह्मदेव शर्मा के रूप में की गई है। वे अपने ससुराल बीहट जा रहे थे तभी पीछे से आ रहे हाइवा ट्रक ने कुचल दिया जिससे मौके पर ही मौत हो गई।

चुनाव संबंधी फेक न्यूज फैलाने से बचें : सीइओ

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार विधानसभा चुनाव की तारीख को लेकर कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भ्रामक खबरें प्रसारित की जा रही हैं। इन खबरों में दावा किया गया है कि बिहार विधानसभा चुनाव छह चरणों में 21 अक्टूबर से 20 नवंबर के बीच होंगे और मतगणना 24 नवंबर को की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग ने इन खबरों को पूरी तरह से असत्य और भ्रामक करार दिया है। आयोग ने एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्पष्ट किया है कि फ़ेक न्यूज से बचें। आयोग की आधिकारिक घोषणा के बिना किसी भी चुनावी तारीख का प्रचार करना गैरकानूनी है। इससे मतदाता भ्रमित हो सकता है। चुनाव आयोग ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अनौपचारिक या सोशल मीडिया स्त्रोत से प्राप्त चुनाव कार्यक्रम की जानकारी पर विश्वास न करें। चुनाव आयोग ने कहा है कि यह खबर पूरी तरह फर्जी है और जनहित में इसे नजरअंदाज किया जाना चाहिए। यदि आपके पास किसी भी प्रकार की संदिग्ध सूचना हो तो उसे साझा करने से पहले उसकी पुष्टि करें और फ़ेक न्यूज फैलाने से बचें। यह जानकारी बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा दी गई है।

बिहार-झारखण्ड का अपना हिन्दी अखबार

NBT नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

गौरवपूर्ण 36 वर्ष

नवबिहार टाइम्स के 36 वें स्थापना दिवस पर

सम्मान-सह सांस्कृतिक समारोह

तिथि एवं समयः 6 जुलाई 2025 (रविवार), संध्या 6.30 बजे से

स्थान-नगर भवन, औरंगाबाद

आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

संपर्क सूत्र : 7295863300, 6206165107

विनीतः डॉ. कमल किशोर, संपादक-प्रकाशक

नीतीश सरकार में घर बैठे ऑनलाइन बन रहा राशन कार्ड

लंबी कतारों में लगकर नहीं करें समय बर्बाद, राज्य में राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया हुई आसान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में नीतीश सरकार ने आम लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पहले की सरकार में जहां जरूरी दस्तावेज बनवाने के लिए घंटों कतार में खड़े रहने की मजबूरी थी वहीं अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जरूरी दस्तावेज घर बैठे ऑनलाइन ही बनवाए जा रहे हैं। आवासीय, आय, चरित्र और जाति सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों के अलावे अब आप घर बैठे ऑनलाइन राशन कार्ड बनवा सकते हैं। यह सुविधा न केवल समय की बचत करेगी बल्कि लोगों को दफ्तरों के चक्कर और लंबी कतारों से भी मुक्ति दिलाएगी। अब योग्य लाभार्थी अब घर बैठे आसानी से अपना राशनकार्ड बनवा सकते हैं। सरकार ने नया राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया है। इसके आवेदन के लिए वेबसाइट पर जाना होगा। वहां 'न्यू यूजर साइन अप फॉर मेरी पहचान' पर क्लिक कर रजिस्ट्रेशन करना होगा। यहां परिवार के किसी सदस्य के नाम से फॉर्म भरने के बाद मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के जरिए रजिस्ट्रेशन पूरा होगा। इसके बाद नई आईडी और पासवर्ड से लॉगिन कर आवेदन पत्र भरा जा सकता है। 'वन नेशन वन राशन कार्ड' के तहत राशन कार्ड धारक बिहार में या राज्य के बाहर किसी भी राशन की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। अब तक बिहार के 89 लाख से ज्यादा राशन कार्ड धारकों ने वन नेशन वन राशन कार्ड योजना का लाभ उठाया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आने वाले सभी पात्र लाभार्थी 'वन नेशन वन राशन कार्ड' के तहत पोर्टेबिलिटी के माध्यम से राज्य के अंदर किसी भी जन वितरण प्रणाली की दुकान से या राज्य के बाहर किसी भी जन वितरण प्रणाली की दुकान से इसका लाभ ले सकते हैं।

राशन कार्ड से मिलनेवाली सुविधा के अंतर्गत हर महीने अंत्योदय अन्न योजना से आच्छादित परिवारों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न (7 किलो गेहूं और 28 किलो चावल) और पूर्विकताप्राप्त गृहस्थी के प्रत्येक लाभार्थी को 5 किलोग्राम खाद्यान्न (1 किलो गेहूं और 4 किलो चावल) मुफ्त उपलब्ध कराया जा रहा है। इतना ही नहीं अब राशन कार्ड के तहत गेहूं और चावल के अतिरिक्त दाल, नमक और तेल जैसी आवश्यक चीजें भी मिल रही हैं। 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013' के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में क्रमशः 85.12 प्रतिशत और 74.53 प्रतिशत जनसंख्या अर्थात कुल 8.71 करोड़ आबादी को कवर करने के लक्ष्य के मुकाबले वर्तमान में पूर्विकताप्राप्त गृहस्थी और अंत्योदय अन्न योजना से आच्छादित परिवारों के कुल 8.35 करोड़ लाभार्थियों को 51,185 जन वितरण प्रणाली की दुकानों के माध्यम से प्रतिमाह मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। ऑनलाइन राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रक्रिया में परिवार के सदस्यों की जानकारी दर्ज कर आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, निवास प्रमाण पत्र, परिवार का फोटो, आवेदक के हस्ताक्षर का फोटो तथा यदि शर्तें लागू हो तो दिव्यांगता, आय या जाति प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित फोटोकॉपी अपलोड करनी होगी। आवेदन जमा करने के बाद रेफरेंस नंबर मोबाइल पर एसएमएस के जरिए प्राप्त होगा जिससे आवेदन की स्थिति को ट्रैक किया जा सकेगा। ऑनलाइन राशन कार्ड बनवाने की सुविधा आम लोगों के समय और संसाधनों की बचत करेगी।

बिहार कांग्रेस ने तीन नेताओं को कारण बताओ नोटिस किया जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने आज पार्टी के तीन नेताओं राज कुमार शर्मा (शेखपुरा), कुंदन गुप्ता (लखीसराय) और रामचंद्र पासवान (वैशाली) को पार्टी नीतियों और अनुशासन की गंभीर उल्लंघन के के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई पार्टी के निर्णयों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयानबाजी और प्रदर्शन के संबंध में की गई है। कार्यालय द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, 20 जून, 2025 को पार्टी मुख्यालय, सदाकत आश्रम में पार्टी के निर्णयों के विरुद्ध बैनर लगाए गए थे। इस दौरान इन नेताओं द्वारा मीडिया में बयान दिए गए और सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए जिसे स्पष्ट रूप से पार्टी अनुशासन का उल्लंघन माना गया।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान आज करेंगे 'सचित्र रामकथा' का विमोचन

105 प्रेरक कहानियों से सजी है बाल-मन की रामायण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। रामकथा की सांस्कृतिक परंपरा को बाल मन की सरलता और रंगों की कल्पना से जोड़ने वाली एक अनुपम कृति 'सचित्र रामकथा' का विमोचन 3 जुलाई को बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान करेंगे। गणेश खेतड़ीवाल की वर्षों की साधना और सृजनशीलता से बनी यह पुस्तक बच्चों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों से जोड़ने का भावनात्मक प्रयास है। सचित्र रामकथा बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है। इसमें कुल 105 प्रसंगानुसार कहानियां अत्यंत सरल, सुबोध भाषा में प्रस्तुत की गई हैं। प्रत्येक कहानी को कथ्य के अनुसार आकर्षक, कलात्मक और रंगीन चित्रों से सजाया गया है जिससे बाल पाठकों को कथानक के साथ आत्मीय जुड़ाव हो सकेगा। रामकथा भारतीय संस्कृति और संस्कार का मूल स्रोत मानी जाती है और इस पुस्तक के माध्यम से उस दिव्यता को नई पीढ़ी तक सहज रूप में पहुंचाने का प्रयास किया गया है। पारंपरिक शिल्प और आधुनिक प्रस्तुति शैली के इस सुंदर मेल ने 'सचित्र रामकथा' को न सिर्फ पठनीय, बल्कि संग्रहणीय भी बना दिया है।

एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 ने किया बीएमडी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

100 से अधिक लोगों ने कराया हड्डियों का परीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय, शास्त्री नगर, पटना में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के बेहतर स्वास्थ्य और जागरूकता के लिए आज एक विशेष बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी) स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर एनटीपीसी स्वास्थ्य संभाग द्वारा फोर्ड हॉस्पिटल, पटना के सहयोग से प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित किया गया जिसमें कर्मचारियों और उनके परिजनों ने हड्डियों की जांच कराकर लाभ उठाया। इस स्क्रीनिंग कैंप का शुभारंभ एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक सुदीप नाग ने महाप्रबंधक

(मानव संसाधन) अनिल कुमार चावला, क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी. पी. समंता, विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में फीता काटकर किया।

शुभारंभ अवसर पर अपने वक्तव्य में सुदीप नाग ने कहा एनटीपीसी अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। स्वस्थ शरीर ही खुशहाल जीवन की नींव है। ऐसे शिविरों के माध्यम से हम समय रहते हड्डियों की समस्याओं की पहचान कर सकते हैं और उचित परामर्श देकर कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे। शिविर में फोर्ड हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मणि आनन्द एवं डायटीशियन मीना सेठ द्वारा उपस्थित लोगों को हड्डियों से संबंधित रोगों की रोकथाम, खानपान एवं जीवनशैली संबंधी परामर्श भी दिया गया। इस अवसर पर सुजाता महिला क्लब की सचिव करुणा चावला, सभी विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारीगण, उनके परिजन तथा सहयोगी एजेंसियों के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। एनटीपीसी के इस प्रयास से 100 से अधिक कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराकर जरूरी सलाह प्राप्त की जिससे उनकी हड्डियों के स्वास्थ्य की जानकारी मिली और भविष्य में होने वाली समस्याओं की रोकथाम की दिशा में कदम उठाने में मदद मिलेगी।

बिहार में डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन

मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले प्रदर्शनकारियों को जेपी गोलंबर पर रोका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में डोमिसाइल (स्थानीय) नीति लागू करने की मांग को लेकर बुधवार को छात्र एक बार फिर राजधानी पटना में सड़कों पर उतर आए। सरकारी नौकरियों में स्थानीय नीति लागू करने की मांग को लेकर पटना कॉलेज से शुरू हुआ छात्रों का प्रदर्शन शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जेपी गोलंबर तक पहुंचा। वे मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले थे। लेकिन प्रशासन हाई अलर्ट पर था और उसने छात्रों को जेपी गोलंबर से आगे नहीं बढ़ने दिया। हजारों छात्रों ने 'वोट दे बिहारी, नौकरी ले बाहरी, अब नहीं चलेगा' जैसे नारे लगाते हुए बिहार सरकार से नौकरियों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने की मांग कर रहे थे। छात्र नेता दिलीप कुमार के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी मांग कर रहे थे कि सरकारी नौकरियों में 90 फीसदी और प्राथमिक शिक्षा में 100 फीसदी डोमिसाइल नीति लागू हो। उनका कहना है कि बिहार में बेरोजगारी और युवाओं का पलायन बढ़ रहा है क्योंकि स्थानीय लोगों को नौकरियों में प्राथमिकता नहीं मिल रही। वहीं प्रदर्शनकारियों ने पड़ोसी राज्यों जैसे झारखंड और उत्तराखंड का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां डोमिसाइल नीति लागू होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है। उधर प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए पटना प्रशासन ने भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया था। जेपी गोलंबर और अन्य प्रमुख मार्गों पर बैरिकेड्स लगाए गए थे, लेकिन छात्रों ने मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च करने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की झड़प भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने पोस्टर-बैनर के साथ मार्च निकालते हुए सरकार से यह भी अपील की कि बिहार के संसाधनों और नौकरियों पर पहला अधिकार स्थानीय युवाओं का होना चाहिए। उनका कहना है कि जब तक सरकार इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख नहीं अपनाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलनकारियों की मांग थी कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद सामने आकर डोमिसाइल नीति पर सरकार का रुख स्पष्ट करें। इससे पहले भी पटना में डोमिसाइल नीति को लेकर कई बार छात्र प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन इस बार का आंदोलन बड़े स्तर पर आयोजित किया गया है। इसे 'महान छात्र आंदोलन' का नाम दिया गया था। बताया जा रहा है कि प्रदर्शकारी छात्र गांधी चौक, मुसल्लहपुर हाट, भिखना पहाड़ी, नया टोला, मछुआ टोली, हथुआ मार्केट होते हुए गांधी मैदान, जेपी गोलंबर, डाक बंगला होते हुए मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले थे। सैकड़ों छात्र अलग-अलग जिले से पटना पहुंचे थे। छात्रों की मांग है कि शिक्षक भर्ती परीक्षा में 100 प्रतिशत डोमिसाइल लागू किया जाए। साथ ही माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों की भर्ती, दारोगा, सिपाही, लाइब्रेरियन, बीपीएससी और अन्य सभी सरकारी नौकरियों में भी 90 प्रतिशत डोमिसाइल लागू हो।

दो माह में ही बिहार आर्टिस्ट रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर आए हजारों आवेदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में कलाकारों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार ने एक अहम पहल करते हुए बिहार आर्टिस्ट रजिस्ट्रेशन पोर्टल की शुरुआत की है। पोर्टल को लॉन्च हुए अभी ढाई महीने ही हुए हैं, लेकिन इतने कम समय में ही यह कलाकारों के बीच अत्यंत लोकप्रिय हो गया है। राज्य भर से अब तक कुल 1368 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं जिनमें से 65 आवेदनों को तकनीकी त्रुटियों के कारण अस्वीकार कर दिया गया है। पंजीकरण के मामले में मधुबनी जिला सबसे आगे है जहां से 225 कलाकारों ने आवेदन किया है। सहरसा जिला 166 आवेदनों के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि राजधानी पटना से 41 कलाकारों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। यह पहल राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और कलाकारों को सशक्त मंच उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। गौरतलब है कि इस पोर्टल की शुरुआत 15 अप्रैल को बिहार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री मोतीलाल प्रसाद ने की थी। पोर्टल के माध्यम से शास्त्रीय, लोक, समकालीन, दृश्य और प्रदर्शन कलाओं से जुड़े कलाकार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। प्रक्रिया अत्यंत सरल और मोबाइल फ्रेंडली है। पंजीकरण के पश्चात प्रत्येक कलाकार को एक विशिष्ट पहचान संख्या (यूनिक आईडी) प्रदान की जाती है जो भविष्य में सरकारी योजनाओं, पुरस्कारों, प्रशिक्षणों और सांस्कृतिक आयोजनों में भाग लेने के लिए अनिवार्य होगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना शुरू की है। इस योजना के तहत 50 वर्ष से अधिक आयु के उन कलाकारों को पेंशन दिया जाएगा जिनकी सालाना आय 1.20 लाख रुपये से कम है। इस योजना का लाभ लेने के लिए कलाकारों का बिहार आर्टिस्ट रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है, साथ ही उन्हें अपनी कला विधा में प्राप्त अनुभव का प्रमाण भी प्रस्तुत करना होगा। यह पहल न केवल कलाकारों को पहचान दिलाने का माध्यम है, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक विरासत को भी नई ऊर्जा प्रदान करने वाला कदम है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम 4 जुलाई को जिलाध्यक्षों के साथ करेंगे बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने चार जुलाई को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में महत्वपूर्ण बैठक आहुत कर रही है जिसमें सभी जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष शामिल होंगे। यह बैठक 4 जुलाई 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पार्टी कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करने

वाली है। प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह बैठक अत्यंत आवश्यक है और सभी जिलाध्यक्षों व कार्यकारी अध्यक्षों से इसमें अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

विधानसभा परिसर में बनेगा अत्याधुनिक डिजिटल म्यूजियम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधान मंडल परिसर में जल्द ही एक अत्याधुनिक डिजिटल म्यूजियम बनाया जाएगा। यह म्यूजियम 1.74 एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा और इसकी अनुमानित लागत 48.76 करोड़ रुपये से अधिक होगी। भवन निर्माण विभाग को इस परियोजना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ठेकेदार चयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा। यह म्यूजियम बिहार की समृद्ध राजनीतिक और विधायी विरासत को डिजिटल रूप में संरक्षित कर भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का एक अनूठा प्रयास होगा। म्यूजियम में बिहार विधानसभा के गठन से लेकर अब तक के सभी मुख्यमंत्रियों, विधानसभा अध्यक्षों और विधायकों की जानकारी डिजिटल रूप में प्रदर्शित की जाएगी। इसके अलावा पिछले 100 वर्षों के विधानमंडल के इतिहास और बिहार विधानसभा द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों को भी आधुनिक तकनीक के माध्यम से जीवंत किया जाएगा।

कुमार रवि ने बताया कि यह एक मंजिला भवन होगा जिसमें पांच आकर्षक गैलरियां होंगी। इनमें बिहार की विधायी यात्रा को दर्शाने वाले डिजिटल दस्तावेज और प्रदर्शन होंगे जो आगंतुकों के लिए काफी प्रेरणादायक होंगे। इस म्यूजियम में 356 लोगों की क्षमता वाला एक आधुनिक ऑडिटोरियम और 50 लोगों की क्षमता वाला एक मीडिया गैलरी भी होगा। इसके अतिरिक्त 50 लोगों के लिए एक कांफ्रेंस हॉल भी बनाया जाएगा। यह परियोजना न केवल ऐतिहासिक दस्तावेजों का डिजिटल संग्रह होगा, बल्कि बिहार की राजनीतिक परंपरा को सहेजने और इसे शिक्षात्मक और प्रेरणादायक बनाने का केंद्र भी बनेगा। विधानसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में इस परियोजना को तेजी से पूरा करने के लिए भवन निर्माण विभाग सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

लायंस क्लब ऑफ पटना नव्या ने डॉक्टर्स डे पर आयुर्वेदाचार्य को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। लायंस क्लब ऑफ पटना नव्या के प्रेसिडेंट निर्भय कुमार ने आज डॉक्टर्स डे के अवसर पर प्रख्यात आयुर्वेदाचार्य समाजसेवी एवं दुबे क्लीनिक के निदेशक डॉ सुनील कुमार दुबे को शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मोमेंटो देकर निर्भय कुमार ने कहा कि डॉ दूबे एक प्रख्यात आयुर्वेद विशेषज्ञ ही नहीं बल्कि समाजसेवी भी है। आयुर्वेद एवं समाजसेवा के क्षेत्र में इनका योगदान सराहनीय है। इस अवसर पर डॉ सुनील दुबे ने विश्व के सभी चिकित्सको को डॉक्टर्स डे की बधाई देते हुए इस सम्मान के लिए लायंस क्लब आफ पटना नव्या के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज हमें पीड़ित व्यक्तियों की सेवा करने का प्रण लेना चाहिए। एक स्वास्थ्य समाज से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। अतः समाज के प्रति डाक्टरों की महती भूमिका है। डॉक्टरों को अपनी इस महती जिम्मेदारी के प्रति और अधिक जागरूक एवं सचेत होना होगा। उन्होंने कहा कि रोगी के लिए डॉक्टर भगवान का रूप होता है। डॉ. दुबे ने लायंस क्लब के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुये कहा

देशी मछली पालन योजना से आत्मनिर्भर बनेंगे मत्स्य किसान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार द्वारा मत्स्य क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं की शुरूआत, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग अंतर्गत मत्स्य निदेशालय द्वारा की जा रही है। राज्य के मत्स्य कृषकों के लिए देशी मछली पालन का सुनहरा अवसर के तहत मत्स्य प्रजाति का विविधिकरण की योजना शुरू की गई हैं इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के जलसंपदाओं में मौजूद देशी प्रजाति के संभाव्य 'माइनर कार्प' एवं 'कैट फिश' की विकसित हैचरी तकनीकी से बीज उत्पादन कर समुचित दर पर मत्स्य कृषकों को उपलब्ध कराना तथा इसके पालन को बढ़ावा देना है। इस योजना का उदेश्य माइनर कार्प एवं वायु-श्वासी मछली को बढ़ावा देना, संरक्षण एवं संवर्द्धन के साथ-साथ मत्स्य उत्पादकता तथा किसानों के वार्षिक आय में वृद्धि एवं सुदूर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना है। इस योजनानतर्गत सभी वर्गों के लाभुकों एवं सभी अव्यवों के लिए निर्धारित इकाई लागत का 60 प्रतिशत सब्सिडी दी जा

रही है तथा शेष राशि लाभार्थी के द्वारा स्वयं अथवा बैंक ऋण से वहन किया जाएगा। मत्स्य प्रजाति का विविधिकरण की योजना के तहत जिन चार श्रेणियों में अनुदान दिया जाता है, उसमें पहली श्रेणी माइनर कार्पा हैचरी का अधिष्ठापन पर इकाई लागत इनपुट सहित रूपये 13.12 लाख प्रति इकाई है। वहीं दूसरी श्रेणी कैटफिश का अधिष्ठापन पर ईकाई लागत इनपुट सहित रूपये 15.37 लाख प्रति ईकाई, तीसरी श्रेणी माइनर कार्प 'पालन मार्तस्यिकी' की योजना है, इसमें ईकाई लागत इनपुट सहित रूपये 0.94 हजार प्रति इकाई है तथा चौथी श्रेणी में कैट फिश एवं अन्य मछलियों की 'पालन मात्स्यिकी' की योजना है जिसमें इकाई लागत रूपये 1.35 लाख प्रति इकाई है। यह योजना राज्य के सभी जिलों में क्रियान्वित है। इस योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन प्राप्त की जा रही है तथा आवेदक के द्वारा हैचरी अथवा 'पालन मात्स्यिकी' में से किसी एक अवयव का ही आवंटन सब्सिडी हेतु अनुमान्यता होगी साथ ही एक व्यक्ति प्रति परिवार को अधिकतम 01 एकड़ तथा न्यूनतम 0.25 एकड़ जलक्षेत्र की आवश्यकता होगी। सभी इच्छुक लाभार्थी 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते है।

बिहार में खेलों की असीम संभावनाएं, युवाओं को मिलेगा प्रोत्साहन और संसाधन : सुरेन्द्र मेहता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने कहा कि 'बिहार की मिट्टी में अपार खेल प्रतिभा है जिसे सिर्फ सही दिशा और संसाधनों की जरूरत है।' वे राजधानी पटना में देश की अग्रणी स्वदेशी खेल परिधान निर्माता कंपनी शिव नरेश स्पोर्ट्स प्रा. लि. के रीजनल वेयरहाउस के उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। यह दिल्ली के बाहर कंपनी का पहला वेयरहाउस है जो पूर्वी भारत के खिलाड़ियों और डीलरों के लिए एक नई सुविधा लेकर आया है। मंत्री मेहता ने कहा कि बिहार के युवाओं ने खेल के हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। आज हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर

रहे हैं। ऐसे में राज्य सरकार की यह प्राथमिकता है कि उन्हें विश्वस्तरीय संसाधन, प्रशिक्षण और अवसर मिले। उन्होंने शिव नरेश वेयरहाउस की स्थापना को बिहार के खेल उद्यमियों और खिलाड़ियों के लिए 'उत्कृष्ट अवसर' बताया और कहा कि इससे न सिर्फ खेलों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि राज्य में खेल से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा। मंत्री ने भरोसा जताया कि इससे स्थानीय खेल संसाधनों की उपलब्धता बेहतर होगी और ग्रामीण क्षेत्रों तक खेल संस्कृति को प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में कंपनी के प्रबंध निदेशक शिव प्रकाश सिंह ने भी कहा कि 'पटना में वेयरहाउस खोलना हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का हिस्सा है।' उन्होंने बताया कि यह केंद्र पूर्वी भारत में स्टॉक की तेज डिलीवरी, स्थानीय कोचिंग संस्थानों को बेहतर सप्लाई और खिलाड़ियों को समय पर किट उपलब्ध कराने में सहायक होगा।

पंचकल्याणक के दिव्य उत्सव में केवल ज्ञान की ज्योति से आलोकित हुआ तीर्थ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी द्वारा श्री 1008 चन्द्रप्रभु पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का दिव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आत्मशुद्धि की पंचधारा बनकर जैन समाज और नगरवासियों के हृदय में अमिट छाप छोड़ गया। कमिटी के मानद सचिव पराग जैन ने बताया कि श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र खाजेकलां की पावन भूमि पर तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत पंचकल्याणक के पांचों महान क्षणों–गर्भ, जन्म, तप, केवलज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक की अद्भुत झांकियां प्रस्तुत हुईं। इस आयोजन का तीसरा दिन बुधवार को आत्मशुद्धि, संयम और मोक्षमार्ग की दिव्य अनुभूतियों से भरा रहा। आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर इस पावन

दिवस पर श्रद्धालुओं ने जिनशासन की गौरवगाथा को साक्षात महसूस किया। मौके पर प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष मुकेश जैन ने बताया कि दिन की शुरुआत प्रातः 5:30 बजे जिनेंद्र भगवान के अभिषेक, शांतिधारा एवं तप कल्याणक पूजन से हुई। मंत्रोच्चार और विश्वशांति महायज्ञ के जाप से समस्त वातावरण गुंजायमान हो उठा। सुबह 8 बजे महामुनिराज की विधिपूर्वक आहारचर्या सम्पन्न हुई। श्रद्धाभाव से पूज्य मुनिराज को आहार समर्पित करने का सौभाग्य पाकर श्रद्धालु धन्य हुए। इसके बाद सुबह 9:30 बजे ध्यान साधना के अद्वितीय क्षणों में महामुनिराज ने भगवान के केवलज्ञान की दिव्य उपलब्धि के बारे में बताया।

कैंसर के मरीजों के व्यापक हित में भारतीय रेल ने किया दिशा-निर्देश जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। भारतीय रेल द्वारा टाटा मेमोरियल सेंटर अस्पताल, राष्ट्रीय महत्व के चिकित्सा संस्थानों, सरकारी अस्पतालों और रेलवे द्वारा सूचीबद्ध अस्पतालों में कैंसर रोगी मरीजों के बेहतर इलाज के लिए नए प्रावधान किए गए हैं। सभी कैंसर मामलों में रेफरल/प्रतिपूर्ति आदि के लिए एक रेलवे डॉक्टर को नोडल प्राधिकारी के रूप में नामित किया जाएगा। सेवारत रेलवे कर्मचारी और उनके आश्रित लाभार्थी एवं रेलवे पेंशनभोगी यूएमआईडी कार्ड लाएंगे और लाभार्थी की पात्रता रेफरल यूएमआईडी में इंगित की जाएगी। चल रहे उपचार (जहां पिछला रेफरल दिया गया हो) के संबंध में फॉलोअप उपचार के लिए दोबारा रेफरल की आवश्यकता नहीं होगी। रोगी अपने यूएमआईडी कार्ड द्वारा टाटा मेमोरियल अस्पताल/राष्ट्रीय महत्व के चिकित्सा संस्थानों/सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम के तहत् सूचीबद्ध अस्पतालों रेलवे से सूचीबद्ध चिकित्सा संस्थानों में सीधे इलाज के लिए जा सकते हैं। रेलवे डॉक्टर द्वारा कैंसर रेफरल की वैधता 90 दिनों की अवधि के लिए होगी और रेफरल की 90 दिनों की अवधि के दौरान रोगी दो और विशेषज्ञों से परामर्श कर सकता है यानी कुल तीन विशेषज्ञों द्वारा। यदि प्राथमिक विशेषज्ञ द्वारा सिफारिश की जाती है तो इसे 3 महीने की अवधि के दौरान अधिकतम 6 परामर्श तक की अनुमति दी जा सकती है।

महिला आरपीएफ कर्मियों की सुविधा को लेकर समस्तीपुर स्टेशन पर आरपीएफ महिलाकर्मियों के लिए खुला महिला बैरक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। रेलवे सुरक्षा बल में विभिन्न पदों पर महिला आरपीएफ कर्मचारी को तैनात किया जाता है। रेल सुरक्षा बल की इन महिला कर्मी का यात्री सुविधा के साथ-साथ यात्रियों की सुरक्षा विशेषकर महिला रेल यात्रियों की सुरक्षा में अहम् योगदान रहता है। कार्य अवधि के पश्चात् उन्हें सुरक्षित और आरामदायक माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर स्टेशन पर 'जानकी महिला बैरक' खोला गया है। बैरक के चालू हो जाने से रेल सुरक्षा बल की महिला कर्मियों को सुविधा हो रही है। पूर्णतया वातानुकूलित इस

बैरक में 15 बेड (व्यक्तिगत अलमीरा सहित), स्वच्छ पेयजल, मनोरंजन हेतु 55 इंच का टीवी, फ्रीज, सभी सुविधाओं से युक्त मॉड्यूलर किचन, वाशिंग मशीन सहित आमतौर पर रहने के लिए आवश्यक सभी सुविााएं उपलब्ध करायी गयी हैं।

मोहर्रम को लेकर डीएम-एसपी ने की अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। बिक्रमगंज शहर के अजीत ऑडिटोरियम में बुधवार को डीएम उदिता सिंह और एसपी रौशन कुमार ने अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कहा कि डीजे का पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जुलूस के दौरान यातायात बाधित नहीं हो और निर्धारित समय और मार्ग से जुलूस निकालनी होगी जिससे किसी को परेशानी नहीं हो। जुलूस में समय सीमा और निर्धारित रूट की ध्यान जरूर रखें। साथ ही सभी वोलेंटियर को आईकार्ड दें

जिससे उनकी पहचान हो और अधिकारी जरूरत के अनुसार उनसे समन्वय स्थापित की जा सके। बैठक में बिक्रमगंज के एसडीएम प्रभात कुमार, एसडीपीओ कुमार संजय, डीसीएलआर संतोष कुमार सहित अनुमंडल क्षेत्र के बीडीओ, सीओ सहित कई अधिकारी, विभिन्न मोहर्रम कमिटी के खलीफा के अलावा अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थाना के थानाध्यक्ष व पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। डीएम और एसपी ने अनुमंडल क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को ब्रीफिंग किया और शांतिपूर्ण मोहर्रम सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखें। किसी अफवाह के झांसे में नहीं आएं। किसी भी तरह की आशंका होने पर वहां तैनात अधिकारियों को सूचना दें जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। एसपी ने अधिकारियों से कहा कि संदिग्धों पर पैनी नजर रखें। शांति भंग करने के प्रयास करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इस दौरान सोशल मीडिया पर भी पुलिस की नजर रहेगी।

अब्दुल कयूम अंसारी का देश के लिए योगदान किसी से छिपा नहीं : डॉ निर्मल कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। पूर्व मंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कयूम अंसारी की 120वीं जयंती समारोह नील कोठी स्थित चंद्रराज वाटिका में अंसार कांफ्रेंस के अध्यक्ष मुमताज अंसारी के नेतृत्व में मनाया गया। मुख्य अतिथि जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ निर्मल कुशवाहा ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत कहा कि पूर्व मंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कलाम अंसारी का देश के लिए योगदान किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने हमें कई सीख दिए हैं। उनका जन्म 1 जुलाई 1905 को डिहरी ऑन-सोन में अंसारी परिवार में हुआ था। उन्होंने सासाराम डिहरी

हाई स्कूल में अध्ययन करने के बाद उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कोलकाता विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त की। यह बहुत कम उम्र में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हो गए थे। वह एक कुशल पत्रकार लेखक और कवि थे। अब्दुल कलाम अंसारी गरीबों और वंचितों के समर्थक थे, उन्होंने शिक्षा और साक्षरता के प्रचार के लिए काम किया। उन्होंने कश्मीर पर पाकिस्तान के आक्रमण के दौरान वे इसकी निंदा करने वाले भारत के पहले मुस्लिम नेता के रूप में आगे आए और भारत के सच्चे नागरिक के रूप में इस तरह के आक्रमणों का मुकाबला करने के लिए मुस्लिम जनता को जागृत करने के लिए कड़ी मेहनत की। जयंती समारोह को जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, वार्ड पार्षद मुजिबुल हक अंसारी, अतहर इमाम अंसारी, मोहम्मद तरकीब आलम अंसारी, आलमगीर अंसारी, अनिल कुमार, भाजपा के नगर अध्यक्ष सुनीता कुमारी सहित कई लोगों ने अपने-अपने विचार प्रकट किये। इस मौके पर जावेद अंसारी, सरफराज अली, एजाज अंसारी, हामिद अंसारी, नवाब अख्तर अंसारी सहित कई उपस्थित थे।

दो जुलाई को होने वाली होमगार्ड की दक्षता परीक्षा अब 11 अगस्त को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। मूसलाधार बारिश के कारण पुलिस केंद्र डिहरी का मैदान तथा रनिंग ट्रैक जलमग्न हो गया था तथा मैदान में भारी फिसलन की स्थिति को देखते हुए विशेष परिस्थिति एवं अभ्यर्थियों की सुरक्षा को देखते हुए 2 जुलाई को रोहतास जिले के गृहरक्षकों की निर्धारित शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा को जिला समादेष्टा सह सदस्य सचिव जिला चयन समिति बिहार गृह रक्षा वाहिनी रोहतास के निदेशानुसार स्थगित किया गया है।

> डीपीआरओ आशीष रंजन द्वारा यह बताया गया कि समादेष्टा-सह-सचिव, जिला चयन समिति की ओर से बिहार गृह रक्षा वाहिनी की 30 जून की खबर को प्रकाशित करने हेतु प्रेषित किया गया पत्र मेरे कार्यालय को 2 जून को प्राप्त हुआ। प्रेस-विज्ञप्ति पर जो लाल स्याही से पत्र-प्राप्ति की तिथि 30 जून अंकित है, वह कार्यालय अधीक्षक के कार्यालय की तिथि है। बाद भी इसके विलम्ब के कारणों को दर्शा देना चाहिए था। बहरहाल जो हो, डीपीआरओ के अनुसार यह विज्ञप्ति कुछ देर से सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय को प्राप्त हुई है। अतएव इसमें कहीं से सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय जिम्मेदार नहीं दिखता।

अब यह शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा 11 अगस्त को पुलिस केंद्र डिहरी के मैदान में ससमय आयोजित किया जाएगा। प्रवेश पत्र में कोई परिवर्तन नहीं होगा इसके लिए पूर्व का प्रवेश पत्र ही मान्य होगा। 3 जुलाई से शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम तिथि एवं समय के अनुसार ही आयोजित होगी।

अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी (ग्रामीण)। पुलिस ने अवैध बालू की ढुलाई कर रहे ट्रैक्टर को जब्त किया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बढ़ई टोला मोहल्ले से अवैध बालू लदा हुआ एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त कर वाहन मालिक एवं उसके चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को आते देख ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने में सफल रहा।

तिलौथू में योग के नये केंद्र 'प्रगति योग एकेडमी' का संचालन शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तिलौथू (रोहतास)। स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और मानसिक-शारीरिक संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से योग गुरु मीनू कुमारी के द्वारा बाबूगंज, तिलौथू (रोहतास) स्थित प्रगति योग एकेडमी में नियमित योग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। यह एकेडमी जिओ ऑफिस के निकट स्थित है और विभिन्न आयु वर्ग के लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही है। योग प्रशिक्षकों द्वारा यहां आसन,

प्राणायाम, ध्यान और एडवांस योग प्रैक्टिस कराई जा रही है। यह एकेडमी स्वस्थ जीवन, फिटनेस, तनाव व डिप्रेशन से मुक्ति जैसे पहलुओं पर केंद्रित है। एकेडमी का उद्देश्य है - आओ हम सब योग करें, सद्मार्ग पर बढ़े चलें जिससे समाज में शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक जागरूकता लाई जा सके। प्रगति योग एकेडमी आज तिलौथू क्षेत्र में एक सकारात्मक पहल के रूप में उभर रही है जो स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक सद्भावना को भी मजबूत करने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य जंगलेश प्रसाद चौरसिया, आयुर्वेदाचार्य अजय गुप्ता, पत्रकार सत्यानंद कुमार, सासाराम से मनोज कुमार, राजेश कुमार, रवि कुमार, कंचन देवी, पटना से बिक्कू सर योगगुरु, राकेश पाल, संतोष कुमार, सुधीर गुप्ता सहित सैकड़ों विद्यार्थी एवं अभिभावक सम्मिलित हुए।

मोबाइल चोर को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के उप निरीक्षक शिवराज साह, प्रधान आरक्षी सुभाष चंद्र यादव तथा टास्क टीम के आरक्षी सर्वोदय पासवान, एवं आरक्षी उमेश कुमार सिंह संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन पर गश्त व आपराधिक गतिविधि निगरानी कर रहे थे। उसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 04/05 के पूर्वी छोर पर एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में जाते हुए देखा गया जिसे रोककर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सोम कुमार, उम्र 34 वर्ष, पिता किशोरी प्रसाद, ग्राम हसपुरा, थाना हसपुरा, जिला औरंगाबाद (बिहार) बताया तथा उक्त व्यक्ति की तलाशी लेने पर चोरी के 01 अदद एंड्राइड मोबाइल बरामद हुआ।

मानवता के स्तम्भ होते हैं डॉक्टर : अर्जुन गुप्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

काराकाट (रोहतास)। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर काराकाट प्रखंड के स्वास्थ्य उपकेंद्र सह आयुष्मान आरोग्य मंदिर मोथा में प्रतिनियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ) धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम) मीना कुमारी एवं सीमा कुमारी को उनके द्वारा उपकेंद्र पर किये गये अच्छे कार्यों के लिये अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने उन्हें अंग वस्त्र और चांदी का

कलम देकर सम्मानित किया। श्री गुप्ता ने बताया कि समाज में डॉक्टरों की बड़ी भूमिका होती है। वे अपना जीवन मरीजों की भलाई के लिए समर्पित करते हैं, बीमारी या स्थिति से तेजी से ठीक होने में सहायता करते हैं और उनके लाइफ क्वालिटी में सुधार करते हैं। वे मेडिकल साइंस को अच्छी तरह समझते हैं और मरीजों की मेडिकल कंडिशन का इलाज करने और जीवन प्रत्याशा बढ़ाने के लिए अपने ज्ञान को समर्पित करते हैं आज ऐसे कई डॉक्टर हैं जिन्होंने समाज में एक मानवता का अनूठा मिशाल कायम किया है हमें याद है वो करोना काल का दिन जब परिवार अपने करोना पीड़ित परिजन को छोड़ देते थे तो यही डॉक्टर मानवता का सहारा बन उनकी इलाज करते थे हां यह भी सत्य हैं कि आज भी ऐसे डॉक्टर हैं जो मानवता की आड़ में अपनी व्यापार संचालित करते हैं, लेकिन समाज को भी उन अच्छे डॉक्टर को समय-समय पर सम्मानित करने की जरूरत है। ताकि असल में मानवता के स्तंभ साबित होने वाले डॉक्टर को सम्मान बरकरार रहे।

सासाराम केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। सासाराम केमिस्ट्स एंड ड्रगिसट एसोसिएशन (जिला संगठन) कार्यकारिणी की बैठक बी सी डी ए सेंट्रल वेस्ट जोन के संयुक्त सचिव कमलेश कुमार सिन्हा के कंपनी सराय सासाराम स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता एसोशिएशन के अध्यक्ष रमाशंकर प्रसाद गुप्ता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के आम सभा सह चुनाव सत्र 2025-2028 को संपन्न कराने हेतु विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराने पर चर्चा की गई। एसोशिएशन के सचिव राजेश्वर सिंह ने 31 अगस्त 2025 को चुनाव कराने की बात कही जिसका सभी सदस्यों ने पूर्ण रूप से समर्थन किया। चुनाव पदाधिकारी के रूप में मुख्य चुनाव पदाधिकारी सुदामा सिंह, सहायक चुनाव पदाधिकारी दिलीप कुमार एवं भूप किशोर श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। चुनाव की प्रक्रिया बी सी डी ए के नये संविधान के प्रारूप के अनुसार संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से सेंट्रल वेस्ट जोन के संयुक्त सचिव कमलेश कुमार सिन्हा, ई सी मेम्बर संजय कुमार रौनियार, कोषाध्यक्ष कौशल किशोर श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष विद्या गांधी, संगठन सचिव शशिशेखर सिंह, चेनारी प्रखंड अध्यक्ष रजनीश कुमार पटेल, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार केशरी, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, रामनाथ प्रसाद गुप्ता, सुदामा सिंह, भूप किशोर प्रसाद श्रीवास्तव, श्याम सतेंद्र प्रसाद, रिंकू सिन्हा, दिलीप कुमार, गोवर्धन चौबे, रमेश सिंह, शशि कांत, किशोर चंद प्रसाद, रमेश यादव, राजेंद्र प्रसाद, पप्पू कुमार, संजय कुमार श्रीवास्तव सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

902 सिपाहियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया गया

गयाजी। पुलिस केंद्र, गया में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसमें आईजी क्षत्रनील सिंह, एसएसपी आनंद कुमार एवं सीटी एसपी रामानंद कुमार कौशल की उपस्थिति में 476 नवनियुक्त महिला सिपाहियों तथा 426 नवनियुक्त पुरुष सिपाहियों, कुल 902 सिपाहियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर सभी वरीय पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

TEACHERS REQUIRED

AMALTAS NIKETAN

(A Unit of Tilothu Mahila Mandal)

TILOTHU, ROHTAS

(Proposed to be affiliated to CBSE)

Invites application from qualified and experienced candidates for PRT, TGT and PGT teachers. **Qualifications:** As per CBSE Norms. Candidates can email their resume at admin@amaltasniketan.com

भाजपा सासाराम नगर पश्चिमी की बूथ सशक्तिकरण के लिए बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। भारतीय जनता पार्टी, सासाराम नगर पश्चिमी की बूथ सशक्तिकरण के निमित बैठक मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार सोनी की अध्यक्षता में बुधवार को बस्ती मोड़ स्थित शिवघाट सासाराम में हुई जिसमें जिला उपाध्यक्ष सह विधानसभा प्रभारी विजय सिंह, जिला मंत्री डॉ शिवनाथ चौधरी के नेतृत्व में पश्चिमी नगर मंडल के अंतर्गत सभी बूथों एवं शक्ति

केन्द्रों की समीक्षा कर प्रदेश व जिला के निर्देशानुसार सुनिश्चित कर बूथ का गठन हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी विजय सिंह ने मंडल के सभी पदाधिकारियों को कहा कि मतदाता पुनरीक्षण का कार्य आरंभ हो चुका है। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता पुनरीक्षण के दिशा- निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि नया व युवा मतदाताओं का नाम जुड़वाने, मृतक मतदाता, जो मतदाता स्थान बदल दिये हैं ऐसे मतदाताओं का नाम हटाने आदि पुनरीक्षण के काम को अब बीएलओ से संपर्क कर पूरा करना है। सभी मतदाताओं से संपर्क कर नया फोटो, एजप्रुफ, एड्रेस प्रूफ आदि की व्यवस्था कर रखने के लिए जागरूक कर देना है। बैठक में बीएलए 1 मंगलानंद पाठक, जिला प्रवक्ता रजनीश कुमार वर्मा, शरद चंद संतोष, नंद जी गुप्ता, संतोष कुमार, सोनू सिन्हा, सुशील सोनी, सुरेंद्र पांडेय, कपिल देव चौधरी, रवि शंकर कुमार, मुकेश पाण्डेय, शेषनाथ चौधरी, उमाशंकर चौरसिया, विजय कुमार दुबे, सरदार हरदीप सिंह, वीरेंद्र चौधरी, सुनील कुशवाहा, सरदार हरदीप उर्फ मुन्ना जी इत्यादि लोग शामिल रहे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण हेतु जीविका मित्रों की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

तिलौथू। तिलौथू प्रखंड के प्रखंड सभागार में जीविका मित्रों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकिता जैन एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक सय्यद शकीब उल्लाह की संयुक्त अध्यक्षता में किया गया। बैठक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नवीनतम दिशा-निर्देशों के संदर्भ में आयोजित की गई थी जिसका उद्देश्य तिलौथू प्रखंड में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण एवं समयबद्ध संधारण सुनिश्चित करना था। बैठक में प्रखंड के सभी जीविका मित्रों को तिलौथू के कुल 81 मतदान केंद्रों (बूथों) से टैग करते हुए

निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर के साथ समन्वय कर जीविका दीदियों एवं उनके आसपास के परिवारों का विवरण सत्यापित कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करें। साथ ही यह भी बताया गया कि इस प्रक्रिया में गणना प्रपत्र भरना आवश्यक होगा जिसमें मतदाताओं को अपनी जानकारी दर्ज कर वैध दस्तावेजों के साथ उसे प्रमाणित करना होगा। अतः सभी जीविका मित्रों को यह निर्देशित किया गया कि वे स्वयं सहायता समूह की बैठकों एवं ग्राम संगठन के माध्यम से समुदाय में जागरूकता फैलाएं तथा पात्र नागरिकों को दस्तावेज़ पहले से तैयार रखने हेतु प्रेरित करें। बैठक में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय समन्वयक सुशील कुमार श्रीवास्तव, निशि अग्रवाल, सामुदायिक समन्वयक दीपिका कुमारी, गीता कुमारी, अन्नपूर्णा कुमारी, तरुण कुमार, मुन्ना कुमार तथा एमआइएस एग्जीक्यूटिव छोटन कुमार आदि की सक्रिय उपस्थिति रही। प्रखंड प्रशासन ने आशा जताई कि जीविका की यह सामुदायिक भागीदारी मतदाता सूची के अद्यतन कार्य को पारदर्शी, समावेशी और समयबद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

शपथ पत्र

मैं लवकुश राम उर्फ लव कुमार दास पिता राम लखन राम ग्राम-भरकुड़िया पो.-थाना-दरिहट, जिला-रोहतास (बिहार) का रहने वाला हूं। शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे एल. आई. सी. के पौ. नं.-513531281 में मेरा नाम लव कुमार दास दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम लव कुश राम दर्ज है। लव कुश राम एवं लव कुश दास दोनों नाम मेरा ही है। उपरोक्त बयान सत्य एवं सही है।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-1292- दिनांक-28/6/25 है।

शपथकर्ता

लवकुश राम

शहीद अब्दुल हमीद की जयंती पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। स्थानीय बाजार समिति प्रांगण में मंगलवार को अद्वितीय शौर्य और पराक्रम के प्रतीक शहीद अब्दुल हमीद की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने केक काटकर वीर शहीद को याद किया और उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि युद्ध सिर्फ सीमा पर लड़े जाने वाले संघर्ष नहीं होते, वे अपने पीछे ऐसी वीर गाथाएं छोड़ जाते हैं जो आने वाली पीढ़ियों को साहस और देशभक्ति की मिसाल देती हैं। उन्हीं गाथाओं में अमर हैं परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद अब्दुल हमीद, जिनकी वीरता का उल्लेख 1965 के भारत-पाक युद्ध के संदर्भ में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। वक्ताओं ने कहा कि जब पाकिस्तान भारत की सैन्य शक्ति को कमजोर समझने की भूल कर रहा था, तब वीर अब्दुल हमीद ने अपने अदम्य साहस और युद्ध कौशल से पाकिस्तान के टैंकों को नेस्तनाबूद कर दिया था। उनका शौर्य आज भी देशवासियों को गर्व और प्रेरणा देता है। उत्तर प्रदेश के वे अकेले ऐसे सपूत हैं जिन्हें परमवीर चक्र से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर बसीर मियां, मोहम्मद सलाहुद्दीन, रफीक अंसारी, टीपू सुल्तान, गफ्फार मियां कलम इदरीसी, जैद अंसारी समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

Unnat Bharat Social Welfare Society

370, GF, Guru Ramdas Nagar

Laxmi Nagar, Delhi 110092

Unnat Bharat Social Welfare Society now invites sealed tenders from eligible bidders for the tender for Construction of 16 Samudayik Chaupals in Rohtas District, Bihar.

Tender documents are available by request via e-mail to unnatbharatngo@gmail.com. Please provide the name of the firm, address and mobile number.

Deadline date to request tender document is Saturday, 05th day of July, 2025.

Prospective tenderers are advised that they read the tender documents and instructions.

Further information can be obtained from the office of Unnat Bharat Social Welfare Society by e-mailing a request to unnatbharatngo@gmail.com.

बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])-2025/06 दिनांक- 02.07.2025

डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2025
[D.E.C.E. (L.E.)-2025] के परीक्षाफल से सम्बन्धी आवश्यक सूचना

डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)-2025 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों, सम्बन्धित संस्थानों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.06.2025 को आयोजित डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)-2025 [डी.ई.सी.ई.(एल.ई.)-2025] का Rank Card बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया है।

2. **DECE(LE)-2025 के परीक्षाफल के आधार पर पात्रता-प्राप्त सभी अभ्यर्थी पर्षद के उक्त Website पर जाकर "Rank Card of DECE(LE)-2025" Link पर Click करने के बाद अपना Roll No. एवं जन्म तिथि डालकर अपना Rank Card Download कर प्राप्त कर लें।**

3. **Online कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम की सूचना यथासमय प्रकाशित की जायेगी।**

परीक्षा नियंत्रक

बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2025/07 दिनांक- 02.07.2025

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2025
Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2025

परीक्षाफल से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2025 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों, सम्बन्धित संस्थानों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.06.2025 को आयोजित ITICAT-2025 का Open / District wise पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों का Rank Card बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया है।

2. अभ्यर्थी पर्षद के उक्त Website पर जाकर "Rank Card of ITICAT-2025" Link पर Click करें। तत्पश्चात् एक नया Page प्रदर्शित होगा जिसमें Open / District wise अभ्यर्थियों का Rank Card Download करने हेतु अलग-अलग निम्नलिखित link

- View / Download **District wise Rank Card of ITICAT-2025**
- View / Download **Open Merit Rank Card of ITICAT-2025** प्रदर्शित होगा।

अभ्यर्थी अपने District / Open Merit Rank के link पर click करने के बाद अपना Roll No. एवं जन्म तिथि डालकर अपना Rank Card Download कर प्राप्त कर लें।

3. Online कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम की सूचना यथासमय प्रकाशित की जायेगी ।

परीक्षा नियंत्रक

डीजे और अस्त्र-शस्त्र पूरी तरह वर्जित : डीएम

मुहर्रम को लेकर नवादा में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न, शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने का आह्वान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। मुहर्रम पर्व 2025 को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता जिलाधिकारी रवि प्रकाश और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और शांति समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मुहर्रम त्याग, बलिदान और समर्पण का पर्व है, जिसे शांतिपूर्ण और पाक भावना से मनाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी खलीफा, वॉलेंटियर्स एवं समिति सदस्यों से अनुरोध किया कि आयोजन के दौरान पहचान पत्र अवश्य लगाएं, ताकि पुलिस और प्रशासन उन्हें आसानी से पहचान सके। साथ ही, सभी नगर निकायों को सफाई, चूना और ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव का निर्देश भी दिया गया। विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि जुलूस मार्गों पर लटके और ढीले तारों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रहने, जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने और सभी पीएचसी तथा सीएचसी में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया। डीएम ने स्पष्ट किया कि जुलूस में डीजे और हथियारों का प्रदर्शन पूर्णतः वर्जित रहेगा। ताजिया की ऊंचाई पूर्ववर्ष की तुलना में ही होगी। मेला स्थल और कर्बला मार्गों पर लाइटिंग, सीसीटीवी कैमरे, शुद्ध पेयजल, चलंत शौचालय और सफाई की व्यवस्था की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि पर्व को भाईचारे के साथ मनाया जाए। सभी थानों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। संवेदनशील इलाकों की निगरानी सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से की जाएगी। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती होगी। एसडीओ नवादा सदर ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। जुलूस में मोटरसाइकिल और राजनीतिक बैनर/पोस्टर पर रोक रहेगी। भीड़ नियंत्रण के लिए ड्रॉप गेट और अस्थायी नियंत्रण कक्ष बनाए जाएंगे। एसडीओ रजौली ने कहा कि केवल लाइसेंसधारी व्यक्तियों को ही जुलूस में शामिल होने की अनुमति होगी। जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकलेगा और किसी धार्मिक स्थल के सामने रुकने या धार्मिक भावना आहत करने की अनुमति नहीं होगी।

बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों के संवेदनशील स्थलों की जानकारी दी और पर्व की सफलता के लिए आवश्यक सुझाव रखे। उन्होंने जुलूस मार्गों और मेला स्थलों पर सफाई, लाइटिंग, पानी और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। बैठक में अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय/यातायात), विभिन्न अनुमंडल पदाधिकारी, विद्युत विभाग के अभियंता, जनसंपर्क पदाधिकारी समेत कई अधिकारी और गणमान्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और गरिमामय तरीके से मनाने के लिए प्रशासन हर आवश्यक कदम उठाएगा।

तेज रफ्तार ट्रक ने छात्रा को कुचला, मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पकरीबरावां (नवादा)। बुधवार की सुबह पकरीबरावां-रूपौ पथ पर मंगर चौक के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 14 वर्षीय छात्रा ज्योति कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। वह नवमीं कक्षा में नामांकन के पहले दिन साइकिल से विद्यालय जा रही थी, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बालू लदे ट्रक ने उसे कुचल दिया। मृतका की पहचान कसमारा गांव निवासी चुन्नी पासवान एवं बेबी देवी की पुत्री के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, ज्योति ने हाल ही में रामधन पुरी इंटर विद्यालय, बुधौली में नवमीं कक्षा में दाखिला लिया था। बुधवार को वह पहली बार विद्यालय जा रही थी, लेकिन विद्यालय से मात्र 200 मीटर पहले ही यह हादसा हो गया। ट्रक से कुचलने के कारण उसका सिर और हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने ट्रक चालक रंजीत यादव (निवासी- रजौली) को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने चालक को इलाज के लिए पकरीबरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। हादसे की सूचना मिलते ही छात्रा की मां बेबी देवी बेसुध हो गई। मृतका के पिता व भाई दिल्ली की एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं।

नीतीश मंडल को फिर जनता का मिलेगा समर्थन : श्रवण कुमार

बिहारशरीफ में 31 लाख की योजनाओं का उद्घाटन, मंत्री ने गिनाईं नीतीश सरकार की उपलब्धियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। वार्ड संख्या-48 अंतर्गत मघड़ा क्षेत्र में शनिवार को ग्रामीण विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्रवण कुमार ने करीब 31 लाख रुपये की विकास योजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि जनता एक बार फिर नीतीश मंडल को समर्थन देगी, क्योंकि उन्होंने विकास की राजनीति को प्राथमिकता दी है।

उद्घाटन की गई योजनाओं में —

मघड़ा मध्य विद्यालय के पीछे से कॉलेज जाने वाली सड़क का पीसीसी ढलाई कार्य (राशि ?17 लाख)।

विजय सिंह के घर से अशोक सिंह होते हुए पैन तक नवनिर्मित नाली निर्माण कार्य (राशि 7 लाख)।

मघड़ा अति पिछड़ा टोला स्थित सामुदायिक भवन का सौंदर्यीकरण कार्य।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश सरकार ने गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछाया है। राज्य आज पुलों, सड़कों और आत्मनिर्भरता के नए युग में प्रवेश कर चुका है। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत राज्य की 85,556 बेटियों को ?16.70 करोड़ की राशि दी गई है। यह बेटियों को सशक्त बनाने की ऐतिहासिक पहल है।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के 20 वर्षों के शासन में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कानून व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। बसेरा-2 अभियान के तहत एक साल में 53 हजार से अधिक भूमिहीन परिवारों को जमीन मिली है। वहीं, 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार से अधिक लोगों को सरकार की ओर से पेंशन दी जा रही है।

कांग्रेस और राजद पर हमला करते हुए मंत्री ने कहा कि ये पार्टियां बिहार को फिर अंधेरे में ले जाने की साजिश कर रही हैं, लेकिन जनता अब जागरूक हो चुकी है और ठगबंधन की चालों में नहीं आएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विकास का प्रतीक बताते हुए कहा कि वे धूप हो या बारिश, दिन हो या रात – हमेशा जनता की सेवा में सक्रिय रहते हैं।

विधान पार्षद रीना यादव ने कहा कि आज किसानों को 24 घंटे बिजली मिल रही है, जिससे रात में भी खेतों में काम संभव हो सका है। यह सब नीतीश कुमार की किसान-हितैषी नीतियों का परिणाम है। इस मौके पर बिहारशरीफ नगर अध्यक्ष गुलरेज अंसारी, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार, देव प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, पूर्व मुखिया युगल किशोर, अनुज कुशवाहा, विश्वास सिंह, संजय राम, रजनीश ठाकुर, नगेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी सहायिका की संदिग्ध हालात में मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बिहारशरीफ के सरमेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोवाचक गांव में आंगनबाड़ी सहायिका कलवा देवी (60) की तेजाब से जलाकर हत्या किए जाने की आशंका है। मृतका दरवाजे के पास मुंह के बल पड़ी मिलीं, चेहरा झुलसा था और हाथ टूटा हुआ था। परिजनों ने आंगनबाड़ी सेविका के परिवार पर पद हथियाने और जमीन विवाद को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। एफएसएल टीम बुलाकर पुलिस जांच में जुटी है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामला प्रथम दृष्टया हत्या का प्रतीत होता है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। एफएसएल टीम को साक्ष्य जुटाने के लिए बुलाया गया है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है। आवेदन मिलने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस गहराई से मामले की जांच कर रही है।

आशा कार्यकर्ता संघ की बैठक में 9 जुलाई की हड़ताल को लेकर बनी रणनीति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ की एक अहम बैठक बुधवार को नारदीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित की गई। बैठक में 9 जुलाई 2025 को प्रस्तावित राज्यव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष सावित्री गुप्ता ने कहा कि आशा कार्यकर्ता और फैसिलिटेटर लंबे समय से अपने वाजिब हक और अधिकारों की मांग कर रही हैं, लेकिन सरकार ने अब तक उनकी आवाज को नजरअंदाज किया है। उन्होंने कहा कि नारदीगंज स्वास्थ्य केंद्र में 9 जुलाई को कोई कार्य नहीं होगा।

संघ की प्रमुख मांगों में शामिल हैं:

आशा एवं फैसिलिटेटरों को सरकारी कर्मचारी का दर्ज़ा दिया जाए।

मानदेय 21,000 प्रति माह निर्धारित किया जाए।

कार्यरत आशा की सेवा आयु 65 वर्ष तक की जाए।

रिटायरमेंट पर 10 लाख रुपये की राशि दी जाए।

सेवा के दौरान मृत्यु होने पर परिजनों को 4 लाख का मुआवजा दिया जाए।

बैठक में वक्ताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आशा कार्यकर्ताओं की मांगों को जल्द नहीं माना गया, तो जो सरकार निकम्मी है, वो सरकार बदलनी है के नारों के साथ बिहार में परिवर्तन की मुहिम चलाई जाएगी।

हड़ताल को सफल बनाने के लिए क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं जैसे मलती कुमारी, कालावती कुमारी, उगंती कुमारी, कमला कुमारी, सुनीता कुमारी, पिंकी कुमारी, कान्ति कुमारी, मिनटु कुमारी, रेणू कुमारी, बिमला कुमारी, बंदना कुमारी, इन्दु कुमारी, रितू कुमारी, अनिता कुमारी आदि ने तन-मन-धन से जुटने का संकल्प लिया।

बैठक में मौजूद सभी आशा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने की अपील की।

न्याय के साथ विकास कार्य पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। बुधवार को नवादा विधानसभा 237 के प्रखंड नारदीगंज के पंचायत डोहड़ा के जनता दल (यूनाइटेड) के पंचायत अध्यक्ष रामसकल चौहान एवं पंचायत ननौरा के पंचायत अध्यक्ष पप्पू राजवंशी के अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में मुख्य अतिथि पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने बुथ स्तर कमेटी के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय के साथ विकास सभी वर्गो का समान रूप से सर्वांगीण विकास किए हैं। डॉ लोहिया, लोक नायक जयप्रकाश, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर, भीमराव अंबेडकर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को सर जमीन पर उतारने का काम किया है ।महापुरुषों ने जो सपना देखा था उन सपनों को मुख्यमंत्री ने पूरा किए हैं। आप लोगों ने अपने बाल बच्चों का भविष्य सवारने एवं सजाने के लिए, भय मुक्त बिहार, कृषि के विकास लिए, चौखंभा राज्य स्थापित करने के लिए, नौकरी रोजगार के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा की बेहतर व्यवस्था के लिए , सुशासन स्थापित करने के लिए आप लोगों ने वोट देकर माननीय नेता को 24 नवंबर 2005 को काम करने का मौका दिया है। आप लोगों के अपार जन समर्थन को सम्मान करते हुए सभी लोगों के लिए बिना भेदभाव के अपेक्षा के अनुरूप दिन रात मेहनत कर बिहार को सजाने सवारने का काम किया है। आज 2005 के पहले का बिहार और आज 2025 का बिहार में फर्क साफ दिखता है। मुख्यमंत्री जी उद्योग का जाल बिछाने के लिए बिहार को सड़क, पुल, पुलिया, बिजली, सुशासन तथा कानून का राज स्थापित किए हैं देश दुनिया के बड़े-बड़े उद्योगपति आज बिहार आकर उद्योग लगा रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण आपके नवादा वारसलीगंज में अदानी ग्रुप के अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री लगाया जा रहा है। आगामी चुनाव 2025 बिहार के लिए बिहार वासियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। विकसित बिहार ,रोजगार देने वाला बिहार बनाने के लिए फिर एक बार 2025 में नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करना है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर प्रमिला प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता जयशंकर चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष शशि कुमार शेष, विधानसभा प्रभारी महबूब बखो, जिला महासचिव प्रिय रंजन कुमार सिंह, जिला महासचिव विनायक कुमार साव, अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष देवनंदन मांझी, अंकित राय, मुंद्रिका मनोहर, पूनम देवी, सोशल मीडिया प्रखंड अध्यक्ष विक्की कुमार चौरसिया, सुरेश राजवंशी, कैलाश चौहान के अलावे सैकड़ो बूथ कमेटी के साथियों ने भाग लिया।

जल-जीवन हरियाली को लेकर बच्चों को दिलाई गई शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। प्रखण्ड के इंटर विद्यालय कौआकोल में जल-जीवन हरियाली पखवाड़ा के तहत बुधवार को बच्चों को शपथ दिलाई गई। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने बताया कि प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार बच्चों को मैं पानी बचाने और उसके विवेकपूर्ण उपयोग की शपथ लेता हूं। मैं यह भी शपथ लेता हूं कि मैं जल का समुचित उपयोग करुंगा तथा पानी की हर एक बूंद का संचयन करुंगा और कैच द रेन अभियान को बढ़ावा देने में पूरा सहयोग दूंगा। मैं पानी को एक अनमोल संपदा मानूंगा और ऐसा मानते हुए ही इसका उपयोग करुंगा। मैं शपथ लेता हूं कि मैं अपने परिवारजनों, मित्रों और पड़ोसियों को भी इसके विवेकपूर्ण उपयोग और उसे व्यर्थ नहीं करने के लिए प्रेरित करुंगा। यह ग्रह हमारा है और हम ही इसे बचा सकते हैं और अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। की शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान जल संचयन, वन संरक्षण,जल स्तर में वृद्धि सहित विभिन्न विन्दुओं पर चर्चा किया गया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं दर्जनों छात्र व छात्राएं मौजूद थे।

डिलीवरी बॉय लूटकांड का खुलासा, कुख्यात अपराधी धराया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। नूरसराय थाना क्षेत्र में डिलीवरी बॉय से हथियार के बल पर हुई लूटकांड का पुलिस ने मात्र 48 घंटे में खुलासा करते हुए मुख्य सरगना को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी रविशंकर कुमार पर जिले के विभिन्न थानों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं। सदर एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल ने नूरसराय थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि 30 जून को पांडेय चक बाराडीह बलुआ मोड़ के पास शाम 3 बजे के करीब तीन बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने डिलीवरी बॉय अंगद कुमार से लूटपाट की थी। अपराधियों ने उसका पार्सल बैग, पर्स, नकदी और मोटरसाइकिल लूट ली थी। घटना की प्राथमिकी दर्ज होते ही एक एसआईटी टीम का गठन कर मामले की जांच शुरू की गई। छापेमारी के दौरान थरथरी थाना क्षेत्र के अतवलचक निवासी सुधीर यादव का पुत्र रविशंकर कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से लूटी गई ग्लैमर मोटरसाइकिल, पार्सल बैग, 3 हजार नकद, एक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस, एक स्मार्टफोन और बिहार थाना क्षेत्र से लूटी गई स्प्लेंडर बाइक बरामद की गई। नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी एक सप्ताह पहले बिहार थाना क्षेत्र सहित विभिन्न जगहों पर अपने गिरोह के साथ मिलकर बाइक व सीएनजी टेंपो लूट की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। फिलहाल पुलिस उसके फरार सहयोगियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। छापेमारी टीम में नूरसराय सर्किल इंस्पेक्टर रमाशंकर सिंह, संजीव कुमार, रमेश पासवान, राजू कुमार, संध्या कुमारी सहित नूरसराय थाना पुलिस बल शामिल रहे।

मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हिलसा (नालंदा)। चिकसौरा थाना क्षेत्र के बैरीगंज गांव में अवैध हथियार निर्माण की एक मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने हथियार बनाने के उपकरणों के साथ पांच जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। हालांकि, मुख्य आरोपी तनिकन बिंद पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बैरीगंज निवासी स्वर्गीय तेजू बिंद का पुत्र तनिकन बिंद अवैध हथियार बनाकर बेचने का कार्य कर रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद एक विशेष टीम गठित कर तनिकन के घर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस को देख आरोपी भागने की कोशिश करने लगा। उसे पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन वह सशस्त्र बल की घेराबंदी के बावजूद भागने में सफल रहा। बाद में पुलिस ने आरोपी के घर की तलाशी ली, जहां से अवैध हथियार निर्माण में प्रयुक्त उपकरण और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, फरार तनिकन बिंद का आपराधिक इतिहास पहले से ही दर्ज है और उसके खिलाफ कई मामले चिकसौरा थाना में लंबित हैं। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

44 फरार अपराधी गिरफ्तार : अभिनव धीमान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

साइबर क्राइम, पुलिस पर हमला और मद्य निषेध सहित विभिन्न मामलों में हुई कार्रवाई

नवादा। जिले में अपराधियों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत 24 घंटे के भीतर कुल 44 फरार अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। इस आशय की जानकारी पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2025 को जिले भर में यह कार्रवाई की गई।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अपराधियों में साइबर क्राइम से जुड़े 2 आरोपी, पुलिस पर हमले के 5 आरोपी, मद्य निषेध उल्लंघन के 3 आरोपी एवं अन्य 34 आरोपी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त वारंट निष्पादन के तहत 51 मामलों में कार्रवाई की गई, जबकि कुर्की के 5 मामलों का निष्पादन भी हुआ। शराब बरामदगी में भी बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने विभिन्न छापों में 355 लीटर महुआ शराब एवं 3772.49 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। वाहन जांच के क्रम में 195 वाहनों की जांच की गई और 32 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

एसपी अभिनव धीमान ने कहा कि नवादा पुलिस अपराध और अपराधियों के विरुद्ध पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने बताया कि अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र छिपे अपराधियों की लगातार पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई तेज की जा रही है। उन्होंने इसे नवादा पुलिस की बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि आमजन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था की बहाली के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

आवश्यक सूचना।
(नोटिस)

नाम–(1) नंदा पासवान, पिता–पच्चू पासवान, सा0–टंडवा, थाना–रमना, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप रमना थाना कांड सं0–117/21 दिनांक–24.11.2021 धारा–302, 506, 34, भा0द0वि0 के कांड के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्री शैलेन्द्र कुमार नापित न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–25.06.2025 को उक्त अभियुक्त के पते के घर पर इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब माननीय न्यायालय, श्री शैलेन्द्र कुमार नापित न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.356311 Police(25-26):D

कार्यालय :–जिला यक्ष्मा केन्द्र, गढ़वा।

Email Id:- dtojhgrh@rntcp.org

(शुद्धि–पत्र)

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या 1/2025 दिनांक 25/06/2025, PR No – 356043 में निम्नवत सुधार किया जाता है जो इस प्रकार है –

01. इस निविदा में Jharkhand Procurement Policy 2014 की शर्ते प्रभावी मानी जायेगी।
02. इस निविदा की EMD राशि 20,000.00 (बीस हजार रूपये) मात्र की जाती है।
03. विगत तीन वर्षो का आयकर रिर्टन वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 तथा 2023–24 की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
04. अंकेक्षण प्रतिवेदन वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 तथा 2023–24 का संलग्न करना अनिवार्य होगा जिसमें प्रतिवर्ष Turn Over एक करोड़ से अधिक होना चाहिए। (Attached C.A UDIN Certificate)
05. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 09/07/2025 अप0 05:00 बजे तक विस्तार की जाती है।
06. निविदा खोलने की तिथि 11/07/2025 समय 03:00 बजे अपराह्न होगा।
07. निविदा में संलग्न चेक लिस्ट क्रमांक 10 में GST 3B and GST R1 June 2025 का संलग्न करना अनिवार्य होगा।
08. निविदा मे संलग्न चेक लिस्ट क्रमांक संख्या 12 को अमान्य किया जाता है।

शेष निविदा की सभी शर्ते एवं कड़िकायें पूर्व की भाँति यथावत होंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा।

PR 356294 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D

स्वरोजगार से जोड़ने हेतु बकरी पालन को बढ़ावा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। जिले के गोविन्दपुर प्रखंड अंतर्गत सुघरी पंचायत में आकाश जीविका महिला उत्पादक समूह द्वारा बकरी हाट का आयोजन किया गया। इस बकरी उत्पादक समूह से जुड़ी सभी 37 सदस्यों ने स्वयं 15 हजार रुपये की लागत से ब्लैक बंगाल नस्ल की तीन-तीन बकरियों की खरीदारी की है। आज आयोजित बकरी हाट में गोविन्दपुर के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संदीप सानु द्वारा इन बकरियों का ईयर टैगिंग किया गया तथा बकरियों की देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लाभुकों को तीन बकरियां खरीदने हेतु 13,500 तथा सामान्य वर्ग के परिवारों को 12,000 तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा। जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार गिरि ने बताया कि दीदियों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने हेतु बकरी पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। नवादा जिला के गोविन्दपुर, हिसुआ एवं नारदीगंज प्रखंडों में जीविका के द्वारा कुल 8 बकरी उत्पादक समूहों का गठन किया गया है, जिनसे कुल 294 परिवार जुड़े हैं। इनमें 170 परिवार अनुसूचित जाति तथा 124 परिवार सामान्य वर्ग से संबंधित हैं। इस अवसर पर जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्रीनिवास शर्मा, यंग प्रोफेशनल (लाइवस्टॉक) सौरभ कुमार, प्रबंधक (सामाजिक विकास) संतोष कुमार, प्रबंधक (संचार) राजीव रंजन, सामुदायिक समन्वयक संजीत कुमार एवं मुन्नी कुमारी, जीविका की दीदियां एवं कैडर की सक्रिय उपस्थिति रही।

भारतीय स्टेट बैंक का स्थापना दिवस समारोह संपन्न

बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो। भारतीय स्टेट बैंक का स्थापना दिवस मंगलवार को बैंक की मुख्य शाखा बिहारशरीफ परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक पुरेंद्र कुमार और मुख्य प्रबंधक अमित कुमार सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम में जिले के कई प्रतिष्ठित और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। इनमें डॉ. पी. के. चैधरी, डॉ. बी. बी. सिन्हा, शैलेन्द्र कुमार अकेला, डॉ. सुनीता सिन्हा, डॉ. दीनानाथ वर्मा, नदीम जफर सहित अन्य प्रमुख व्यक्तित्व मौजूद थे। इस आयोजन के दौरान वक्ताओं ने भारतीय स्टेट बैंक के इतिहास और विकास यात्रा पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही, बैंक द्वारा ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग की दिशा में सशक्त करने हेतु शुरू किए गए योनो ऐप के उपयोग और इसके लाभों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण भाग साइबर धोखाधड़ी से सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करना रहा। उपस्थित विशेषज्ञों ने बताया कि किस प्रकार से लोग ऑनलाइन बैंकिंग करते समय सतर्क रहें और फर्जी कॉल, लिंक व मैसेज से बचें।

शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं मुहर्रम : डीएम

डीएम-एसएसपी की संयुक्त अध्यक्षता में मुहर्रम को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। डीएम शशांक शुभंकर एवं एसएसपी आनंद कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी 06-07 जुलाई को मनाने वाले मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द के वातावरण में मनाने तथा विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक करते हुए सम्मानित सदस्यों से उनके क्षेत्र में की जा रही तैयारियों के संबंध में अवगत हुए। डीएम ने कहा कि जिस तरह रामनवमी एवं बकरीद के त्योहार में विधि व्यवस्था तथा शांति व्यवस्था संधारण किया गया था उसी प्रकार मुहर्रम पर्व में भी संधारित कराया जाएगा। किसी भी स्थिति में डीजे का प्रयोग नहीं किया जाएगा। डीजे पर पूर्णता पाबंदी रखी गई है। सर्वोच्च न्यायालय के ध्वनि प्रदूषण के गाइडलाइंस का पूरा प्रयोग करवाया जाएगा। मुहर्रम पर्व के अवसर पर निकलने वाले जुलूस को ध्यान में रखते हुए सभी थाना रूट वेरीफाई कर ली गयी है और उसी रास्ते से ही जुलूस निकाला जाएगा। नया रुट किसी भी हाल में नही अपनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में घटित घटना वाले स्थल पर वर्तमान समय में क्या स्थिति है, उसका आकलन एसडीओ स्वयं विजिट का जानकारी प्राप्त करे। उन्होंने सभी अधिकारियों को कहा कि अपने क्षेत्र में पूरी मुस्तैदी एव ततपरता से मुहर्रम के अवसर पर अलर्ट रहे। उन्होंने शांति समिति के सभी सम्मानित सदस्यों को कहा कि अपने क्षेत्र के ताजिया के ऊंचाई को भी आकलन कर लें ताकि रास्ते में बिजली तार या अन्य चीजों से टच न हो सके। उन्होंने सभी शांति समिति के सदस्यों को अवगत कराया कि मुहर्रम पर्व को देखते हुए संवेदनशील, अतिसंवेदनशील रास्तों को चिन्हित किया गया है, वहां पदाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति रखी जाएगी। आप सभी सम्मानित व्यक्तियों से अनुरोध है कि अपने अपने क्षेत्र में स्वयं उपस्थिति रहते हुए मोहर्रम के जुलूस को शांति माहौल में पार करवाएं। अपने पर्याप्त वोलेंटियर्स को जुलूस में हर हाल में रखे साथ ही सभी जुलूस के आयोजक को कहा कि आपके जुलूस में कौन कौन लोग हैं, उसकी पहचान के लिये एक टीम रखें जिससे असामाजिक तत्व चिन्हित हो सके ताकि विधि व्यवस्था पूरी तरह से बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था से संबंधित किसी भी समस्या होने पर त्वरित गति से जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 0631 2222253/59 पर संपर्क करते हुए जानकारी उपलब्ध करवाए इसके साथ ही वरीय अधिकारियों को भी सूचित करें ताकि विधि व्यवस्था को कायम रखा जा सके।

डीएम ने नगर आयुक्त नगर निगम को निर्देश दिया कि कर्बला जाने के रास्ते तथा कर्बला में पर्याप्त सभी व्यवस्था करवाएं। उन्होंने एसडीओ एवं एडीसी नजारत को निर्देश दिया कि पर्याप्त सीसीटीवी, ड्रोन, वीडियोग्राफी, लाइट आदि की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि जुलूस रुट के मेजर रास्ता जो खराब थे, उसे तत्काल मोटरेबल करवाये। उन्होंने कार्यपालक अभियंता बिजली को निर्देश दिया कि अपने स्तर से कनीय अभियंता को जुलूस के मेन पॉइंट्स पर प्रतिनियुक्ति रखेंगे। साथ ही जुलूस रुट का बिजली तार आदि का अच्छा से जांच करवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि पंचायती अखाड़ा के साथ साथ मेन जगहों पर एम्बुलेंस सहित मेडिकल टीम उपस्थित रहे, साथ ही ज़िले के सभी सरकारी अस्पताल को अलर्ट रखते हुए रोस्टर बना कर ड्यूटी करवाये।

नरोमा फाउंडेशन के द्वारा डॉक्टर्र डे पर कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। नरोमा फाउंडेशन के द्वारा एक जुलाई दिन मंगलवार को डॉक्टर डे का कार्यक्रम धूमधाम से अनुशासन पूर्वक सफल हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन शहर कि विष्णु विहार में हुआ जिसमें गया जिला के वरिष्ठ सीनियर सिटीजन डॉक्टर के साथ गया जिले से नीट फॉर एमबीबीएस क्वालीफाई करने वाले छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर कर भाग लिया। डॉ पी के सिंह, डॉ उदय (शेरघाटी) जनरल फिजिशियन, डॉ विजय, डॉ मुरली अग्रवाल, डॉ जितेंद्र डॉ विनय जैन, डॉ के के कंवर, डॉ संजय (प्लास्टिक सर्जन) डॉ ए एन सिंह, डॉ एल पी सिंह डॉ प्रभात कि अलावा कई वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉ संजय कुमार, हड्डी जोड़ रोग विशेषज्ञ (नरोमा हॉस्पिटल) के द्वारा एवं संचालन नीतीश हलचल (कसब) डॉ पवन, डॉ शमीम एवं इंजीनियर अदिति आनन्द ने मिलकर शानदार तरीके से किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ डॉक्टर ने नवचयनित भावी डॉक्टर्स छात्र छात्राओं को आशीर्वाद दिया और मार्गदर्शित किया। नरोमा फाउंडेशन कि अध्यक्ष डॉ संजय सेक्रेटरी अदिति ने सभी आगंतुकों को अंगवस्त्र मोमेंटो एवं गोल्डन रोज देकर स्वागत और सम्मानित किया और उनका धन्यवाद ज्ञापन किया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता बिपिन जी संचालित शूरधारा मानपुर से बाल कलाकारों ने संगीत एवं कथक नृत्य का शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शहर दर्जनों मीडिया भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। गयाजी के इतिहास में यह एक अद्वितीय कार्यक्रम होगा जिसने वरिष्ठ तम और नवीनतम भावी डॉक्टर इतना धूमधाम से स्वागत और सम्मानित एक साथ किया। सभी डॉक्टर प्रसन्न और उत्साहित नजर आए और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।कार्यक्रम कि दौरान आगंतुकों कि लिए रात्रिभोज के उत्तम व्यवस्था की गई थी।

धार्मिक झंडे पर बवाल, मारपीट में 10 जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। जिले के डोभी प्रखंड के कंगाली बिगहा गांव में धार्मिक झंडा गाड़ने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। रात भर गांव में अफरा-तफरी मची रही। डंडा और रोड़े चलते रहे। करीब 10 लोग जख्मी हो गए। दो की हालत गंभीर है। पुलिस ने दोनों पक्षों से 17 लोगों को अरेस्ट कर लिया है। दोनों पक्ष से बाराचट्टी थाने में केस दर्ज किया गया है। घटना मंगलवार रात की है। मुहर्रम को लेकर एक पक्ष झंडा गाड़ रहा था। झंडा गाड़ने की जगह को लेकर दूसरे पक्ष ने एतराज किया। पहले कहासुनी हुई। बात बढ़ते-बढ़ते हाथापाई तक पहुंच गई। रात करीब 10 बजे मामला बेकाबू हुआ। कुछ लोग दूसरे पक्ष के मुहल्ले में समझाने गए थे, लेकिन वहां बहस होने लगी। देखते ही देखते अचानक मारपीट और रोड़ेबाजी शुरू हो गई। गांव रणक्षेत्र बन गया। लोग घर छोड़कर इधर-उधर भागने लगे। पुलिस को सूचना दी गई। देर रात बाराचट्टी पुलिस गांव में पहुंची। पुलिस ने हालात को काबू में किया। शेरघाटी के एसडीओ और डीएसपी भी मौके पर पहुंचे। स्थिति का जायजा लिया और पुलिस बल को सख्ती से निपटने का आदेश दिया। फिलहाल, गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। एहतियातन पुलिस कैंप कर रही है। मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। बुधवार दोपहर 3 बजे गांव में शांति समिति की बैठक बुलाई गई है। एसएसपी आनंद कुमार ने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। शेरघाटी-2 के एसडीओ संजीत प्रभात, अंचल इंस्पेक्टर और अतिरिक्त फोर्स भेजा गया है। स्थिति फिलहाल सामान्य है, लेकिन निगरानी रखी जा रही है। बाराचट्टी थाना आगे की कार्रवाई कर रहा है। पुलिस का कहना है कि उपद्रव करने वाले किसी भी हाल में बख्शे नहीं जाएंगे। गांव में अभी पुलिस तैनात है। ताकि शांति बनी रहे। घायल होने वालों में मनोज यादव, कामदेव यादव, सुनील यादव, अजय यादव, गोलू यादव, गुड्डू यादव, यमुना यादव, कमलेश यादव और भोला यादव शामिल हैं।

एक नजर

असामाजिक तत्वों से कड़ाई से निपटा जाएगा : एसएसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। एसएसपी ने कहा कि हुड़दंग करने वाले असामाजिक तत्वों को कड़ाई से निपटा जाएगा। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। शांति व्यवस्था भंग करने वाले को चिन्हित करते हुए कठोर कार्रवाई किया जाएगा। पूर्व वर्षों के लाइसेंस धारी को ही इस वर्ष लाइसेंस निर्गत किया जा रहा है। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि बिना लाइसेंस के एक भी जुलूस न निकले इसे सभी थाना अध्यक्ष सुनिश्चित करावे। उन्होंने कहा कि विभिन्न थानों तथा एसडीओ के प्रस्ताव पर प्राप्त संस्थानों की सूची के आलोक में वीडियो ग्राफर, ड्रोन, वॉच टावर इत्यादि लगवाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर पूरी पैनी नजर रखी जा रही है, कुछ भी अफवाह या गलत भावना वाला पोस्ट या शेयर करने वालो पर पूरी नजर रहेगी। सभी एसडीओ, डीएसपी तथा थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया जा रहा है तथा संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए लगातार पेट्रोलिंग करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संप्रदायिक घटना की संभावना के आलोक में अपने क्षेत्र में धारा 107 के अधीन निरोधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। लाइसेंस में दिए गए सभी शर्तों का अनुपालन अत्यंत जरुरी रहेगा। सांप्रदायिक सौहार्द जिले में बनी रहे यही गया जिला वासियों से अपील है साथ ही शांति समिति के सभी सदस्यों से अपील है कि सांप्रदायिक सौहार्द को सफल बनाने में आपकी सहयोग अपेक्षित है।

मारपीट मामले में पांच गये जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। ग्राहक बुलाने को लेकर दो दुकानदारों में हुए मारपीट मामले में आपस में कई लोग भीड़ गए जिससे एक युवक घायल हो गया जिसमें शंकर दास नामक युवक गभीर रूप से घायल हो गया जिसे अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने औपचारिक इलाज के बाद गया मगध मेडिकल अस्पताल में भेज दिया जिसकी हालात गंभीर बताई जाती है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आपसी विवाद को लेकर हुए मारपीट मामले में दोनों पक्ष से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसका पहचान मोहम्मद जुबेर, मोहम्मद शाबिर, मोहम्मद जावेद जो कि शहर के नया बाजार कुंज गली का रहने वाला है। वहीं दूसरी तरफ चुन्नू दास एवं सोनू दास को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। पुरा थाना क्षेत्र के आजाद बिगहा ग्राम स्थित नदी किनारे से पुलिस ने अधेड़ व्यक्ति का शव मंगलवार की देर रात बरामद किया है। मृतक की पहचान आजाद नगर निवासी स्व. टेनी मांझी के 42 वर्षीय पुत्र महाराणा मांझी के रूप में हुई। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि बुधवार की देर शाम तक पुलिस से कोई शिकायत नहीं की गई है। परिजनों के अनुसार महाराणा मांझी को मंगलवार की शाम कुछ लोगों द्वारा घर से बुलाकर ले जाया गया था जिसके बाद महाराणा की मौत की खबर मिली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुरा थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों से लिखित शिकायत की मांग की गई। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

एसएसपी ने किया सिविल लाइन थाना का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। जिले के एसएसपी आनंद कुमार ने सिविल लाइन, थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने में पदस्थापित सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सतर्कता और सजगता का निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने थाना में पदस्थापित सभी पदाधिकारियों को कांडों का त्वरित निष्पादन करने, फरार/वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, अपराधियों और असामाजिक तत्वों की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, क्षेत्र में नियमित और प्रभावी गश्त करने और थाना परिसर की बेहतर रख-रखाव सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराना हम सभी का दायित्व : एसडीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। मुहर्रम के मद्देनजर बुधवार को अनुमण्डल स्तरीय शांति समिति के साथ-साथ टिकारी व पंचानपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के साथ-साथ मुहर्रम अखाड़ा जुलूस के सदस्य भी शामिल हुए। प्रखंड सभागार में आहूत बैठक में एसडीएम प्रवीण कुंदन व एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल ने कहा कि जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराना हम सभी का दायित्व है। किसी भी अफवाह पर ध्यान न देते हुए जुलूस नियम संगत ही निकल जाये अन्यथा कार्रवाई की जा सकती है। एसडीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस के जुलूस को नहीं निकालने दिया जाएगा। जुलूस को लेकर सभी चिन्हित जगहों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की तैनाती रहेगी। सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही जुलूस निकाला जा सकेगा। डीजे पर पूर्ण रूप से लागू प्रतिबंध का पालन करना होगा। वहीं टिकारी थाना परिसर में आहूत बैठक में थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि टिकारी थाना क्षेत्र में कुल 24 कमिटी को अखाड़ा जुलूस का लाइसेंस निर्गत किया गया है। पुराने लाइसेंसधारी को ही लाइसेंस निर्गत किया जाएगा। इसके अलावा पंचानपुर थाना में भी बैठक आहूत की गई। बैठक में थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार ने शांतिपूर्वक अखाड़ा निकालने की अपील लोगों से की।

तेजी से क्षेत्र के लोगों को जागरूक कर गणना फॉर्म भरवाएं : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीएम शशांक शुभंकर द्वारा बुधवार को समाहरणालय में जिले के सभी प्रतिष्ठित नागरिकों, स्वयंसेवी व्यक्तियों, सामाजिक व्यक्तियों के साथ समाहरणालय में बैठक करते हुए निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, 2025 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए तेजी से अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करवाते हुए गणना फॉर्म भरने को कहा गया। डीएम ने बताया कि डोर-टू-डोर गणना फॉर्म (ईएफ) के वितरण एवं निर्वाचकों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ इसे संग्रह करने की प्रक्रिया में तेजी लाने सहित भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करवाया जा रहा है। डीएम ने प्रत्येक मतदाता से अपील की गई कि वे गणना प्रपत्र को आवश्यक सेल्फ-एटेस्टेड दस्तावेजों के साथ संलग्न कर तथा घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए यथाशीघ्र संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं। मतदाता पर एपिक नंबर डालकर भी गणना प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन माध्यम से गणना प्रपत्र भरने एवं दस्तावेज अपलोड करने की सुविधा एवं ईसीआई नेट ऐप पर भी उपलब्ध हो रही है। बिहार के लिए अंतिम गहन पुनरीक्षण आयोग द्वारा वर्ष 2003 में 01 जनवरी, 2003 को अर्हता तिथि मानते हुए किया गया था। 1 जनवरी, 2003 की अर्हता तिथि तक मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, 2025 के दौरान गणना प्रपत्र के साथ दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं है। 01.01.2003 की अंतिम गहन पुनरीक्षित मतदाता सूची में शामिल मतदाताओं को केवल अपनी प्रविष्टियों की पुष्टि करनी है और गणना प्रपत्र भरकर जमा करना है। इसके अतिरिक्त, यदि किसी मतदाता के माता या पिता में से कोई एक व्यक्ति 01.01.2003 तक मतदाता सूची में शामिल रहे हैं तो ऐसे व्यक्ति को विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 के दौरान नामांकन के लिए उनसे संबंधित किसी भी दस्तावेज को प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी, चाहे उस व्यक्ति की जन्मतिथि कुछ भी हो।कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह की सहायता के लिए जिला सम्पर्क केन्द्र-सह-मतदाता हेल्पलाइन टोलफ्री नंबर 1950 पर कॉल कर सकते हैं।

बूथ जीतो-चुनाव जीतो के मूलमंत्र को अमल में लाएं कार्यकर्ता : चंदन कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वजीरगंज(गयाजी)। प्रखंड में जनता दल यू की पंचायतवार/वार्डवार बूथ सदस्यों की बैठक नगर पंचायत वजीरगंज एवं तरवां बाजार के निजी होटल में बुधवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मो आरिफ हुसैन एवं संचालन प्रखंड अध्यक्ष महेश सिंह ने किया। इस दौरान बूथ जीतो- चुनाव जीतो के संकल्प को केंद्र में रखते हुए कार्यकर्ताओं की सक्रियता, समन्वय और संगठनात्मक संरचना की गहन समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जदयू के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी स्थापना चंदन कुमार सिंह ने कहा कि 2025 में 225 और फिर से नीतीश के संकल्प को साकार करने हेतु बूथ समिति के सभी सदस्यों को पूरी सक्रियता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में हुए जनकल्याणकारी कार्यों एवं विकास की उपलब्धियों को बुकलेट के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

भाकपा ने की अंचलस्तरीय बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खिजरसराय। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से अंचल स्तरीय बैठक का आयोजन सरबहदा गांधी आश्रम में किया गया जिसकी अध्यक्षता सीताराम सिंह ने की। सभा को संबोधित करते हुए पार्टी को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं व समर्थकों की समस्याओं का समाधान करने, आम जन मानस को जागरूक करने, गांव टोले कस्बे दलितों महादलितों इबीसी ओबीसी गरीबों के बीच जा कर जागरूकता अभियान चलाने, कमिटी बनाने पर बल दिया गया। मौके पर सीताराम यादव, रामबली यादव, अर्जुन यादव, ओमप्रकाश चौधरी, सोहन मांझी, विंदेश्वर दास, रामबालक जमादार सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

सीयूएसबी में अकादमिक सत्र से लाइब्रेरी साइंस की पढ़ाई शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी(गयाजी)। अकादमिक उत्कृष्टता के पथ पर आगे बढ़ते हुए, नैक ए ++ ग्रेड प्राप्त दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने इस शैक्षणिक वर्ष से दो (02) वर्षीय एकीकृत बी.लिब.आई.एससी-एम.लिब.आई.एससी पाठ्यक्रम शुरू करने के साथ एक और कदम आगे बढ़ाया है। इंटीग्रेटेड लाइब्रेरी साइंस पाठ्यक्रम में शैक्षणिक वर्ष 2025-27 में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गया है और यह 13 जुलाई, 2025 तक जारी रहेगा। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि एकीकृत बी.लिब.आई.एससी.एम.लिब.आई.एससी. कार्यक्रम क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया है। प्रो. सिंह ने पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए आवश्यक स्वीकृति मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस पाठ्यक्रम से युवाओं को लाभ होगा और यह विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक कदम है। सीयूएसबी के कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार सिंह समेत पूरे विश्वविद्यालय परिवार ने नए पाठ्यक्रम के शुरू होने पर खुशी जताई है।

अदालती सूचना

न्यायालय,
श्रीमान् सिविल जज, सिनियर डिविजन,
अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय
टिकारी गया।
हकियत वाद सं.-148/2023
438/2022
मिथलेश कुमार शर्मा............वादी
बनाम
ठाकुरबाड़ी द्वारा सेवायत मुखिया ग्राम पंचायत कोराप
वगैरह.................... प्रतिवादीगण
सूचना बनाम
1. ठाकुरबाड़ी द्वारा सेवायत मुखिया ग्राम पंचायत कोराप कार्यालय पंचायत भवन ग्राम + पो. कोराप थाना-आंती जिला-गया।
2. नागेन्द्र नाथ शर्मा पिता स्व. भगवान सिंह ग्राम + पो. कोराप थाना-आंती जिला-गया पिन 824118

चुकि बजरिये पेपर प्रकाशन नोटिस के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादी ने आपलोगों के विरूद्ध मेरे न्यायालय में दायर किया है जिसमें आपलोगों की उपस्थिति हेतु निबंधित डाक एवं न्यायालय नजारत द्वारा नोटिस निर्गत किया जा चुका है लेकिन आपलोग आज तक उपस्थित नहीं हुए हैं।
अतः इस पेपर प्रकाशन नोटिस के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14.07.2025 को समय 10.30 बजे मेरे न्यायालय में स्वयं एवं अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा आपलोगों के अनुपस्थिति में उपरोक्त वाद की सुनवायी एकपक्षीए की जायेगी। इसे सख्त ताकिद जानें।
आज दिनांक 28.06.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया जाता है।

सिविल जज,
सिनियर डिविजन,
अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय,
टिकारी (गया)।

पूर्व मध्य रेल

ई-ऑक्शन सूचना

ई-ऑक्शन सुचना सः- कॉम/टीटी-एफटी/डीएनआर-02-25

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता हैः- **(1) कार्य का नामः** पांच (5) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार मार्ग के माध्यम से दानापुर मंडल के 84 (आठ चार) स्टेशनों पर समय सारणी और किराया तालिका और अन्य रेलवे संदेशों की स्थापना और रखरखाव। **(2) अनुबंध की अवधीः** 05 वर्ष **(3) कैटेलॉग संख्याः** कॉम-टीटी-एफटी/डीएनआर-2 **(4) लॉट संख्याः** एडीविटी-डीएनआर-डीएनआर-ओएसएन 2-512-5-1 स्टेशन परिसर में विज्ञापन (नॉन डिजिटल) **(5) ई-नीलामी कि तिथि व समयः** दिनांक 15.07.2025 को 12:00 बजे से 12:30 बजे तक। (प्रारंभिक कुलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अन्तराल 10 मिनट है) **(6) वेबसाइट जहाँ इ-ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध हैः www.ireps.gov.in.**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/0518/डीएनआर/सीओएमएमएल/ईएएन/25-26/28

बिहार सरकार

कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद्, औरंगाबाद

अभिरूचि की अभिव्यक्ति सं0-01/2025-26

माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (NGT) द्वारा पारित आदेश सं0-O.A. 606/2018, दिनांक-14.12.2020 के अनुपालन एंव बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा-99 के आलोक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2016 के क्रियान्वयन के आलोक में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रसंस्करण विकसित करने एवं MRF हेतु नीचे अंकित विवरणी के अनुसार रैयती परती भूमि क्रय करने हेतु **अभिरूचि की अभिव्यक्ति का प्रस्ताव दिनांक-25.07.2025 तक** अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है-

1. प्रस्तावित भूमि नदी से 100 मीटर, तालाब से 200 मीटर, राजमार्गों/आवासीय स्थलों/सार्वजनिक उद्यानों से 200 मीटर की दूरी पर परती भूमि होना आवश्यक है।
2. प्रस्तावित भूमि औरंगाबाद शहर से 5-15 कि0मी0 कि दूरी का आबादी रहित होना आवश्यक होगा।
3. प्रस्तावित भूमि तक आवागमन एवं परिवहन हेतु समुचित रास्ता होना आवश्यक है।
4. प्रस्तावित भूमि का अद्यतन मालगुजारी रसीद और एल0पी0सी0(LPC) होना आवश्यक है।
5. भू-स्वामित्व स्पष्ट, विवादित तथा गैर मंजरूआ आम/मालिक नहीं हैं, इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना होगा।
6. भूमि के उपर से हाईटेंशन विद्युत तार नहीं गुजरना चाहिए।
7. प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल 2 एकड़ से 5 एकड़ होना आवश्यक है।
8. अभिरूचि प्रदाता निर्धारित समय के पूर्व जमीन का आवश्यक कागजात, ले-आउट मैप एवं नजरी नक्शा तथा कुल प्रस्तावित भूमि का मूल्य (प्रति एकड़) के साथ प्रस्ताव समर्पित करेंगें।
9. भूखण्ड के मूल्य का भुगतान RTGS के माध्यम से किया जाएगा तथा भूखण्ड का विधिवत रजिस्टर्ड डीड करना होगा।
10. प्रस्ताव सशर्त्त मान्य नहीं होगा।
11. अधोहस्ताक्षरी न्यूनतम दर एवं उपयुक्त भूमि पाये जाने पर ही प्रस्ताव स्वीकृत करने के सक्षम प्राधिकार होगें।
12. प्रस्तावित जमीन 2 एकड़ में एक स्थान या 2 स्थान पर मिलाकर होना मान्य होगा।
13. प्रस्तावित जमीन के लिए प्रस्ताव एक से अधिक व्यक्ति अपने-अपने जमीन के लिए मिलाकर प्रस्तुत कर सकते हैं।
14. उक्त के अतिरिक्त सरकार/विभाग/अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिरोपित अन्य शर्त्तो को भी स्वीकार करने संबंधी शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
15. प्रस्ताव प्रदाता अपने प्रस्ताव के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा मो0-20,000.00 (बीस हजार) रू0 मात्र का डिमांड ड्राफ्ट (जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद औरंगाबाद के पदनामे देय हो) संलग्न करना आवश्यक होगा।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 07589 (B & C) 2025-26

मुख्य पार्षद
नगर परिषद् औरंगाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

अति अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना

ई0-निविदा संख्या- **EE/RDSD/Palamau/ F2 - RE-01/ 2025-26 (2nd Call)**

S. No.	Group No.	Name of Work	Estimated Cost	Amount of Earnest Money	Cost of Tender Paper	Time Completion of Work
1	2	3	4	5	6	7
1	1	पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पंचायत होटाई के ग्राम होईयां में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
2	2.	पलामू जिला प्रखंड पांकी के पनंचायत होटाई के ग्राम होईया के परिहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
3	3	पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत रतनपुर के ग्राम बाघमारी के आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
4	4	पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत रतनपुर के ग्राम आगाध में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
5	5	पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत केकरगढ़ के ग्राम मांतग परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
6	6	पलामू जिला प्रखंड सतबरवा के पंचायत रबदा के ग्राम फुलवरिया में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
7	7.	पलामू जिला प्रखंड सतबरवा के पंचायत रबदा के ग्राम सलईया में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
8	10	पलामू जिला प्रखंड विश्रामपुर के पंचायत धासीदाग के ग्राम धतर में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
9	11	पलामू जिला प्रखंड प्रखंड नावा बाजार के पंचायत सिंजो के ग्राम मगही पिपरहवा टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
10	12	पलामू जिला प्रखंड पाण्डू के पंचायत सिलदिली के ग्राम बरवाही में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
11	19	पलामू जिला के प्रखंड चैनपुर के पंचायत कंकारी के ग्राम अजलतुआ असुर टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
12	27	पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम बसंतपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
13	28	पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम चिपों में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
14	29	पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम रजडेरवा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
15	30	पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत चिरू के ग्राम टोला भलुही में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
16	31	पलामू जिला के प्रखंड विश्रामपुर के पंचायत घासीदाग के ग्राम धतर धतर घासीदाग -04 में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
17	32	पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पंचायत होटाई के ग्राम होटाई परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह
18	33	पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पचायत होटाई के ग्राम होईयो लावाबार में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण।	1166300.00	23500.00	2500.00	04 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि - 07.072025 (05:00 अपराह्न से)
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय - दिनांक 07.07.2025 (अपराह्न 5:00 बजे से दिनांक 14.07..2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई-निविदा खोलने का स्थान - कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 16.07.2025 अपराह्न 5:00 बजे।
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० - 06562-355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

PR 356338 Rural Development (25-26)_D

संपादकीय

अब पुरी में हादसा

पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान मची भगदड़ के दौरान तीन श्रद्धालुओं की मौत और 50 से अधिक लोगों का घायल होना उसी लापरवाही और धार्मिक पर्यटन को लगातार बढ़ावा देने की सोच और उस अनुपात में भीड़ प्रबंधन न कर पाने का दुखद परिणाम है। पुरी में इस बार रिकॉर्ड 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु रथ यात्रा देखने पहुंच गए थे। जिसके कारण प्रशासन की सारी व्यवस्थाएं धरी रह गईं। हादसा उस समय हुआ जब तड़के चार बजे भारी संख्या में भक्त रथ खींचने के बाद सरधाबली इलाके में दर्शन के लिए जुटे हुए थे। पुरी के जिलाधिकारी सिद्धार्थ एस. स्वैन ने बताया कि यह घटना तड़के करीब चार बजे हुई, जब सैकड़ों श्रद्धालु रथयात्रा उत्सव देखने के लिए मंदिर के पास एकत्रित हुए थे। राज्य मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है और हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही सरकार ने सख्त कार्रवाई करते हुए कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में इसके बाद राज्य सरकार ने पुरी के कलेक्टर और एसपी का तबादला कर दिया। चंचल राणा को नया कलेक्टर और पिनाक मिश्रा को नया एसपी बनाया गया है। साथ ही डीसीपी और कमांडेंट को भी निलंबित कर दिया गया है। बताया जाता है कि हादसे की वजह बने दो ट्रक? वहीं अधिकारियों ने बताया कि अनुष्ठान के लिए सामग्री ले जा रहे दो ट्रकों के भगवान जगन्नाथ और उनके भाई भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के रथों के पास भीड़भाड़ वाले स्थान पर घुसने के बाद अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे की वजह अकुशल प्रबंधन है। रथयात्रा के दौरान वीआईपी के लिए नया रास्ता बनाया गया था, और आम लोगों को दूर से ही बाहर निकलने को कहा गया था। लोग प्रवेश द्वार से ही बाहर निकलने लगे, जिससे भीड़ बढ़ गई। यातायात व्यवस्था भी ठीक नहीं थी, क्योंकि कई अनाधिकृत पास वाले वाहन मंदिर के पास आ गए। प्रशासन ने भीड़ को ठीक से नियंत्रित नहीं किया। सबसे बड़ी समस्या निकास द्वार की थी। गौरतलब है कि पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा प्राचीनकाल से चली आ रही है। इसके पीछे चार अलग-अलग किवदंतियां हैं। इनमें प्रमुख राजा इंद्रद्युम्न की है। कहा जाता है कि राजा ने जब जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियां बनवाईं तो गुंडिचा ने विश्वकर्मा को मूर्तियां बनाते देख लिया। जिससे मूर्तियां अधूरी ही रह गईं। तब आकाशवाणी हुई कि भगवान इसी रूप में रहना चाहते हैं। उसके बाद राजा ने उन्हीं अधूरी मूर्तियों को मंदिर में स्थापित कर दिया। उस वक्त भी आकाशवाणी हुई कि भगवान जगन्नाथ साल में एक बार अपनी जन्मभूमि मथुरा जरूर आएंगे। स्कंद पुराण के उत्कल खंड के अनुसार राजा इंद्रद्युम्न ने आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के दिन प्रभु के उनके जन्मस्थान आने की व्यवस्था की। तभी से यह रथयात्रा चली आ रही है। हालांकि इस हादसे के लिए राज्य के सीएम मोहन चरण मांझी ने भगवान जगन्नाथ के भक्तों से व्यक्तिगत माफी मांगी है। वैसे कहा तो यह भी जा रहा है रथयात्रा में एक दिन पहले भी भगदड़ की स्थिति बनी थी, जिसमें कुछ लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। लेकिन इस बात की अधिकृत पुष्टि नहीं हुई। पिछले कुछ साल से धर्मोन्माद और श्रद्धा बढ़ने से लगभग हर धार्मिक स्थल पर लोगों की बेतहाशा भीड़ होने लगी है। इसे नियंत्रित व नियमित करने के बारे में कोई भी गंभीरता से नहीं सोच रहा है। बेतहाशा भीड़ का नतीजा यह होता है कि जरा सी अव्यवस्था होने पर समूचा सिस्टम बैठ जाता है। पुरी में यही हुआ है। इसे कैसे रोकें, इस पर गंभीर विचार जरूरी है।

ईरान ने दिखाया विश्व को आईना

दूसरी तरफ़ वह ईरान है जो पश्चिमी देशों की 'बांटो और राज करो' की नीति का शिकार होकर ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ इस्लामिक कोऑपरेशन के 57 सदस्य देश होने के बावजूद पश्चिमी साज़िश के तहत केवल शिया-सुन्नी मतभेद के नाम पर हमेशा अलग थलग किया जाता रहा । इसके अलावा 1979 में जबसे ईरान में अमेरिका परस्त शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी का तख़्ता पलट हुआ और अयातुल्लाह रूहुल्लाह ख़ोमैनी के नेतृत्व में इस्लामी गणराज्य की स्थापना हुई तभी से ईरान अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का भी सामना करता आ रहा है।

इस अमेरिकी विरोध की वजह केवल यह थी कि अयातुल्लाह ख़ोमैनी के नेतृत्व वाली इस्लामिक क्रांति ने ईरान को न केवल पश्चिमी सभ्यता से मुक्त कर ईरानी सभ्यता पर चलने की राह हमवार की बल्कि ईरान की तेल सम्पदा को लेकर अमेरिकी मनमानी किये जाने के अमेरिकी सपनों को भी चकनाचूर कर दिया। यही वजह थी कि अमेरिका ने ईरान के 1979 इस्लामिक क्रांति के बाद के शासन को 'कट्टरपंथी शासन' कह कर संबोधित करना शुरू कर दिया। और पूरे विश्व में ईरान को लेकर यही धारणा बनाने की कोशिश भी की।

तनवीर जाफ़री

मध्य एशिया में मंडरा रहे युद्ध के बादल फ़िलहाल छंटते हुये नज़र आ रहे हैं। 13 जून को इस्राईल ने ईरान पर अचानक बड़ा हमला कर दिया था। इन हमलों में ईरान के उच्चस्तरीय 20 कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाइयां कीं। दोनों ओर से ड्रोन व मिसाइल की बौछार 12 दिनों तक होती रही। इस्राईल के इतिहास में यह पहला मौक़ा था जब ईरान जैसे किसी देश ने धोखे से किये गये उसके हमलों का ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया जिसकी इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू या इस्राईल की जनता ने भी कभी कल्पना नहीं की होगी। इस्राईल बनाम ईरान संघर्ष में इस्राईल के वजूद से सम्बंधित कुछ बातें कभी भी नज़रअंदाज़ नहीं की जा सकतीं। जर्मन तानाशाह एडोल्फ़ हिटलर के उत्पीड़न के बाद यहूदी मुख्य रूप से 1930 के दशक से 1940 के दशक के बीच फ़िलिस्तीनियों की अनुकम्पा से यहाँ बसने लगे। इस दौरान, लगभग 2,50,000 यहूदी फ़िलिस्तीन पहुंचे थे । द्वितीय विश्व युद्ध 1939-1945 के बाद, विशेष रूप से होलोकॉस्ट के बाद, 1945 से 1948 तक यहूदी प्रवास फिर से बढ़ा, और 1948 में इस्राईल की स्थापना के साथ यह प्रक्रिया और भी तेज़ हो गयी। चूँकि इस्राईल को अरब के इस क्षेत्र में बसाने में पश्चिमी देशों ख़ासकर अमेरिका व ब्रिटेन की दूरगामी सोच काम कर रही थी इसलिये इन देशों ने इसे भरपूर समर्थन देकर न केवल इनके फलने फूलने में इस्राईल की पूरी मदद की बल्कि क़ब्ज़े की इस ज़मीन पर अपने विस्तार के लिये की जाने वाली हिंसक कार्रवाइयों में भी हमेशा इनके साथ रहे। इसी अमेरिकी समर्थन का नतीजा है कि इस्राईल गत दो वर्षों में ग़ज़ा के लगभग 80 हज़ार बेगुनाह व निहत्थे लोगों को मार चुका है।और उसकी बर्बरतापूर्ण कार्रवाई अभी भी जारी है। दूसरी तरफ़ वह ईरान है जो पश्चिमी देशों की 'बांटो और राज करो' की नीति का शिकार होकर ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ इस्लामिक कोऑपरेशन के 57 सदस्य देश होने के बावजूद पश्चिमी साज़िश के तहत केवल शिया-सुन्नी मतभेद के नाम पर हमेशा अलग थलग किया जाता रहा । इसके अलावा 1979

में जबसे ईरान में अमेरिका परस्त शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी का तख़्ता पलट हुआ और अयातुल्लाह रूहुल्लाह ख़ोमैनी के नेतृत्व में इस्लामी गणराज्य की स्थापना हुई तभी से ईरान अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का भी सामना करता आ रहा है। इस अमेरिकी विरोध की वजह केवल यह थी कि अयातुल्लाह ख़ोमैनी के नेतृत्व वाली इस्लामिक क्रांति ने ईरान को न केवल पश्चिमी सभ्यता से मुक्त कर ईरानी सभ्यता पर चलने की राह हमवार की बल्कि ईरान की तेल सम्पदा को लेकर अमेरिकी मनमानी किये जाने के अमेरिकी सपनों को भी चकनाचूर कर दिया। यही वजह थी कि अमेरिका ने ईरान के 1979 इस्लामिक क्रांति के बाद के शासन को 'कट्टरपंथी शासन' कह कर संबोधित करना शुरू कर दिया। और पूरे विश्व में ईरान को लेकर यही धारणा बनाने की कोशिश भी की।

उधर ईरान के अतिरिक्त इस्लामी जगत के लगभग सभी शेष देश पश्चिमी देशों ख़ासकर अमेरिका की आँखों का तारा बने रहे। इसी लिये अमेरिका ने बहरीन,कुवैत,यूएई,इराक़,सऊदी अरब,जॉर्डन जैसे अनेक देशों को ईरान का भय दिखा कर इन देशों की सुरक्षा करने के नाम पर यहाँ अपने सैन्य ठिकाने बना रखे हैं। कई अमेरिकी युद्धपोत भी इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। अमेरिका यह सारी क़वायद केवल ईरान को घेरने की अपनी दूरगामी साज़िश के तहत करता आ रहा है। उधर ईरानी नेतृत्व जिसकी बागडोर उन शिया उलेमाओं के हाथों में है जिनकी प्रेरणा का मुख्य स्रोत हज़रत अली व उनके पुत्र हज़रत इमाम हुसैन का वह घराना है जिसने लगभग 1450 वर्ष पूर्व करबला (इराक़) में अपनी व अपने परिजनों की क़ुर्बानी देकर इतिहास में सुनहरे अक्षरों में रहती दुनिया तक के लिये यह लिख दिया कि दुश्मन चाहे जितना ताक़तवर क्यों न हो परन्तु यदि वह क्रूर है,अमानवीय है,असत्य और हिंसा पर चलने वाला है,अधार्मिक है तो ऐसे दुश्मन के आगे सिर्फ़ उसकी ताक़त से प्रभावित होकर झुकना 'अधर्म' है। उस समय हुसैन ने यज़ीद की लाखों की सेना की परवाह नहीं की। जिसका नतीजा है कि आज पूरे विश्व में अली और उनके बेटे हुसैन का परचम लहराते देखा जा सकता है जबकि कोई मुसलमान अपने औलादों का नाम तक यज़ीद रखना पसंद नहीं करता।

उसी करबला से प्रेरणा लेकर ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह ख़ामनेई ने इतिहास में पहली बार वह कर दिखाया जिसकी दुनिया उम्मीद भी नहीं कर रही थी। ईरान की तरफ़ से इस्राईल पर इतने ज़बरदस्त जवाबी आक्रमण हुये कि यदि एक सप्ताह और युद्ध खिंचता तो संभवतः पूरा इस्राईल खंडहर में तब्दील हो जाता। उधर चतुर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी ईरानी आक्रामकता से भयभीत होकर अपनी इज़्ज़त बचाने के अवसर तलाशने लगे। दुनिया में कोई देश ऐसा नहीं जो इस्राईल व अमेरिका को एक साथ चुनौती देने का साहस रखता हो। वर्तमान समय की सच्चाई तो यही है कि जैसे इलाक़े के गुंडे के साथ खड़े होकर लोग अपने आप को भी सूरमा समझने लगते हैं उसी तरह अमेरिका का पिछलग्गू या उसका चाटुकार बनना भी दुनिया के अनेक देश अपना सौभाग्य समझते हैं। कुछ अमेरिकी शक्ति से प्रभावित होकर कुछ मधुर रिश्ते बनाये रखने की ख़ातिर तो कुछ व्यावसायिक दृष्टिकोण के मद्देनज़र। परन्तु ईरान अकेला ऐसा देश है जिसने 46 वर्षों के लम्बे अरसे का अमेरिकी प्रतिबंध झेलने के बावजूद अपने आप को इतना मज़बूत कर लिया कि इस्राईल को अपना अस्तित्व ख़तरे में पड़ता नज़र आने लगा तो अमेरिका को अपनी झूठी आबरू बचाने की नौबत आन पड़ी।

बहरहाल,दोनों देशों के बीच युद्ध विराम की ख़बर से पूरी दुनिया ने चैन की सांस तो ज़रूर ली है। परन्तु इस युद्ध विराम को लेकर इस्राईल व अमेरिका द्वारा किये जा रहे भ्रामक दावों के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह ख़ामनई का बयान एक बार फिर ईरान के मज़बूत पक्ष व उसके बुलंद हौसलों की तस्वीर पेश करता है। आयतुल्लाह ने साफ़ साफ़ कहा है कि ईरान न तो 'थोपी गई जंग' स्वीकार करेगा और न ही 'थोपी गई शांति'। ईरान किसी तरह के दबाव के आगे नहीं झुकेगा और किसी भी बाहरी हस्तक्षेप, ख़ासकर अमेरिका की सैन्य दख़लअंदाज़ी का कड़ा जवाब देगा। उन्होंने ने अमेरिका को साफ़ शब्दों में चेतावनी भी दी कि यदि वह इस्राईल-ईरान युद्ध में सैन्य हस्तक्षेप करता है तो उसे ऐसा नुक़सान झेलना पड़ेगा जिसकी भरपाई नहीं हो सकेगी। 'जंग का जवाब जंग से, बम का जवाब बम से, और हमले का जवाब हमले से' दिया जाएगा। यह बयान उनकी निडरता व उनके उस आक्रामक रुख़ को भी दर्शाता है, जिसमें उन्होंने यह स्पष्ट किया कि ईरान किसी भी हमले का जवाब उसी स्तर पर देगा और किसी तरह की कमज़ोरी हरगिज़ नहीं दिखाएगा। ख़ामनई ईरान के सर्वोच्च नेता होने के साथ साथ देश के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ़ भी हैं। और सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ़ होने के चलते ईरान के संविधान के अनुच्छेद 110 के तहत सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामनेई को ही युद्ध या शांति की घोषणा करने का अधिकार हासिल है। लिहाज़ा कहना ग़लत नहीं होगा कि ईरान ने विश्व विजेता समझने की ग़लतफ़हमी पालने वाले देशों को अपनी जवाबी कार्रवाई और भविष्य के इरादों से उन्हें आईना ज़रूर दिखा दिया है।

अध्यात्म

ईर्ष्यालु व्यक्ति, किसी को सुखी-संपन्न नहीं देख सकता है

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे कुबड़ी-कुबड़ी कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा। महिला बोली, भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए। नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए।

आश्चर्यचकित होकर बोले, बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा/ बुढ़िया बोली, मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी। नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है। बुढ़िया का मनोरथ पूरा करने का उनका कोई इरादा नहीं था। बोले, मैं तो तुम्हारा भला करने की सोच रहा था, दूसरों का बुरा कर पाप का भागी क्यों बनूं और अंतर्धान हो गए। अब बुढ़िया अपनी कूबड़ के साथ पहले जैसी ही चाल में चली जा रही थी।

प्रदेश के लिए जरुरी था जल गंगा संवर्धन अभियान

जल गंगा संवर्धन अभियान की महत्ता और सफलता के लिए सिर्फ एक उदाहरण है कि मध्यप्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में चिंतामण गणेश मंदिर स्थित प्राचीन लक्ष्मण बावड़ी एक अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पौराणिक स्थल है। इस बावड़ी का उल्लेख कई प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है। इसके जल को पवित्र और चमत्कारी माना जाता रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की दूरदर्शी सोच के जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किए गए भागीरथी प्रयासों से आज यह प्राचीन बावड़ी फिर से अपने पौराणिक स्वरूप में लौट आई है, और आस्था के केन्द्र में पुनः स्थापित हो गई है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रदेश में लाखों जल संरचनाओं को जीर्णोद्धार कर पुनर्जीवन प्रदान किया गया है ।

डॉ. हरीशकुमार सिंह

दिसंबर 1992 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 22 मार्च को विश्व जल दिवस घोषित किया और वर्ष 1993 में पहला विश्व जल दिवस मनाया गया। विश्व भर में जल को लेकर कई चिंताएं हैं जिनमें मुख्य रूप से जल संकट, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन सम्मिलित हैं। जल संकट का आशय दुनिया भर में कई लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पानी उपलब्ध नहीं है जिससे स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और आर्थिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वैश्विक जल संकट के अंतर्गत दुनिया की लगभग पच्चीस प्रतिशत आबादी पानी की कमी और तनाव का सामना कर रही है और आने वाले दिनों में ये संकट और भी बढ़ने वाला है। भारत और अन्य तीन देशों में हुए एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2040 तक पूरी दुनिया को पीने के पानी की किल्लत का सामना कर पड़ सकता है क्योंकि भूगर्भीय जल का स्तर तेजी से कम हो रहा है। जल की कमी कई कारणों से हो रही है जिनमें जल की मांग , आपूर्ति से अधिक होना,जल संबंधी बुनियादी ढांचा का अपर्याप्त होना भी है। जल की कमी विश्व में हर कहीं महसूस की जा रही है जिसका सबसे बुरा असर गरीब और निचले समुदायों पर पड़ता है। जैसे जैसे वैश्विक जनसँख्या बढ़ रही है उपलब्ध जल संसाधनों का सरंक्षण और नए जल प्रबंधन की अत्यंत आवश्यकता है।

केंद्र सरकार ने भी जल संसाधनों की योजना और विकास और उनके इष्टतम उपयोग को नियंत्रित करने के लिए जल संसाधन मंत्रालय द्वारा वर्ष 1987 में पहली राष्ट्रीय जल नीति बनाई गई है और समय समय पर इसे अद्यतन भी किया गया है। राष्ट्रीय जल नीति जल प्रबंधन के लिए क़ानून विकसित करने और राज्यों की क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप राज्य स्तरीय जल नीतियों पर कार्य करना है। राष्ट्रीय जल नीति में पानी को सार्वजनिक संपत्ति और राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में मान्यता दी गई है और पानी के उपयोग के लिए एक पारिस्थितिक दृष्टिकोण अपनाया गया है।

जाहिर है कि मध्यप्रदेश में भी जल के उचित प्रबंधन, जल संसाधनों के सरंक्षण और जल के लिए नवीन कार्य योजनाओं की आवश्यकता महसूस कीं जाती रही है। भूजल स्तर में कमी, अंतर्राजीय नदी जल विवाद, जलाशयों का मरना, जल प्रदूषण, जल भराव, वर्षा जल संचयन जैसी समस्यायें मध्यप्रदेश में भी रहीं है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश का कार्यभार संभालते ही सबसे पहले अंतर्राजीय नदी जल विवाद का समाधान किया और दिसम्बर 2024 में पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना के लिए केंद्र, राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच बहत्तर हजार करोड़ रूपये की एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये जिससे दोनों राज्यों को सिंचाई सुविधा और जल की उपलब्धता हो सके। ताप्ति बेसिन मेगा रिचार्ज प्रोजेक्ट के तहत महाराष्ट्र से समझौता किया गया। इसके बाद जरुरी था कि राष्ट्रीय जल नीति के अनुरूप प्रदेश में पानी का सरंक्षण, जल संसाधनों का विकास, पानी का वितरण, जल प्रदूषण नियंत्रण, जल के लिए सतत

कार्य और सार्वजनिक भागीदारी से जल के लिए जन जागृति लाई जाए। वैसे भी भारतीय दर्शन में पृथ्वी,जल,अग्नि,वायु और आकाश पंचतत्व माने गये हैं जिनमें जल महत्वपूर्ण घटक है और पर्यावरण के अंतर्गत तीन महत्वपूर्ण घटक आते हैं जिनमें जल, जंगल और जमीन सम्मिलित हैं और इनके सरंक्षण से प्रकृति और मानव सभ्यता के बीच संतुलन बना रहता है।

बेहतर और प्रभावी जल प्रबंधन के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन किया और इस अभियान से पूरे प्रदेश को जोड़ा। पहले की राज्य सरकारों की कागजी योजनाओं की बजाय इस जल गंगा संवर्धन अभियान को जमीन पर उतारा और अभियान की गति और सफलता पर पूरी नजर रखी। अभियान का आयोजन 30 जून तक था जिससे प्रदेश में वर्षा से पहले, जल को रोकने के समस्त उपाय किये जा सकें और भूजल का स्तर बढ़ाया जा सके। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान को मुख्यमंत्री जी ने जनआंदोलन बना दिया और जिले के कलेक्टर, वन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, प्रदेश के जलदूत , जनप्रतिनिधियों ने मिलकर खेत - तालाबों से लेकर ऐतिहासिक बावड़ियों तक जल संरक्षण के लिए व्यापक कार्य ऐतिहासिक बावडियों के जीर्णोद्धार के लिए किये गये। प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए प्रभावी कार्य किए गए जिनमें कुँओं का रिचार्ज , झिरियाँ, स्टॉप डेम, वन्य जीव सरंक्षण आदि सम्मिलित हैं। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के जनजातीय परिवारों को भी इस अभियान से जोड़ा जाकर जल और जंगल के बचाव और समृद्धि के प्रयास किये गये हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश की नदियों का गौरव और अस्मिता को लौटाना है जिससे नदियाँ फिर से और प्रवाहमान और सिंचाई के लिए तैयार हो सकें। राजधानी भोपाल में जनजागरण और चेतना के लिए सदानीरा जैसे सांस्कृतिक आयोजन भी राज्य सरकार ने करवाए जिससे ये अभियान, आन्दोलन बन सके। आगामी बारिश में सात करोड़ से अधिक पौध रोपण की भी तैयारी है।

जल गंगा संवर्धन अभियान की महत्ता और सफलता के लिए सिर्फ एक उदाहरण है कि मध्यप्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में चिंतामण गणेश मंदिर स्थित प्राचीन लक्ष्मण बावड़ी एक अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पौराणिक स्थल है। इस बावड़ी का उल्लेख कई प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है। इसके जल को पवित्र और चमत्कारी माना जाता रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की दूरदर्शी सोच के जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किए गए भागीरथी प्रयासों से आज यह प्राचीन बावड़ी फिर से अपने पौराणिक स्वरूप में लौट आई है, और आस्था के केन्द्र में पुनः स्थापित हो गई है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रदेश में लाखों जल संरचनाओं को जीर्णोद्धार कर पुनर्जीवन प्रदान किया गया है । झाबुआ, देवास, बुरहानपुर, अलीराजपुर, जबलपुर, विदिशा, खंडवा, हरदा,उमरिया सहित समूचे प्रदेश में भूजल के स्तर को बढाने के उपाय किये गये हैं। जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मियों को पुरस्कृत भी किया गया है । पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन के ये प्रयास वर्षा ऋतु में जल संग्रहण बढ़ाने और भू-जल स्तर सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे इसमें संदेह नहीं है। आने वाले दिनों में शहरों में पानी को पीने योग्य बनाने के लिए, बड़े पैमाने पर जल शोधन संयंत्रों की क्षमता का आकलन और नवीनीकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता में होगा जिससे पीने का पानी सभी को हमेशा की तरह मुफ्त उपलब्ध हो सके।

आज का कार्टून

राशिफल

मेष
अपने व्यवहार को लेकर लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आप नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। गले में इन्फेक्शन और जुकाम की समस्या हो सकती है।

वृषभ
कारोबार में आपको अपेक्षाकृत लाभ प्राप्त होगा। आप आज काफी ज्यादा व्यस्त रहेंगे। उलझे हुये मामलों को आप सुलझाने का प्रयास करें।

मिथुन
परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है।

कर्क
पति-पत्नी के मध्य आपसी सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा। रक्तचाप की समस्या से निजात मिल सकती है। नया कारोबार शुरू करने के योग बन रहे हैं।

सिंह
मानसिक अशान्ति के कारण एकाग्रता में कमी हो सकती है। एक साथ कई काम करने पड़ेंगे। बच्चों के ऊपर गर्व की अनुभूति होगी।

कन्या
दाम्पत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। आपको नयी जिम्मेदारियाँ मिल सकती है। जोखिम भरे निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं।

तुला
आज बहुत सारा समय आत्ममन्थन में व्यतीत होगा। सोशल मीडिया में आप महत्वपूर्ण मुद्दों की चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं।

वृश्चिक
अपनी आवश्यकताओं से अधिक धन खर्च न करें। आपके भीतर नयी ऊर्जा का संचार होगा। कड़ी मेहनत के बाद ही सफलता मिलेगी।

धनु
धैर्य में कमी होने के कारण महत्वपूर्ण अवसरों को खो सकते हैं। अपनी वाणी में नियन्त्रण रखने की आवश्यकता है। अप्रिय कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। बच्चों की परवरिश पर ध्यान अवश्य दें।

मकर
नयी वस्तुओं को खरीद सकते हैं। पुराने ऋणों को चुकाने के लिये दिन बहुत अच्छा है। घर के अनुभवी सदस्यों से राय अवश्य लें। व्यापारियों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है।

कुंभ
मान-सम्मान की चिन्ता रहेगी। विद्युतीय उपकरणों में खराबी आ सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों से बहसबाजी न करें। नयी व्यापारिक साझेदारी होने के योग बन रहे हैं।

मीन
आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। तकनीकी विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ हँसी-मजाक भरा समय बितायेंगे।

मतदाता पुनरीक्षण का हो व्यापक प्रचार : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने सोमवार की संध्या विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ विशेष गणना पुनरीक्षण की समीक्षा की। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को 5 जुलाई तक सभी मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से गणना प्रपत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही 10 जुलाई तक सभी गणना प्रपत्र को वापस बीएलओ के माध्यम से जमा कराने का भी निर्देश दिया गया। विशेष गणना पुनरीक्षण को लेकर अनुमंडल स्तर एवं प्रखंड स्तर पर कंट्रोल रूम बना कर नम्बर सार्वजनिक करने एवं कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्त कर्मियों को प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया गया। जिले में रह रहे लोग जिला के कंट्रोल नबर 1950 पर संपर्क कर का मतदाता पुनरीक्षण संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते है। साथ ही कंट्रोल रूम में 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि कंट्रोल रूम में फोन कर कोई भी मतदाता 2003 में उनका नाम अंकित है कि नहीं वो पता कर सकते है। पुनरीक्षण के कार्य में कोताही बरतने वाले बीएलओ को हटाते हुए उनके स्थान पर दूसरा बीएलओ चयन करने का निर्देश दिया ताकि कार्य नहीं करने वाले बीएलओ पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिन-जिन मतदाताओं का नाम 2003 की मतदाता सूची में शामिल है। उनसे अन्य किसी भी प्रकार की दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर किसी मतदाता के माता-पिता का नाम भी 2003 के मतदाता सूची में शामिल है। उन्हें भी किसी भी प्रकार के दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें सिर्फ गणना प्रपत्र के साथ 2003 की मतदाता सूची लगाना होगा। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र भरना होगा। जिला पदाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निदेश दिया है कि सभी अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी बीएलओ सुपरवाइजर के मोबाइल में निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए ऐप को इंस्टल करवाना सुनिश्चित करेंगे। एवं उन्हें वो ऐप चलाने की प्रशिक्षण कराना भी सुनिश्चित करेंगे। ताकि सभी बीएलओ सुपरवाइजर अपने अंतर्गत सभी बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की मनिटरिंग कर सके।

विशेष पुनरीक्षण कार्य में लगे हैं 6500 कर्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिले के सातों विधान सभा क्षेत्र के कुल 2245144 मतदाता गणना प्रपत्र प्रिंट करा लिया गया है। प्रिंट के उपरांत अभी तक बीएलओ द्वारा 112968 मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध करा दिया गया है। जिसमें से अब तक 27665 गणना प्रपत्र मतदाताओं द्वारा भरकर सभी दस्तावेज के साथ बीएलओ को वापस भी कर दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को 5 जुलाई तक शत-प्रतिशत मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से गणना प्रपत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही 10 जुलाई तक सभी मतदाताओं का गहन पुनरीक्षण कर गणना प्रपत्र जमा करने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने प्रखंड स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर बनाये गये कंट्रोल रूम से प्रत्येक बीएलओ से दो-दो घंटे में बातकर कितना कार्य उनके द्वारा किया गया है। इसकी समीक्षा करने का निर्देश दिया है। साथ ही जिन बीएलओ को प्रपत्र वितरण में कठिनाई हो, उसके साथ वोलेटियर्स की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को दिया। ज्ञात हो कि जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में 7 निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 68 सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 217 बीएलओ सुपरवाईजर, 2097 बीएलओ, 246 सेक्टर पदाधिकारी कार्य कर रहे है। साथ ही इस विशेष गहन पुनरीक्षण को ससमय सफल बनाने के लिए लगभग 6500 लोगों को लगाया गया है। जिसमें 2254 पदाधिकारी एवं कर्मी तथा 3943 वोलेटियर्स शामिल हैं।

एक नजर

राजकुमार बने जदयू के प्रदेश सचिव

बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बखरी के गांव निवासी एवं पूर्व मुखिया रामशरण राय के पुत्र राजकुमार राय को जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार द्वारा किया गया। राजकुमार राय के मनोनयन की खबर मिलते ही क्षेत्र के जदयू कार्यकर्ताओं और समर्थकों, साथियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक सशक्त कदम बताया है। वहीं इसको लेकर जवाहर राय, नरेश पासवान, अभय कुमार सिंह धर्म, डा. राजेश कुमार, चंदन कुमार, अजय सदा, कैलाश महतो, नीरज कुमार राय, लड्डू लाल राय, मनू कुमार केसरी, कुंदन कुमार, संजय पासवान आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

जिप सदस्य ने किया सड़क का उद्घाटन

वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड के वीरपुर गांव वार्ड संख्या 12 स्थित विश्वकर्मा मंदिर चौक से रघुनाथदास ठाकुरवाड़ी बलान नदी तक 12 फिट चौड़ी एवं 400 फिट लंबी पीसीसी सड़क का निर्माण होने के उपरांत बुधवार को वीरपुर के जिला परिषद सदस्या शिल्पी कुमारी ने विधिवत रूप से फीता काट कर उद्घाटन करते हुए आम लोगों को समर्पित किया। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि ये सड़क लगभग बीस वर्षों से नवनिर्माण हेतु बहुप्रतीक्षित था जिसका बनना बहुत जरूरी था। यह सड़क नौ लाख पचहत्तर हजार एक सौ सतहत्तर रूपए की लागत से निर्माण किया गया। इस सड़क को बन जाने से अब विश्वकर्मा मंदिर और रघुनाथदास ठाकुरवाड़ी में पूजा अर्चना करने के लिए आने वाले श्रधालुओं को अब गंद्गी से नहीं गुजरना पड़ेगा साथ ही आम जन मानस को आवा गमन में सहूलियत होगी। मौके पर नाथों साह, विकास चौधरी, पंकज चौधरी , रवीश जायसवाल, सत्यनारायण साह, पोशो राय, सुधीर राय, शंभु मोची, दशरथ राय, उपेंद्र सिंह, दीपक कुमार, नीरज कुमार, अभिषेक कुमार, रंजीत साह, सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

विदाई समारोह का आयोजन

आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। भोजपुर जिले के चरपोखरी स्थित स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय के प्रेक्षागृह में शिक्षिका प्रतिमा कुमारी का स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वे 12 वर्ष पूर्व इस विद्यालय में अपना योगदान दिया था। तब से लेकर आज तक शिक्षा का अलख जगाई। प्रतिमा कुमारी मौलिक रचनात्मक अंदाज में शैक्षणिक परिवर्तन के पक्षधर रही है। ढेरों बदलाव विद्यालय गतिविधि में इन्होंने अपने समय काल में संचालित कर विद्यालय हित को सर्वोपरि रखा है। जिन्हे याद किया गया। प्रतिमा कुमारी ने कहा कि स्कूल व क्लास रूम हमारे लिए मंदिर जैसा रहा। हमने संवैधानिक मूल्यों को सर्वोपरि रख खुद को विद्यालय में तपाया है। प्रभारी एचएम अजय राय बोले कि निश्चित रूप से प्रतिमा जी में असिम संभावनाएं हैं। इनके द्वारा सृजित व्यवस्था को कभी स्कूल और छात्राएं भुल नहीं पाएंगे। शिक्षिका अर्चना कुमारी ने कहा कि उन्होने हमेशा बेहतरी के लिए विचार साझा करती रही है। कला शिक्षक रौशन राय ने कहा कि आपने 12 वर्षो तक सेवा दिया दिया है। आपके मृदुभाषी व्यवहार, कुशल शिक्षक, शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए विद्यालय याद करेगा। मौके पर शिक्षिका अर्पिता यादव, पिंकी कुमारी, रिंकल कुमारी, शिक्षक सुनित त्रिपाठी, सुकेश कुमार, मनोज कुमार समेत अन्य ने प्रतिमा कुमारी को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

जिला सहायक आपदा पदाधिकारी ने लिया बांध का जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बलिया। आगामी बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर जिला सहायक आपदा पदाधिकारी राजू कुमार के द्वारा बलिया पहुंचकर तैयारी की समीक्षा की गयी। इस दौरान उनके द्वारा सनहा गोदरगामा बांध के चेचियाही ढाला पर पहुंचकर बांध का जायजा लिया। साथ ही स्थानीय सीओ रबि कुमार से बाढ़ के दिनों में नाव का परिचालन, सामुदायिक किचन, पोलीथीन की उपलब्धता, पशुचारे की व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा एवं बाढ़ के दिनों में बांध पर शरण लेने वाले लोगों के लिये समुचित व्यवस्था की जानकारी ली गयी। बांध पर पहुंचे सहायक आपदा पदाधिकारी से स्थानीय लोगों के द्वारा लखमिनियां-मसुदनपुर पथ के चेचियाही ढाब में बाढ़ के दिनों में होने वाले हादसे की जानकारी देते हुये ढाब के सपाट पुलिया पर रेलिंग लगाने एवं पुलिया तक सड़क को दुरूस्त करने की मांग पर सहायक आपदा पदाधिकारी के द्वारा स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया। साथ ही उन्होंने लोगों से आरडब्लूडी को पत्र लिखकर शीघ्र इसे दुरूस्त करने का आश्वासन भी दिया गया। इस संबंध में सीओ रवि कुमार ने बताया कि बाढ़ को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। जिलाधिकारी के द्वारा शीघ्र ही विगत वर्ष चलाये गये नाव के बकाये राशि का भुगतान करने की भी बात कही गयी है। आवंटन आने पर शीघ्र ही भुगतान भी कर दिया जायेगा। मौके पर जल संसाधन विभाग के कनीय अभियंता अखिलेश कुमार सहित कई स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

मिथिला में कुंभ को पुनर्स्थापित कर भारत का बढ़ाया मान : स्वामी चिदात्मन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बीहट। सर्वमंगला सिद्धाश्रम सिमरिया धाम स्वामी चिदात्मन जी महाराज ने सैकड़ों श्रदालुओं एवं भक्तों साथ मंगलवार को तीर्थस्थली सिमरिया धाम में भ्रमण करते हुए राम जानकी गंगा घाट पहुंचे। जहां उन्होंने गुरु पूर्णिमा के महत्व एवं सिद्धिदात्री माता के पूजन के महत्व की चर्चा की। इस पुनीत अवसर पर स्वामी चिदात्मन महाराज ने कहा कि जहां से भौतिक अनुसंधान का अंत होता है। वहां से आध्यात्मिक अन्वेषण शुरू हो जाते है। यह अनुसंधान जगत के कल्याण के लिये ही हो रहा है। मिथिला में अनादि काल से मंथन हो रहा है। जहां जिह्वा से सरस्वती सरसती है, वही तो मिथिला है। सिमारिया धाम मिथिला का प्रवेश द्वार पर स्थित है। मिथिला ज्ञान और दान की भूमि हैं। यहां पर सौभाग्यशाली ही जन्म लेते है। मिथिला ने आदि कुंभ को

पुनर्स्थापित कर विश्व में भारत का मान बढ़ाया है। क्योंकि हम भारतीय देव ऋण, पितृ ऋण तथा गुरु ऋण को प्रमुखता से चुकाते है। तभी भारतीय कहलाते है। हमारे प्रधानमंत्री सम्पूर्ण विश्व के कल्याण की कामना से कार्य करते है, वे आदि कुंभस्थली सिमारिया धाम को अपनी मान्यता प्रदान कर सच्चे भारतीय का कर्तव्य निभाया है। वैसे भी उनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रहित के लिये समर्पित है। हम भारतीय जीवन में पूर्णता प्राप्त करने के लिये विभिन्न संस्कारों को प्रमुखता से अपनाते है। क्योंकि दानवतव से मानवत्व और मानवत्व से देवत्व तक का सफर पूरा कर पूरनतव प्राप्त करने के लिये हम वेदों पर आधारित मर्यादाओं को प्रमुखता से पालन करते है और इसके लिये हम संस्.त भाषा को अपना कर अपनी संस्कृति की रक्षा करते है। हम भारतीय माता पिता और गरू को ही अपना सर्वस्व मानते है। उनके द्वारा बताये रास्ते पर चल कर अपने जीवन की सार्थकता सिद्ध करते है। इस अवसर पर सरकार चिदात्मन जी महाराज ने सभी सर्वमंगला शिष्यों को आगामी अर्द्धकुंभ की तैयारी पावन पर्व की तरह करने का आह्वान किया है। अतिथियों की सेवा और कुंभ पर सम्पूर्ण विश्व के कल्याण हेतु कामना की भावना रखने का आह्वान किया है। सिमारिया धाम में अनादि काल से कल्पवास की परम्परा चली आ रही है। इस अवसर पर व्यवस्थापक रविन्द्र ब्रह्मचारी, मीडिया प्रभारी नीलमणि रंजन, महासचिव राजकिशोर सिंह, सचिव दिनेश प्रसाद सिंह, उषा रानी, नवीन प्रसाद सिंह, सुशील चौधरी, राजा झा, तरुण सिंह, सुबोध सिंह, रत्नेश पाठक, नारायण झा, रमेश झा, दिनेश झा, राजेश झा, शंभु मिश्र, हरिनाथ मिश्र, कौशलेंद्र सिंह, रितेश कुमार, श्याम झा, राम झा, लक्षण झा सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

आइएमए ने डॉक्टर्स डे पर किया कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जिला शाखा द्वारा डॉक्टर्स डे के अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन आईएमए हॉल में किया गया। इस आयोजन में शहर तथा आस-पास के क्षेत्रों से 300 से अधिक चिकित्सकों ने भाग लिया। इस वर्ष कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें महिला चिकित्सकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनके समर्पण, सेवा और समाज में योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। समारोह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विचार गोष्ठियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख समस्याओं और उनके समाधान पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम की भव्य शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बेगूसराय के सिविल सर्जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन डा. राम रेखा के द्वारा किया गया। आईएमए बेगूसराय के अध्यक्ष डा. एके राय एवं सचिव डा. पंकज कुमार सिंह ने सभी उपस्थित अतिथियों, चिकित्सकों तथा कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

हनुमंत कथा एवं सनातन प्रचार कार्यक्रम का भव्य आयोजन

बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। सैदाबाद-अमीराबाद ग्राम में एक दिवसीय हनुमंत कथा सह सनातन प्रचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आचार्य दीपक गिरि द्वारा हनुमंत कथा प्रस्तुत की गई। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु एकत्रित हुए। कार्यक्रम में एचडीआरएस के तत्वावधान में धर्मरक्षा का संदेश दिया गया। संगठन ने कहा 'यदि आज हम धर्म की रक्षा करेंगे, तभी धर्म हमारी रक्षा करेगा।' इस मौके पर एचडीआरएस अध्यक्ष कुणाल किशोर, संस्थापक सदस्य दीपक गिरी, नवनीत पाठक, प्रखंड संयोजक गुड्डू गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, रितिक रोशन आदि थे।

लंबी कूद प्रतियोगिता में छात्रों ने लहराया परचम

समावेशी विकास के लिए खेल से जुड़ना जरूरी : डा. अमित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बखरी। अभाविप के बैनर तले बखरी में विगत एक हफ्ते से खेलो बखरी प्रतियोगिता जारी है। इस दौरान विभिन्न विधाओं में छात्र बढ़-कर कर भाग ले रहे हैं। गुरुवार को हुई लंबी कूद प्रतियोगिता में स्कूली बच्चे सहित फिजिकल अकादमी के दर्जनों छात्रों ने खेल विधा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान उपस्थित बच्चों से खेल के सकारात्मक पहलू पर चर्चा करते हुए डा. कुमार अमित ने कहा कि समावेशी विकास के लिए युवाओ को खेल से जुड़ना होगा। छोटे-छोटे बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए उन्हें अवसर देकर आगे बढ़ना होगा। बखरी में प्रतिभा की कमी नहीं है। हर क्षेत्र में यहां के बच्चे आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल से हमारे जीवन में अनुशासनपालन का बोध होता है। जिससे आगे चलकर छात्र अपने चरित्र का भी विकास कर सकते है। वही नवनिर्वाचित जिला संयोजक अनुभव आनंद ने सफल प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से ही मंजिल को प्राप्त किया जा सकता है। खेलो बखरी प्रतियोगिता युवाओं को लक्ष्य के प्रति आगे बढ़ाने का अच्छा प्रयास है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में खेलों की सुविधाएं प्रदान करने और खेलों की संस्कृति का विकास करने के लिए काफी प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा सकारात्मक पहल से युवाओं में खेल के प्रति रूचि बढ़ी है। कार्यक्रम संयोजक दिलखुश कुमार, नगर मंत्री रविंद्र कुमार ने कहा कि इस खेल उत्सव के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलकूद गतिविधियों से जोड़ना है और नशामुक्त समाज निर्माण का संदेश देना है। लंबी कूद प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में ग्रुप ए से प्रथम स्थान पल्लवी, द्वितीय भावना, तृतीय संध्या, ग्रुप बी से प्रथम पूजा, द्वितीय मोनिका, तृतीय कोमल, ग्रुप सी से प्रथम बिंदु, द्वितीय गुड़िया व तृतीय कंचन, उसी प्रकार बालक वर्ग में ग्रुप ए से प्रथम दीपांशु, द्वितीय हसन, तृतीय, अमन ग्रुप बी से प्रथम विकास, द्वितीय मनीष, तृतीय अभिषेक ग्रुप सी से प्रथम गौरव, द्वितीय राहुल, तृतीय किशन ने प्राप्त किया। मौके पर पूर्व नगर मंत्री जयशंकर जायसवाल, सौरभ कुमार, विकास मेहता, रोहित केसरी, बिट्टू, अंकित, विशाल, अनिल, दीपक, सूरज, सुमित, मिथुन विशाल, बलराम, अमरेश, शंकर सहित दर्जनों की संख्या में अभाविप कार्यकर्ता मौजूद थे।

आग से सुरक्षा को लेकर स्कूल में किया गया मॉकड्रिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। बिहार अग्निशमन सेवा द्वारा आयोजित जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन अधिकारी, अररिया बुधवार को आग से बचाव के लिए जिले के फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय गुरमही में पहुंच कर उपस्थित बच्चों के सामने मॉकड्रिल किया, जिसमें स्कूल के कर्मियों, बच्चों, और रसोई दीदी को आपातकालीन स्थिति में सतर्कता और बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इस मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य लोगों को आग लगने की स्थिति में सही तरीके से प्रतिक्रिया करने के लिए प्रशिक्षित करना था। मॉकड्रिल के दौरान, अग्निशमन कर्मियों ने आग लगने की स्थिति में क्या करना चाहिए, इस बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्कूल के कर्मचारियों को आग लगने पर तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के बारे में बताया और पुराने भवनों में समय-समय पर फायर ऑडिट कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। बताया गया कि मॉकड्रिल में, स्कूली शिक्षकों, बच्चों, और रसोई दीदी को आग लगने पर घबराने की बजाय, धैर्य रखने और सही तरीके से बचाव के उपाय करने की सलाह दी गई। इसके अलावा, अग्निशमन यंत्रों और आपातकालीन निकासी मार्गों का उपयोग करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि आग लगने पर घबराएं नहीं, बल्कि धैर्य रखें और सही तरीके से बचाव के उपाय करें। अग्नि शामलय अररिया द्वारा मॉकड्रिल कराने के दौरान बताया कि यदि आपके पास अग्निशमन यंत्र है और आप उसे चलाना जानते हैं, तो उसका उपयोग करें।

आग लगने पर, आपातकालीन निकासी मार्गो का उपयोग करके सुरक्षित रूप से बाहर निकलें। आग लगने से पहले और बाद में बरती जाने वाली सावधानियों का पालन करें। यह मॉकड्रिल एक महत्वपूर्ण पहल थी, जिसने लोगों को आग लगने की स्थिति में सुरक्षित रहने और बचाव के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की और कार्यक्रम में मुख्य रूप से मॉकड्रिल किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में मुख्य रूप से मॉकड्रिल में शामिल, प्रधान अग्नि चंदन शर्मा, अग्निक नीरज कुमार, अग्निक विनय कुमार पांडे, अग्निक चालक प्रवेश कुमार सहित स्कूल के एचएम अचल देव यादव, शिक्षकों में विजय कुमार गुप्ता, मिथिलेश कुमार, साजिद आलम, श्रीमती संजू मेम, आर्या कुमारी, सीमा कुमारी, नीलोफर अरकम, डेजी रानी, साजिद आलम,और रसोई दीदी में गूंजा देवी, ज्ञानवती, गोपाल आदि शामिल थे।

माउंट लिट्रा में डॉक्टर्स डे पर कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल एवं किडजी में राष्ट्रीय डक्टर दिवस बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और कृतज्ञता के भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महान चिकित्सक डा. बिधान चंद्र रय को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात विद्यालय के अडिटोरियम में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने डॉक्टरों के योगदान को समर्पित विभिन्न प्रस्तुतियाँ दीं। इसके बाद विद्यालय के तीन अलग-अलग छात्र समूहों ने अपने मेंटर्स के साथ शहर के प्रमुख अस्पतालों ग्लोकल हस्पिटल, आईओसी हास्पिटल और नवदंत क्लिनिक का दौरा किया। ग्लोकल हस्पिटल में छात्रों ने डक्टरों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाज में उनकी भूमिका पर सुंदर प्रस्तुति दी। डा. चंदन कुमार, डा. अविनाश कुमार, डा. भावेश कुमार, डा. महेश, डा. अप्पाना राय, डा. कन्हैया कुमार और डा. संगम कुमारी को विद्यालय की प्राचार्या डा. शीतल द्वारा भेजे गए प्रशंसा-पत्रों से सम्मानित किया गया। अस्पताल प्रशासन ने बच्चों के इस प्रयास की दिल से सराहना की। वहीं दूसरा समूह आईओसी हस्पिटल पहुँचा, जहाँ बच्चों ने डा. पंकज, डा. निखिल, डा. कोमल, डा. मित्तल, डा. पल्लवी, डा. अखिलेश और डा. महेन्द्र को डा. शीतल द्वारा भेजे गए प्रशंसा-पत्रों से सम्मानित किया गया। छात्रों की प्रस्तुतियाँ वहाँ भी अत्यंत प्रेरणादायक रहीं। तीसरा समूह विद्यालय के चेयरमैन डा. मनीष देवा के नवदंत क्लिनिक पहुँचा, जहाँ उन्हें भी बच्चों द्वारा प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया। डा. देवा ने बच्चों के इस भावपूर्ण सम्मान से अत्यंत प्रसन्न होकर आशीर्वाद दिया। डा. मनीष देवा चेयरमैन ने कहा आज का दिन हमें याद दिलाता है कि डाक्टर केवल एक पेशा नहीं। बल्कि समाज की निःस्वार्थ सेवा है। ऐसे अवसरों पर बच्चों द्वारा दिखाया गया सम्मान भावी पीढ़ी के संस्कारों को दर्शाता है।

पंचतत्व में विलीन हुए सबके प्रिय दादा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। जीडी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं सामाजिक सरोकार के धनी डॉक्टर रामकुमार सिंह का निधन बुधवार की सुबह आवास पर हुआ। इन्हे प्यार से लोग बड़े भाई के समान मानते थे। लोग प्रायः दादा कहकर पुकारते थे। डा. रामकुमार सिंह विगत कई वर्षों से बीमार थे। बुधवार को सुबह 81 वर्ष की उम्र में वह पत्नी डक्टर स्वप्ना चौधरी एवं तीन पुत्रियों, नाती नतिनियों से भरा पुरा परिवार छोड़कर स्वर्गवासी हो गए। डा. रामकुमार सिंह स्वयं गणित के विद्वान के रूप में बेगूसराय में प्रसिद्ध थे वहीं पत्नी जीव विज्ञान विषय की विदुषी हैं। अपने सार्वजनिक जीवन में कार्य करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जिला प्रमुख, विभाग प्रमुख, प्रदेश उपाध्यक्ष जैसे दायित्वों पर भी कार्य करते रहे। बेगूसराय जिले में राष्ट्रवादी विचार को आगे बढ़ाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अशांति फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

मोहर्रम को लेकर कोइलवर थाने में हुई शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोइलवर/भोजपुर। मोहर्रम को लेकर बुधवार को कोईलवर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता एसडीपीओ 2 रंजीत कुमार सिंह ने की।

एसडीपीओ ने कहा कि निर्धारित समय पर ताजिया जुलूस निकाला जाना जरूरी है, ताकि मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। अधिकारियों ने कहा कि मिल्लत के साथ मोहर्रम संपन्न कराने में आम जनों को भी सहायता करना होगा तथा शांति में खलल डालने वालों के खिलाफ सीधे कार्यवाई की जाएगी। सीसीटीवी और वीडियोग्राफी की निगरानी में जुलूस संपन्न होगा। थानाध्यक्ष नरोतमचंद्र ने कहा कि ताजियेदार,अखाडेदार व खलीफा अपने-अपने जुलूस को नियंत्रण में रखेंगे। दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगी रहेगी। संबंधित विभाग के पदाधिकारीयों को शहर की साफ-सफाई, पेयजल आदि का प्रबंध करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार सिंह, बीडीओ बीरबहादुर पाठक, सर्किल इंस्पेक्टर बिजय कुमार भारती, समाजसेवी मिथलेश राय, मुखिया शैलेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष यादवेन्द्र कुमार उर्फ विरमन्यु यादव, पूर्व मुखिया सुरेन्द्र राय, रासिद मल्लिक, बिनय कुमार, अवधेश सिंह सहित काफी संख्या में शहर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

एसएसबी के पूर्व डिप्टी कमांडेंट आरके सिंह के श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए कई गणमान्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। सेवानिवृत डिप्टी कमांडेंट, भारतीय सीमा सुरक्षा बल (राष्ट्रपति पदक से सम्मानित) एवं आरा (भोजपुर) क्लब के पूर्व सेक्रेटरी, राजकिशोर सिंह का उदवंतनगर के मसाढ़ गांव में श्रद्धांजलि सभा हुआ। जहां विभिन्न जगहों से आये मंत्री, एमएलसी, नेता, कलाकार समेत अन्य ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ काशी विश्वविद्यालय से आये महान गायक अरविंद मिश्रा निर्गुण भजन गाकर किया। मौके पर महान तबला वादक जगदंबा सिंह, संगीत कलाकार राजदेव पांडेय व उनकी मंडली शामिल थी। श्रद्धांजलि देने वालो में श्रम मंत्री, बिहार सरकार, संतोष कुमार सिंह, वरीय बीजेपी नेता सियाराम सिंह, एमएलसी राधाचरण सेठ, पूर्व एम एलसी लालदास राय, शाहाबाद परिक्षेत्र से सभी दलों के विधायक गण, जिला पार्षद बंटी शाही उर्फ अरविंद प्रताप शाही जी, जिप सदस्य शाहपुर गंगाधर पांडेय, जिप चक्की मुन्ना सिंह, बीजेपी जिलाध्यक्ष दुर्गाराज, बीजेपी बक्सर जिला के पूर्व अध्यक्ष राम कुमार सिंह, शिक्षाविद अमरेंद्र राजेश, भाजपा के संभू चौरसिया, विजय सिंह, अखिलानंद ओझा, मझिल सिंह, बीजेपी नेता अजय सिंह, उद्योगपति जिनेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, बीजेपी युवा मोर्चा के अध्यक्ष, विभु जैन, बिहार/ झारखंड एवं बीआरएमएस/ पूर्व मध्य रेल के पदाधिकारी रविंद्र उपाध्याय, बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आनंद प्रकाश, मदन सिंह, मुख्य सुरक्षा आयुक्त, हाजीपुर के निजी सचिव प्रवीण सिंह आदि उपस्थित थे।

CMYK

एक नजर

पांच नाबालिग बच्चों को बचाया, दो तस्कर गिरफ्तार

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)। नेपाल से भारत में मानव तस्करी के प्रयास को एसएसबी की मानव तस्कर रोधी इकाई ने विफल कर दिया। रक्सौल बॉर्डर स्थित मैत्री पुल के पास से 5 नाबालिग बच्चों (3 लड़कियां व 2 लड़के) को रेस्क्यू किया गया, जिन्हें दिल्ली व हैदराबाद ले जाने की तैयारी थी। इस दौरान दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी उत्तर प्रदेश और दूसरा नेपाल का निवासी है। एसएसबी 47वीं वाहिनी, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर और स्वच्छ रक्सौल की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की। बच्चों को सुरक्षित संरक्षण में भेज दिया गया है, वहीं गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ जारी है।

युवती की संदिग्ध मौत

घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)। स्थानीय भूमि विकास बैंक के पास एक मकान में घरेलू सहायिका के रूप में काम करने वाली 16 वर्षीय किशोरी का शव मंगलवार देर रात कमरे में फंदे से लटकता मिला। मृतका मिडिल स्कूल मुहल्ला निवासी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। बाद में सिकरहना एसडीपीओ अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने मकान मालिक के पिता पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

योग को बताया जीवनशैली सुधार का माध्यम

मोतिहारी। डॉक्टर्स एंड सीए डे के अवसर पर अमर रिजॉर्ट्स, स्टेशन रोड में मंगलवार को संगोष्ठी सह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर योग और आधुनिक जीवनशैली में इसके महत्व पर चर्चा हुई। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अजय वर्मा और डॉ. परवेज ने कहा कि मानसिक तनाव और अस्वास्थ्यकर जीवनशैली बीमारियों की जड़ है, जबकि योग से मन, मस्तिष्क और शरीर को संतुलन मिलता है। दंत चिकित्सक डॉ. सुरेश चंद्रा ने कहा कि प्रकृति से दूरी ही आज की अधिक्कांश बीमारियों का कारण है। क्लब द्वारा 11 डॉक्टरों को मोमेंटो व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सीए सोनल सारस्वत ने वित्तीय अनुशासन और समय प्रबंधन पर बल दिया। कार्यक्रम में लायन क्लब के कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

विवाहिता की हत्या

कोटवा (पूर्वी चंपारण)। थाना क्षेत्र के गढ़वा खजुरिया गांव में एक विवाहिता की दहेज व भ्रूण हत्या के विरोध में हत्या कर देने का मामला सामने आया है। मृतका के भाई नवबोध कुमार ने कोटवा थाना में आवेदन देकर पति समेत छह लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। आवेदन में बताया गया है कि मृतका रानी कुमारी की शादी 2019 में जितेंद्र कुमार यादव से हुई थी। शादी के बाद से ही स्कॉर्पियो की मांग को लेकर ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जाता था। 2023 में बेटी जन्म के बाद प्रताड़ना और बढ़ गई। दूसरी बार गर्भवती होने पर अल्ट्रासाउंड में फिर से बेटी होने की पुष्टि पर जबरन गर्भपात कराया गया। विरोध करने पर रॉड से मारकर व गला दबाकर हत्या कर दी गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, शेष की तलाश जारी है।

मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

पहाड़पुर (पूर्वी चम्पारण)। थाना परिसर मे थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार प्रमुख इ अमित कुमार की अध्यक्षता मे शान्ति समिति का बैठक की गई। थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने सभी लोगो से अपील की शान्ति पुर्ण वातावरण मे मोहर्रम का पर्व मनायें। उन्होंने बताया कि डीजे पर पुर्ण प्रतिबंध रहेगा। कही से कोई अप्रिय घटना या अफवाह हो तो प्रशासन को तुरंत सुचना दे पुलिस आपके सेवा मे 24 घंटे मौजुद रहेगी। बिना लाइसेंस का जुलूस पर प्रतिबंध रहेगा। श्री कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियो तथा गणमान्य लोगो से अपील किया आप सभी भी पुलिस प्रशासन का सहयोग करे तथा अपने अपने गांव पंचायत मे भी अपने स्तर देख रेख सहयोग करे। मौके पर कोटवा पंचायत के मुखिया लखन सिंह, पुर्व प्रमुख प्रेम गुप्ता, सरपंच रामाशंकर प्रसाद, समाजसेवी पप्पु आलम, रमाकांत मिश्र, सत्येन्द्र मिश्र, म आशिक अंसारी, मुन्ना कुमार, मुखिया सैयद, लालबाबु, म हातिम रजी अहमद तथा गणमान्य लोग उपस्थित थे।

छत के रास्ते घुसकर चोर ने उड़ाए पांच लाख के आभूषण और नकदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

चकिया। नगर परिषद क्षेत्र के ओझा टोला वार्ड संख्या 20 में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने एक मकान में धावा बोलकर लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने छत के ऊपर बने सीढ़ी वाले कमरे से घर के अंदर प्रवेश कर लगभग पांच लाख रुपये मूल्य के आभूषण और नकदी चुरा लिए।

घटना की जानकारी देते हुए गृहस्वामी सनी कुमार, पिता नथुनी ओझा ने बताया कि रात का खाना खाने के बाद परिवार सो गया था। तड़के करीब 3:30 बजे जब उनकी मां उठीं, तो देखा कि कमरों में सामान बिखरा पड़ा है। उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों को जगाया। जांच करने पर पाया गया कि घर के पीछे एक पेटी पड़ी थी, जिसका सामान बाहर फेंका गया था। पेटी में रखे 40 हजार रुपये नकद गायब थे। साथ ही चोरों ने करीब पांच लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और छह चांदी के सिक्के भी चोरी कर लिए। घटना की सूचना मिलने पर 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। गृहस्वामी द्वारा स्थानीय थाना में आवेदन भी दिया गया है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष गौरव कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है, आवेदन प्राप्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और चोरों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

सदर अस्पताल स्थित एएनएम स्कूल छात्रावास का किया गया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। पूर्वी चंपारण के सदर अस्पताल परिसर स्थित एएनएम स्कूल छात्रावास का निरीक्षण मंगलवार को इंडियन नर्सिंग काउंसिल ऑफ इंडिया की निरीक्षक सरस्वती देवी और बिना बानी ने संयुक्त रूप से किया। निरीक्षण दल ने छात्रावास की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, भोजन एवं आवासीय सुविधाओं का गहन अवलोकन किया।

इसके साथ ही निरीक्षकों ने सदर अस्पताल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा की। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन से प्रसव पूर्व, प्रसवोत्तर और नवजात देखभाल से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी ली गई।

दो सप्ताह से अधिक समय तक बुखार हो तो कराएं कालाजार की जांच

पॉजिटिव मरीज की पहचान पर ग्रामीण चिकित्सकों को मिलेंगे 500 रुपये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। कालाजार उन्मूलन अभियान के तहत मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चिरैया में एक दिवसीय ग्रामीण चिकित्सक उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्याम पासवान ने की। इस दौरान ग्रामीण चिकित्सकों को कालाजार रोग की पहचान, बचाव और उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. पासवान ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को 15 दिनों से अधिक समय तक लगातार बुखार हो, तो उसे तुरंत कालाजार की जांच करवानी चाहिए। उन्होंने ग्रामीण चिकित्सकों से अपील की कि ऐसे मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजें, जहां निःशुल्क जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध है। यदि मरीज कालाजार पॉजिटिव पाया जाता है, तो जानकारी देने वाले ग्रामीण चिकित्सक को 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि कालाजार के उपचार के दौरान मरीजों को सरकार द्वारा 7100 रुपये की श्रम क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है। वहीं पीकेडीएल (पोस्ट कालाजार डर्मल लीशमैनियासिस) मरीजों को इलाज के बाद 4000 रुपये की अतिरिक्त सहायता दी जाती है। पीकेडीएल मरीजों को 84 दिनों तक दवा लेनी होती है, जबकि सामान्य कालाजार का इलाज एक ही दिन में पूरा हो सकता है। कार्यक्रम में जिला से आए पिरामल स्वास्थ्य संस्था के प्रतिनिधि धीरेंद्र प्रसाद ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की भी जानकारी दी और समुदाय को जागरूक करने पर बल दिया।

एसडीएम ने गणना प्रपत्र के वितरण कार्य का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सुगौली सह अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी श्वेता भारती के द्वारा आज सुगौली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी के द्वारा गणना प्रपत्र के वितरण कार्य का धरातल पर जाकर जायजा लिया गया और उनसे बात की गई एवं आम मतदाताओं से बात कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में कराए जा रहे हैं गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी गई एवं इसमें उन्हें भरपूर सहयोग करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि यह पुनरीक्षण एक तरह का सत्यापन है जिसमें सभी योग्य मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इसलिए सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी मतदाता सूची 2003 के आधार पर गणना प्रपत्र भरवाने में आपका सहयोग करेंगे। आप सभी मतदाता गणना प्रपत्र भरकर उसे पर हस्ताक्षर कर अपने अपने मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी को सौंप दें जिनके द्वारा इसे ऑनलाइन ऐप के माध्यम से अपलोड कर दिया जाएगा।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में जहानाबाद जिला प्रशासन पूरी तत्परता से जुटा है। इसी क्रम में बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडेय ने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों–जहानाबाद (विधानसभा-216), घोसी (विधानसभा-217) और मखदुमपुर (विधानसभा-218)–का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित मतदान केंद्रों का दौरा कर बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) द्वारा वितरित किए जा रहे गणना प्रपत्रों की समीक्षा की। उन्होंने मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करते हुए स्वयं अपने हाथों से कई गणना प्रपत्र वितरित किए। डीएम ने मतदाताओं को 01 जनवरी 2025 को अर्हता तिथि, आवश्यक दस्तावेज़ों और फॉर्म भरने की समयसीमा के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी।

उन्होंने बीएलओ से यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रपत्रों का वितरण शत-प्रतिशत हो, साथ ही निर्धारित समयसीमा में उनका संग्रहण, सत्यापन एवं ऐप पर अपलोडिंग का कार्य भी समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। डीएम ने यह भी परखा कि बीएलओ किस विधि से दस्तावेजों की जानकारी आम मतदाताओं तक पहुंचा रहे हैं।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने घोसी विधानसभा क्षेत्र के नौशहरा पंचायत, मखदुमपुर विधानसभा के सरेन पंचायत तथा जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र में पाठक टोली स्थित बूथ संख्या 245, 246 एवं 247 का निरीक्षण किया। पाठक टोली के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान उन्होंने सराहना की कि बीएलओ अभिषेक कुमार ने स्थानीय लोगों को जोड़ने के लिए एक व्हाट्सएप समूह बनाया है, जिसमें निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं फॉर्म भरने की जानकारी लगातार साझा की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान संबंधित निर्वाची पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत सचिव तथा बीएलओ मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने समस्त बीएलओ को निर्देशित किया कि वे इस अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाएं, ताकि कोई भी योग्य मतदाता नामांकन से वंचित न रह जाए।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जहानाबाद में जनप्रतिनिधियों की समन्वय बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के सुचारू संचालन हेतु बुधवार को जहानाबाद और रतनी प्रखंडों में जनप्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्षों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। जहानाबाद प्रखंड कार्यालय में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा ने की, जबकि दोनों प्रखंडों में बैठक का संचालन सहायक निर्वाचित पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल मिस्त्री ने किया।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रक्रिया, उद्देश्य एवं समय-सारणी की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, उन्हें यह आग्रह किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता फैलाएं एवं मतगणना प्रपत्र भरने में मतदाताओं को सहयोग प्रदान करें। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि किसी भी योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची से वंचित न हो, इसके लिए जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम है। बीएलओ से समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पात्र नागरिक समय पर प्रपत्र भरकर जमा करें। बैठक में निर्वाचन से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की सूची, पुनरीक्षण प्रक्रिया के निर्देश और कार्यक्रम की समयबद्धता से भी जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। सभी प्रतिनिधियों ने इस अभियान को गंभीरता से लेते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। प्रशासन ने उम्मीद जताई कि इस सामूहिक प्रयास से जिले में मतदाता सूची की शुद्धता और समावेशिता सुनिश्चित की जा सकेगी।

बराबर पहाड़ी क्षेत्र के जंगल से 120 लीटर देसी शराब बरामद, कुर्की वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर। विसुनगंज थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से सोमवार को मखदुमपुर प्रखंड के बराबर पहाड़ी क्षेत्र अंतर्गत हथिया बोर के जंगलों में छापेमारी कर 120 लीटर देसी शराब बरामद की। थानाध्यक्ष फूलचंद कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने सघन तलाशी अभियान चलाकर हथिया बोर इलाके में छिपाकर रखी गई अवैध देसी शराब बरामद की। इस संबंध में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है और शराब कारोबारियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

कुर्की वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

इसी क्रम में पुलिस ने फरार चल रहे एक कुर्की वारंटी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष यादव ने बताया कि धराउत गांव में छापेमारी कर राजन मांझी नामक कुर्की वारंटी को गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध न्यायालय से कुर्की का आदेश जारी किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। विसुनगंज थाना पुलिस की इन कार्रवाईयों से क्षेत्र में शराब कारोबार और फरार आरोपियों के खिलाफ प्रशासन की सख्ती का संदेश गया है।

गृहरक्षक बहाली की शारीरिक दक्षता परीक्षा संपन्न, 264 अभ्यर्थी सफल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जिला अंतर्गत गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु 2 जुलाई को शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के लिए कुल 1,399 उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 966 अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

परीक्षा के पहले चरण में 1,600 मीटर की दौड़ आयोजित की गई, जिसमें 363 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। इसके पश्चात ऊंचाई और सीना माप की प्रक्रिया हुई, जिसमें 55 अभ्यर्थी निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतर सके और असफल घोषित कर दिए गए।

शेष 308 अभ्यर्थियों ने ऊंची कूद, लंबी कूद और गोला फेंक जैसे अन्य शारीरिक परीक्षणों में भाग लिया। इन परीक्षणों के बाद हुए चिकित्सकीय जांच में 44 अभ्यर्थी अनफिट पाए गए, जबकि 264 अभ्यर्थी पूरी तरह फिट घोषित हुए। अंततः इन्हें दैनिक रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची में शामिल किया गया।

इसके अतिरिक्त अपीलीय कोषांग में कुल 12 अपीलें प्राप्त हुईं, जिनका तत्परता से निष्पादन किया गया। वहीं, चिकित्सकीय रूप से असफल 44 अभ्यर्थियों में से 9 ने पुनः चिकित्सकीय परीक्षण के लिए अपील दाखिल की है, जिस पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

गृहरक्षक बहाली प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा पूरी व्यवस्था सघन निगरानी में संपन्न कराई गई।

प्रखंड कार्यालयों की सफाई अब जीविका दीदियों के हवाले, महिलाओं की होगी सशक्त भागीदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। अब बिहार के सभी प्रखंड कार्यालयों की स्वच्छता का जिम्मा जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं को सौंपा जा रहा है। इसी क्रम में 1 जुलाई 2025 को जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड कार्यालय में इस योजना की विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री स्वाति कुमारी, अंचलाधिकारी शादाब आलम, जीविका के बीपीएम व एसी, एवं प्राकृति सीएलएफ की अध्यक्ष सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्राकृति सीएलएफ से चयनित चार जीविका दीदियों ने प्रखंड कार्यालय की सफाई का दायित्व संभाला। यह पहल न केवल स्वच्छता अभियान को नई गति देगी, बल्कि जीविका दीदियों के लिए स्थायी एवं सम्मानजनक रोजगार के अवसर भी सृजित करेगी। अधिकारीयों ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार यह सेवा आगामी दो से तीन दिनों में जिले के अन्य सभी प्रखंड कार्यालयों में भी शुरू कर दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता को लेकर जीविका दीदियों के उत्साह और प्रतिबद्धता ने स्पष्ट कर दिया कि यह जिम्मेदारी अब सही हाथों में है। महिला सशक्तिकरण की यह मिसाल आने वाले समय में ग्रामीण प्रशासनिक इकाइयों को भी अधिक संवेदनशील और स्वच्छ बनाएगी।

एसएसबी के मैत्री पुल पैदल यात्री फुटपाथ अतिक्रमण मामले की पुलिस जांच आरम्भ

रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)/नबिटा ब्यूरो। भारत नेपाल सीमा स्थित मैत्री पुल पैदल यात्री फुटपाथ पर एसएसबी 47वीं बटालियन के पोस्ट निर्माण कर अतिक्रमण किये जाने के विरोध में कस्टम द्वारा आवेदन देकर केस दर्ज कराने की पुलिस जांच आरम्भ किया गया है। इसकी पुष्टि हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने की। उन्होंने बताया कि कस्टम अधीक्षक ने अपने आवेदन में बताया कि रविवार शाम को एसएसबी 47 वीं बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट दीपांशु चौहान व अरविंद कुमार जवानों के साथ मैत्री पुल के पैदल यात्री फुटपाथ का अतिक्रमण कर रहे है। आवेदन में यह भी हवाला दिया गया है कि उक्त क्षेत्र कस्टम नोटिफाइड एरिया में आता है। फुटपाथ सड़क अतिक्रमण से भारत नेपाल सन्धि भी प्रभावित होगी। कस्टम नोटिफाइड एरिया में किसी दूसरी एजेंसी को स्थापित अथवा जांच का अधिकार नहीं है न वैधानिक हक है। ऐसे में एसएसबी अवैध रूप से मैत्री पुल फुटपाथ अतिक्रमण करके पोस्ट निर्माण किये हुए है। जिसको लेकर पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। उधर नेपाल सशस्त्र प्रहरी ने भी नो मैंस लैंड पर पोस्ट निर्माण पर एतराज जताते इसे भारत नेपाल सन्धि का खुला उल्लंघन करार दिया है। कस्टम अधिकारियों ने बताया कि पहले ह्यूमन ट्रेफेकिंग हेल्प डेक्स के आड़ में भारत नेपाल आने जाने वाले संघिग्ध लोगों की चेकिंग महिला एसएसबी कांस्टेबल करती थी। धीरे धीरे पुरुष महिला जवान तैनात करके आम लोगों व वाहनों की जांच शुरू करके सड़क जाम की समस्या उत्पन्न की गयी।

बेसहारा बच्चों के लिए लगेगा विशेष शिविर, जन्म प्रमाण पत्र के बाद बनेगा आधार कार्ड

3 जुलाई से 16 जुलाई तक पूर्वी चंपारण के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित होंगे शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश और बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के आदेश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी द्वारा बेसहारा बच्चों की पहचान कर उन्हें जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस क्रम में चिन्हित बच्चों को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के उपरांत उनके आधार कार्ड बनाए जाने हेतु जिले के विभिन्न स्थानों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे। प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार मोतिहारी ने बताया कि ट्इइट्क्क्कैंपेन के तहत यह कार्य किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बेसहारा बच्चों को पहचान, ट्रैकिंग और समावेशी विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। इसके लिए मोतिहारी, तुरकौलिया, बंजरिया, चकिया एवं नगर निगम को पत्र जारी कर शिविर लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार:

3 जुलाई से 9 जुलाई तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, छोटा बरियारपुर

5 जुलाई को चकिया और तुरकौलिया प्रखंड परिसर

6 जुलाई से 11 जुलाई तक बंजरिया प्रखंड परिसर

10 जुलाई से 16 जुलाई तक सदर प्रखंड कार्यालय, मोतिहारी

12 जुलाई से 13 जुलाई तक समाहरणालय परिसर (पुराना हाजत के पास)

14 जुलाई से 16 जुलाई तक नगर निगम कार्यालय, मोतिहारी में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इन शिविरों में पहले बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा, उसके बाद उनका आधार कार्ड बनाया जाएगा। इस पहल से जिले के दर्जनों बेसहारा बच्चों को पहचान और सरकारी योजनाओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

पूर्व रेलवे

संक्षिप्त निविदा सूचना सं. ईएल-एसडीएएच-सीओएन - जीईएनएल-173-2025-एनआईटी दिनांक: 30.06.2025, उप मुख्य विद्युत अभियंता (सीओएन), पूर्व रेलवे, आर.एम.एस. बिल्डिंग, तृतीय तल, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से अनुभवी विद्युत ठेकेदारों, साझेदारी फर्मों आदि से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनके पास निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव के साथ वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस हो: निविदा सं.:**ईएल-एसडीएएच-सीओएन-जीईएनएल-173-2025**; **कार्य का नाम:** "पूर्व रेलवे के जमालपुर वर्कशॉप में जीआईएफ/बीएलसी शॉप में वैगन निर्माण क्षमता के विस्तार के लिए इलेक्ट्रिकल (जी) कार्य।" **निविदा मूल्य:** रु. 1,63,78,763.00; **निविदा दस्तावेज की लागत:** रु. शून्य। **बयाना राशि:** रु. 2,31,900.00; **समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने; **समापन का समय:** 28.07.2025 को 12.30 बजे। निविदा दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं और निविदा के लिए ऊपर बताए गए समय और तिथि से पहले "निविदा दस्तावेज की लागत" और "बयाना राशि" का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद **www.ireps.gov.in** पर बोलियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। सभी तरह से पूर्ण निविदाएं और ऊपर बताए गए सभी दस्तावेजों के साथ इस निविदा के लिए **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोलियां उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा यदि कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा उसे सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेज, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) एवं अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत निविदा सूचना **उप मुख्य विद्युत अभियंता (सीओएन), पूर्व रेलवे, आर.एम.एस. बिल्डिंग, तृतीय तल, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014** के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है।

(CON-20/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. 222 - एस / 1 / डब्लू - II, दिनांक: 30.06.2025, मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, द्वितीय तल, डीआरएम बिल्डिंग, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. (1); निविदा सं.: टीएन-92-25-26; कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल: एसएसई/वर्क्स/ बहरामपुर कोर्ट के अधीन मुर्शिदाबाद स्टेशन पर सहायक अभियंता/ बहरामपुर कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में 01 लिफ्ट का प्रावधान; **निविदा मूल्य :** रु. 33,78,446.71; **ईएमडी :** रु. 67,600.00; **क्रम सं. (2); निविदा सं.: टीएन-93-25-26; कार्य का विवरण:** मानसून एहतियात के तौर पर बैंक संरक्षण, जिसमें सियालदह मंडल में सीनियर डीईएन/सी/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में सभी सहायक कार्यों के साथ बीडी बैंक स्थान पर सेस की मरम्मत शामिल है; **निविदा मूल्य :** रु. 1,38,06,399.00; **ईएमडी :** रु. 2,19,000.00; **क्रम सं. (3); निविदा सं.: टीएन-94-25-26; कार्य का विवरण:** मंडल अभियंता/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत वेल्डिंग भाग की आपूर्ति और पर्यवेक्षण सहित एल्युमिनो थर्मिट एसकेवी प्रक्रिया द्वारा रेल जोड़ों की वेल्डिंग; **निविदा मूल्य :** रु. 3,22,05,283.10; **ईएमडी :** रु. 3,11,000.00; **कार्य की पूर्णता अवधि:** क्रम सं. 1 के लिए 06 (छह) महीने एवं क्रम संख्या 2 और 3 के लिए 12 (बारह) महीने; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 24.07.2025 को 15.00 बजे; **निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** प्रत्येक के लिए 24.07.2025 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। मैन्युअल प्रस्तावों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

(SDAH-104/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

मतदाता सूची से वंचित न रह जाए कोई भी पात्र नागरिक : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के सफल एवं पारदर्शी संचालन की दिशा में प्रदेश भर में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 25 जून 2025 से 26 जुलाई 2025 तक संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा स्वयं अपना गणना प्रपत्र भरकर इस महत्त्वपूर्ण जन-प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाई गई। उन्होंने बीएलओ के माध्यम से उपलब्ध कराए गए प्रपत्र को ध्यानपूर्वक भरते हुए यह संदेश दिया कि सभी नागरिक अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति सजग रहें तथा मतदाता सूची में अपनी प्रविष्टियों को सत्यापित करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम नए मतदाताओं के नाम सम्मिलन, त्रुटियों के संशोधन तथा मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन हेतु अत्यंत आवश्यक है। इस प्रक्रिया में भाग लेना प्रत्येक पात्र नागरिक का लोकतांत्रिक कर्तव्य है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि जो व्यक्ति 01 जुलाई 2025 की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी कर चुके हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु निर्धारित प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को अवश्य उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि प्रत्येक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए जा रहे हैं, तथा नागरिकों को प्रपत्र भरने में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित बीएलओ, बीएलओ, सुपरवाइजर से सहायता प्राप्त करनी चाहिए। जिले में व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न माध्यमों जैसे - नुक्कड़ नाटक, सोशल मीडिया, मोबाइल वैन, दीवार लेखन एवं प्रचार साहित्य के माध्यम से आमजन को इस कार्यक्रम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय पर सूचना अद्यतन होने से सभी पात्र नागरिक अपने नाम के साथ मतदाता सूची में सम्मिलित होंगे, जिससे मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि सुनिश्चित होगी तथा लोकतंत्र की नींव और अधिक मजबूत होगी। जिला प्रशासन इस विशेष अभियान को गंभीरता से संचालित कर रहा है और यह सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।

जाखिम से 15 वर्षीय किशोर लापता, प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। थाना क्षेत्र के जाखिम गांव से एक 15 वर्षीय मंदबुद्धि किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोर की मां ममता देवी, पति दिलीप लाल खत्री ने रफीगंज थाने में आवेदन देकर बेटे की तलाश में मदद की गुहार लगाई है। ममता देवी ने अपने आवेदन में बताया कि उनका पुत्र अंगद कुमार बीते 27 जून 2025 की शाम करीब 4 बजे घर से निकला था, लेकिन उसके बाद से लौटकर नहीं आया। परिजनों ने आसपास के गांवों और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। उन्होंने बताया कि अंगद मंदबुद्धि का शिकार है, जिससे परिवार की चिंता और बढ़ गई है। इस संबंध में रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। किशोर की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। परिवार ने आम जनता से भी किशोर के बारे में कोई जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस या परिजनों से संपर्क करने की अपील की है।

डिंपल भूमि ने पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रति मतदाताओं को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के सफल, पारदर्शी एवं समावेशी आयोजन हेतु राज्यभर में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। औरंगाबाद जिले में व्यापक जनसहयोग के साथ सफल बनाने हेतु सतत जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में औरंगाबाद जिले की प्रख्यात लोकगायिका एवं जिला स्वीप आइकॉन डिंपल भूमि द्वारा एक प्रेरणादायक वीडियो संदेश के माध्यम से जिले के सभी नागरिकों, विशेषकर नवयुवकों, महिलाओं एवं प्रथम बार मतदाता बनने वालों को मतदाता सूची में सम्मिलित होने हेतु जागरूक किया गया।

वीडियो संदेश में डिंपल भूमि ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता की भागीदारी सर्वोच्च है। आपका एक वोट सिर्फ अधिकार नहीं, बल्कि देश के भविष्य को दिशा देने वाला निर्णय होता है। यह आवश्यक है कि हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए जा रहे गणना प्रपत्र को समय से भरें और अपने नाम, पते, जन्मतिथि आदि विवरणों की सही जानकारी दें। साथ ही जिन व्यक्तियों का नाम सूची में नहीं है, वे नया नाम जुड़वाने हेतु आवश्यक दस्तावेज़ो के साथ आवेदन करें। यदि किसी जानकारी में त्रुटि है, तो उसका संशोधन अथवा मृत या स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटवाना भी सुनिश्चित करें। इस संदेश के माध्यम से डिंपल भूमि ने आमजनों से अपील की कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएं और यह सुनिश्चित करें कि ल्कोई योग्य मतदाता छूटे नहीं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत निरंतर जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिनमें विभिन्न माध्यमों - सोशल मीडिया, पोस्टर, रैली एवं वीडियो संदेश आदि का उपयोग किया जा रहा है। डिंपल भूमि जैसी लोकप्रिय लोक कलाकारों की भागीदारी से इस अभियान को और भी व्यापक जनसरोकार प्राप्त हो रहा है। जिला प्रशासन सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे 25 जून से 26 जुलाई 2025 तक चलने वाले इस विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग दें और एक जागरूक मतदाता की भूमिका का निर्वहन करें।

बाइक सवार युवक और उसके दो भाइयों की बेरहमी से पिटाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



औरंगाबाद। टंडवा थाना क्षेत्र के महुआ बिगहा गांव के पास मंगलवार को एक युवक और उसके दो भाइयों के साथ मारपीट की वारदात सामने आई है। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना उस समय हुई जब कझपा गांव निवासी सिकंदर कुमार (19 वर्ष) अपनी चाची को उनके मायके माड़र गांव छोड़कर बाइक से लौट रहा था। लौटते समय महुआ बिगहा के पास एक युवक ने उसकी बाइक रुकवा ली और दो अन्य युवकों को बुलाकर गाली-गलौज शुरू कर दी। बहस के दौरान आरोपियों ने उसकी बाइक की चाबी छीन ली। इसके बाद सिकंदर ने अपने बड़े भाइयों सुरेंद्र कुमार (25 वर्ष) और विनेश यादव (55 वर्ष) को फोन कर बुलाया। मौके पर पहुंचे दोनों भाइयों ने जब कारण पूछा तो हमलावरों ने तीनों को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद हमलावरों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया, जो एक चार पहिया वाहन से लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर पहुंचे। हमलावरों ने तीनों भाइयों को दोबारा बुरी तरह पीटा। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण जुटे और किसी तरह मामले को शांत कराया।

घायलों को पहले नवीनगर रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल प्रबंधन ने नगर थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों का फर्द बयान दर्ज किया।

बयान में घायलों ने मारपीट में शामिल लोगों के नाम बताए, जिनमें महुआ बिगहा गांव के योगेश यादव, सीता यादव, विकास कुमार, बिशुनपुर गांव की मानमती देवी, रंजन यादव, तेंदुआ गांव के श्रवण कुमार यादव और गिरधर बिगहा गांव के बिंदा यादव एवं संतोष यादव शामिल हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर गांव में तनाव का माहौल है।

बूथ स्तर पर एनडीए को मजबूत करेंगे कार्यकर्त्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर। मदनपुर धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी की बैठक आहुत की गई जिसकी अध्यक्षता भाजपा के दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार पाठक ने की। बैठक में प्रदेश कार्य समिति के सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनीता देवी, वरिष्ठ नेता युगल किशोर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय पाठक एवं अभिमन्यु प्रसाद सिंह, प्रवेश सिंह एवं महामंत्री केदार साव व जितेंद्र सिंह, मंत्री आमोद विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष दुर्गा देवी उपाध्यक्ष निर्मला देवी, उपाध्यक्ष अक्षय वट सिंह, मंत्री चंदन कुमार चौरसिया, महामंत्री टिंकू गुप्ता एवं उत्तरी व दक्षिणी के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डीजे और आतिशबाजी पर रहेगा प्रतिबंध

हसपुरा में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न, गाइडलाइन उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर बुधवार को हसपुरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने की, जबकि संचालन बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने किया। बैठक में सीओ कौशल्या कुमारी, प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, इंस्पेक्टर सुनील कुमार सहित विभिन्न गांवों के खलीफा एवं ताजिया कमिटी के सदस्य शामिल हुए। बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की सरकारी गाइडलाइन का उल्लंघन करने पर संबंधित ताजिया कमिटी के अध्यक्ष एवं सचिव पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि पर्व को शांति और सौहार्द के वातावरण में मनाना सभी की जिम्मेदारी है। पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा, और असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि कोई भी पर्व इंसानियत और भाईचारे का संदेश देता है। सभी समुदाय के लोग आपसी समझ और एकजुटता के साथ पर्व मनाएं। उन्होंने बताया कि जुलूस में शामिल सभी कमिटी सदस्यों को पहचान पत्र अनिवार्य रूप से पहनना होगा और ताजिया जुलूस की वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य है। प्रशासन ने बताया कि मुहर्रम के दिन बाजार क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। डीजे बजाने, आतिशबाजी करने और नशे की हालत में पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। धार्मिक भावना को आहत करने वाले नारेबाज़ी पर भी पूर्ण रोक रहेगी। जानकारी के अनुसार, प्रखंड के 22 गांवों से ताजिया जुलूस अमझर शरीफ अखाड़ा मैदान पहुंचेगा, जहां सभी समूह एक-दूसरे से मिलेंगे। क्षेत्र में 36 ताजिया जुलूस लाइसेंसधारी कमिटियां सक्रिय हैं।

बैठक में मो. एकलाख खां, चंद्रकांत मुन्ना, विजय अकेला, कौशल शर्मा, भोला कुरैशी, अबुल खैर, अब्दुल अजीज, बखोरा खां, गोपाल सिंह, मो. सद्दाम, सहजाद अंसारी, संजीत कुमार, अरविंद सिंह, श्रीकांत वर्मा, सादुल्लाह खां, शाहीद खां, अनिल आर्य, पिंटू शर्मा, डब्लू कुरैशी, गुड्डू पासवान समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कय्यूम अंसारी जयंती पर समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अब्दुल कय्यूम अंसारी की जयंती बुधवार को रफीगंज के ब्लॉक रोड स्थित एक कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनवर अहमद ने की, जबकि वसीम नैयर अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह की शुरुआत कय्यूम अंसारी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने से हुई। मुख्य अतिथि वसीम नैयर अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि महज 16 वर्ष की उम्र में कय्यूम अंसारी ने आज़ादी की लड़ाई में भाग लिया और जेल भी गए। उन्होंने हिंदुस्तान-पाकिस्तान के बंटवारे का विरोध किया और आजीवन सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति और राजनीतिक न्याय के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने कहा कि आज जब देशभक्ति की परिभाषा पर बहस हो रही है, ऐसे समय में अब्दुल कय्यूम अंसारी जैसे सच्चे राष्ट्रभक्त को भारत रत्न मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जितनी आबादी, उतनी हिस्सेदारी का सिद्धांत लोकतंत्र की असली आत्मा है। अगर हम एकजुट रहें, तो नया बिहार बना सकते हैं। कार्यक्रम में तजमूल खां, शगुफ्ता यासमीन, कैफ खां, मो. नौशाद आलम, मास्टर आरिफ, एनामुल हक, डॉ. तूलसी यादव, लडू यादव और मो. अजीज सहित कई वक्ताओं ने कय्यूम अंसारी के योगदानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कय्यूम अंसारी समाज के उत्थान और देश के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव संघर्षरत रहे। इस अवसर पर धीरू शर्मा, अजय ठाकुर, न्यूटन अंसारी, जागीर शेख, मो. नसीम, जदयू प्रदेश महासचिव शब्बीर अंसारी, इस्त्याक फरहान, समशेर आलम, मोसरत जहां, मुमताज अंसारी, जाहिर इकबाल, मो. कौशर, मो. शकील, नसीम कमाल, मिस्टर ठाकुर, शमीम उस्मानी समेत कई सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

बाउंड्री पिलर गिराने का आरोप, पीड़ित ने सात लोगों को किया नामजद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। थाना क्षेत्र के कड़सारा गांव में एक भूमि विवाद ने फिर से तूल पकड़ लिया है। गांव निवासी धीरेंद्र कुमार, पिता रंजीत कुमार चंद्रवंशी ने रफीगंज थाने में आवेदन देकर गांव के सात लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। आरोप है कि बीते 30 जून की रात इन लोगों ने उनकी जमीन पर बनी बाउंड्री पिलर को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने अपने आवेदन में बताया कि वह मौजा सिंघी बुजुर्ग, खाता संख्या 24, खेसरा संख्या 1846, एराजी 12 डिसमिल में स्थित अपनी जमीन पर अंचल अमीन से मापी कराकर बाउंड्री निर्माण करवा रहे थे। निर्माण कार्य पूरा हो चुका था, लेकिन आरोपियों ने रात के अंधेरे में पिलर तोड़ दिए। पीड़ित ने जिन लोगों को नामजद बनाया है, उनमें समता सिंह, धुरेंद्र कुमार, सोनू कुमार, निरंजन कुमार के अलावा तीन अन्य महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में इन्हीं लोगों द्वारा उसकी धान की फसल पर केमिकल छिड़ककर नुकसान पहुंचाया गया था, जिस संदर्भ में रफीगंज थाना कांड संख्या 565/24 दर्ज है। धीरेंद्र ने दावा किया कि यह सब जानबूझकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की नीयत से किया जा रहा है। साथ ही उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां भी लगातार मिल रही हैं। रफीगंज थानाध्यक्ष ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और सभी बिंदुओं पर गहराई से पड़ताल की जा रही है।

सघन वाहन चेकिंग अभियान में 12 हजार रुपये जुर्माना व बाइक जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोइलवां मोड़ के पास बुधवार को पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व एसआई सुगंध कुमार और बी. खलीफा ने किया। जांच के दौरान पुलिस ने ट्रैफिक और परिवहन नियमों के उल्लंघन पर कई वाहनों से कुल 12 हजार रुपये जुर्माना वसूला वहीं एक लावारिस स्प्लेंडर प्लस बाइक भी जब्त की गई, जिसे थाना लाया गया है। एसआई सुगंध कुमार ने बताया कि यह अभियान जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर चलाया जा रहा है, और यह नियमित रूप से विभिन्न रूटों पर जारी रहेगा। चेकिंग के दौरान भारी वाहनों, बाइक और टेंपो के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, और वाहन की डिक्की की भी जांच की गई। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि यात्रा के दौरान सभी वैध कागजात साथ रखें, बाइक चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है और चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट जरूर लगाएं। इससे न केवल ट्रैफिक नियमों का पालन होगा, बल्कि आपका जीवन भी सुरक्षित रहेगा।

देव पहुंचने पर कांग्रेस बिहार प्रभारी देवेंद्र यादव का जोरदार स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। कांग्रेस के बिहार प्रभारी देवेंद्र यादव के देव प्रखंड आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव एवं रफीगंज विधानसभा से संभावित उम्मीदवार हस्सान सिद्दीकी ने किया। उन्होंने बिहार प्रभारी को क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए संगठन को बूथ स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में सुझाव भी दिए। इस मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष अजीम खान, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव धीरेंद्र सिंह, शकील अहमद, सिकंदर आलम सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। देवेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए आगामी चुनाव में संगठन को मजबूती से मैदान में उतारने की रणनीति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी।

बालिका गृह बभंडी का शीघ्र हो उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। बालिका गृह बभंडी को शीघ्र उद्घाटन के लिए राज्य सरकार से मांग की जा रही हैं। बाल कल्याण समिति औरंगाबाद के अध्यक्ष मदन प्रसाद एवं जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के सहायक सचिव अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने कहा कि बालिका गृह के उद्घाटन से 18 वर्ष से कम उम्र के भुले-भटके, अनाथ, परित्याग, बालश्रम, भिक्षुक, बाल तस्करी एवं बाल व्यापार में बरामद बालिकाओं को रखने में जो समस्या आ रही है, उससे छुटकारा मिले। कुछ को दुसरे जिले भी भेजना पड़ता है। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष मदन प्रसाद ने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन अभियान अभी जारी है। कई होटलों से नाबालिग बच्चों को बरामद किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि आधुनिकता व डिजिटल युग में गरीब-निर्धन माता-पिता में बढ़ती क्लेश तथा नशापान की प्रवृत्ति से बच्चों के देखभाल प्रभावित हो रही है। बच्चों की समुचित शिक्षा न मिलने एवं गलत संगत से 12 वर्ष के बाद से ही वे गलत कार्य के प्रति आकर्षित हो रहे हैं जो कानून के नज़र में अपराध है। अभिभावकों का सही गाईडलाइन न मिलने से घरेलू महिला उत्पीडन तथा पारिवारिक विवाद से भी बच्चों के लालन-पालन, शिक्षा एवं भविष्य प्राभावित होती है, जो चिंता का विषय है।

ताजिया जुलूस के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य : थानाध्यक्ष

मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर बुधवार को गोह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने की। बैठक में दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भड़काऊ गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुहर्रम के मौके पर निकाले जाने वाले ताजिया जुलूस के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। सभी आयोजकों को समय पर अनुमति लेने और प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई। बैठक में एसआई गिरिधर उपाध्याय के साथ-साथ पूर्व प्रमुख मुन्ना सिंह, मुखिया चंद्रभूषण उर्फ गुड्डू, पैक्स अध्यक्ष रामदयाल यादव, लखन पासवान, नईम, अंजुम आलम, सरफराज आलम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया।

पूर्व रेलवे

सं. डब्ल्यू(2)623/एलएचएस/एसडीएएच/1/2025-26 दिनांक: 30.06.2025, मुख्य अभियंता, पूर्व रेलवे, 17, एन.एस.रोड, कोलकाता - 700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-टेंडरिंग हेतु निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं. डब्ल्यू_2_623_एलएचए_एसडीएएच_1_25-26; कार्य का नाम :** सियालदह मंडल/पूर्व रेलवे के कृष्णानगर सिटी जंक्शन-लालगोला शाखा में आरसीसी यू-ट्रफ के साथ छत कवर आरसीसी बॉक्स द्वारा सीमित ऊंचाई सबवे (एलएचएस) का निर्माण करके लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 102/ई, 103/ई, 115/ई, 127/ई, 104/ई, 126/ई, 135/ई एवं 129/ई को खत्म करना; **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 73,90,77,785.59; **बयाना राशि:** रु. **38,45,400.00; पूर्णता अवधि:** 10 (दस) माह; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 22.07.2025 को 14:00 बजे। निविदा दस्तावेजों का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रस्तुत करें। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(MISC-114/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

किसानों के बीच वितरित किए गए आम व लीची के पौधे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दनियावां (पटना)। विश्व युवक केंद्र, दिल्ली एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस माह के अंतर्गत दनियावां, फतुहा और खुशरूपुर प्रखंडों के किसानों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया। इसमें आम, लीची, कटहल, जामुन, सीताफल और बेल के सैकड़ों पौधे शामिल थे। इस अवसर पर फाउंडेशन के निदेशक देवानंद ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि सांसें हो रही हैं कम, आओ पेड़ लगाएं हम। उन्होंने पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाली के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। हर महत्वपूर्ण पल को यादगार बनाने के लिए पौधा लगाना चाहिए, क्योंकि एक पेड़ सौ पुत्रों के बराबर होता है। देवानंद ने बताया कि गंगा किनारे स्थित गांवों में पाँच हजार फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं, जिनकी देखरेख पर्यावरण प्रहरी करेंगे। इन्हें फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिहार में वन क्षेत्र लगातार घट रहे हैं, जिससे पारिस्थितिक असंतुलन बढ़ता जा रहा है। फाउंडेशन के संयोजक शिशुपाल ने आमजन से अपील की कि यदि वे पौधारोपण के लिए भूमि उपलब्ध कराते हैं, तो फाउंडेशन उन्हें पौधे उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे आए।

प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने करवाई थी अपने पति की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। नबीनगर थाना अन्तर्गत हुए एक युवक की गोली मारकर हत्या के कांड में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को औरंगाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि 24 जून 2025 को नबीनगर थानांतर्गत ग्राम-लेम्बो खाप मोड़ के पास बाइक सवार प्रियांशु कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संदर्भ में नबीनगर थाना कांड संख्या-205/25 के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 के नेतृत्व में एक एसाइटी का गठन कर कांड के उद्भेदन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। गठित टीम द्वारा सीसीटीवी फूटेज का अवलोकन, आसूचना संकलन, ह्मयूमन इनटेलीजेन्स एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर अभियुक्त गुंजा सिंह (मृतक प्रियांशु कुमार सिंह की पत्नी), जयशंकर चौबे एवं मुकेश शर्मा को नबीनगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता गुंजा सिंह ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि मेरा विवाह प्रियांशु कुमार सिंह के साथ घटना के 45 दिन पूर्व हुआ था परंतु मेरा विवाह से पूर्व ही अपने फुफा के साथ पंद्रह वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था और मैं इस विवाह से खुश नही थी तथा अपने फूफा के साथ मिलकर अपने पति के हत्या का षड्यंत्र बनाई। जब मेरे पति बनारस से वापस लौट रहे थे तब मैने इस बात की सूचना अपने फूफा को दिया जिन्होने शूटर से बात-चीत कर मेरे पति के लौटने के क्रम में गोली मारकर हत्या करवाई थी। अभियुक्त जयशंकर चौबे एवं मुकेश शर्मा के द्वारा शूटर को मोबाईल का सिम उपलब्ध करवाया गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया तथा कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी जल्द ही सुनिश्चित कर ली जायेगी। अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

पूर्व निर्धारित रूट से निकलेगा ताजिया जुलूस

46 जगहों पर पुलिस व मजिस्ट्रेटों की होगी तैनाती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी में मुहर्रम पर्व को लेकर एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को नगर परिषद के सभागार में समीक्षा बैठक की गई ,जहां पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नभ वैभव एवं डीएसपी 2, कन्हैया कुमार के अलावा सभी थानों के पुलिस पदाधिकारी अंचलाधिकारी के अलावा सभी विभागों के पदाधिकारी कर्मचारी एवं अन्य लोग शामिल रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया कि मसौढ़ी में 14 जगहों से ताजिया जुलूस निकाला जाएगा। जो पूर्व से निर्धारित रूट से ही निकलेगी, इसके अलावा उन्होंने अपील की है की अखाड़े में शास्त्र का प्रयोग करने से बचें, क्योंकि इससे कई जगहों से घटना हो चुकी है, डीजे पर पूर्णत पाबंदी रहेगी ।एसडीएम अभिषेक कुमार ने सभी थानाध्यक्ष को संवेदनशील स्थानों पर सुदृढ़ एवं सक्रिय रहने का आदेश दिया. साथ ही विशेष सतर्कतामूलक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. वहीं, उन्होंने सभी दंडाधिकारीयो को निर्देश देते हुए असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने का आदेश दिया. इसके अलावा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को क्रियाशील रखने तथा अफवाहों का तत्परता के साथ खंडन करने की निर्देश दिया गया। मुहर्रम पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन को विशेष सर्तकता बरतने के लिए कहा गया है. साथ ही सजग एवं भ्रमणशील रहने को भी कही है. इसके अलावा दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, चिकित्सकों एवं ड्यूटी पर तैनात अन्य पदाधिकारियों तथा कर्मियों को उपस्थिति सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। वहीं, आवश्यकता पड़ने पर डायल-112 का प्रभावी इस्ते साथ ही उन्होंने बताया कि अनुमंडल कार्यालय मे नियंत्रण कक्ष बनाया गया है, जहां तीन पालियों मे पदाधिकारी ड्यूटी पर रहेगें. पर्व-त्योहार के दौरान डीजे पर शत-प्रतिशत प्रतिबंध रहेगा. इसके अलावा पूरे विधि व्यवस्था का नोडल भूमी सुधार उपसमाहर्ता कोमल किरण को बनाया गया है. मौके पर सभी थाना और प्रखंड स्तर के पदाधिकारी शामिल रहे.इस संबंध में मसौढ़ी एसडीएम अभिषेक कुमार ने कहा कि मुहर्रम पर्व पर विधी व्यवस्था का संधारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. सभी पुलिस मजिस्ट्रेटों को ब्रीफिंग कर ताजिया जुलूस के दौरान सतर्क रहने निगरानी करने और मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया है। मौके पर डॉ राम जयपाल सिंह, कृष्ण सिंह, नवल भारती, अशोक शर्मा, समेत कई समाजसेवी शामिल रहे।

मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। धनरूआ थाना परिसर में बुधवार को मुहर्रम पर्व की तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने क्षेत्रवासियों से शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा कि मुहर्रम पर्व समाज में एकता को मजबूत करता है। उन्होंने लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी। साथ ही स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा ताजिया जुलूस अखाड़ा निकालने वालों से अपील की है कि बिना लाइसेंस के जुलूस नही निकली जाएगी, डीजे पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी, सभी जगह पर ताजिया जुलूस अखाड़े के साथ पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति रहेगी, बैठक में मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार उर्फ डब्लू, मृत्युंजय पांडे, अविनाश कुमार, योगेन्द्र चंद्रवंशी, ओम प्रकाश यादव, संजय यादव आदि थे।

एक नजर

नरक में तब्दील हुई सड़क

बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड के शहरी गांव स्थित साध बाबा मोर के पास से ढकवाहक, मदादपुर और परसम गांव होते हुए करीब 10 गांव को जोड़ने बाली सड़क का बुरा हाल है। हालत यह है कि सड़क कीचड़ और पानी का अंबार लगा हुआ है जिसके चलते अक्सर इस पथ पर हादसा होते रहते हैं लेकिन सरकार इस सड़क को दुरुस्त करने की कवायत शुरू नहीं की है। स्थानीय लोगों की माने तो सड़क किनारे बेहतर ड्रेनेज नहीं होने के चलते इस तरह की समस्या अक्सर देखने को मिलती है। कई बार इस सड़क की मरम्मत की तो गई लेकिन हालात नहीं बदले जिसके चलते हजारों की आबादी बेहद परेशान है।

लापता युवक का नहीं मिला कोई सुराग

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। राजधानी पटना के दानापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीबीगंज मैदाटोली वार्ड नं-18 से एक व्यक्ति पिछले पांच दिनों से लापता है, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है. लापता व्यक्ति की पहचान 38 वर्षीय सतीश गुप्ता पिता स्वर्गीय देवी चरण साह के रूप में हुई है, जो दिनांक 26 जून 2025 को दोपहर करीब 1 बजे बिना किसी को बताए घर से निकले और फिर वापस नहीं लौटे हैं। उनकी पत्नी रेखा देवी ने इस संबंध में दानापुर थाने में आवेदन देकर पति की तलाश में सहयोग की गुहार लगाई है. उन्होंने बताया कि देर रात तक जब पति घर नहीं लौटे तो उनके मोबाइल नंबर 7492007117 पर कॉल किया गया, लेकिन मोबाइल बंद आ रहा था. परिजन और मोहल्ले वालों ने काफी खोजबीन की, लेकिन सतीश गुप्ता का कोई पता नहीं चल पाया है।

बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर कार्यशाला

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर भाजपा मसौढ़ी ग्रामीण मंडल के तिनेरी शक्ति केन्द्र पर बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमांशु राज ने किया ।जिसमें जिला उपाध्यक्ष माधुरी सिन्हा, जिला मंत्री राकेश कुमार, आईं टी सेल पदाधिकारी लक्ष्मी वत्स, रितेश कुमार गुप्ता, बूथ सशक्तिकरण प्रभारी अनीश राज, अध्यक्षता हिमांशु राज ने किया बैठक में महामंत्री राकेश कुमार सोशल मीडिया प्रभारी राहुल कुमार युवा मोर्चा राकेश कुमार मंटु उपाध्यक्ष अजय कुमार विधार्थी जी अशोक साव अजय शर्मा विश्वास कुमार रेवती रमण छोटन पंडित उमेश यादव एवं सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में जल्द से जल्द बुथ सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री के 11 साल बेमिसाल पर चर्चा किया गया सभी कार्यकर्ताओं को घर घर तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।

क्रिकेट खेलने गया युवक गायब

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाना क्षेत्र के लखनीबिगहा ब्रह्म स्थान क्रिस्टल पैराडाइस निवासी सुभाष कुमार के 15 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार पिछले 24 जून को क्रिकेट खेलने बारीक ग्राउंड में गया था तब से लापता है। इस संबंध में लापता के पिता सुभाष कुमार ने स्थानीय थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। सुभाष ने बताया है कि पिछले 24 जून को मेरे पुत्र सन्नी कुमार दानापुर के बारीक ग्राउंड में रोज के तरह क्रिकेट खेलने गया था। परंतु रात्रि होने के बाद भी जब वह घर नहीं आया तो उन्होंने आस-पड़ोस व मैदान में जाकर देखा पर उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। जिसके बाद वे अपने रिश्तेदारों समेत उनके दोस्तों के पास खोजबीन किया। परंतु कही कुछ पता नही चला। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की छानबी किया जा रहा है।

धनरूआ में दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। धनरूआ थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में कुल चार लोग घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है। पहली घटना दोपहर के समय धनरूआ बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास मुख्य सड़क पर हुई। यहां एक ट्रक ने साइड से बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार बैद्यनाथ कुमार (36) और उनके पुत्र गौरव कुमार (20) घायल हो गए। दोनों कादिरगंज थाना क्षेत्र के नेतौल गांव के निवासी हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को धनरूआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से गौरव कुमार की स्थिति गंभीर होने पर उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहीं, दूसरी घटना बुधवार शाम को बरनी तालाब के पास तीखे मोड़ पर हुई। यहां शराब के नशे में धुत एक बाइक सवार ने सामने से आ रहे साइकिल सवार किशोर को टक्कर मार दी। इस हादसे में साइकिल सवार सुजीत कुमार (16), जो बरनी गांव का निवासी है, गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक सवार विनोद मांझी (28), कैली गांव निवासी, खुद भी बुरी तरह जख्मी हो गया। दोनों को इलाज के लिए धनरूआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद विनोद मांझी को भी पीएमसीएच रेफर किया गया, जबकि सुजीत कुमार का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बाइक को जब्त कर लिया है।

पटना में आयोजित हुआ 'वायरल सेलिब्रिटी अवार्ड 2025'

देशभर के डिजिटल सितारों को मिला सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार की राजधानी पटना एक ऐतिहासिक आयोजन का गवाह बना जहां पहली बार 'वायरल सेलिब्रिटी अवार्ड 2025' का आयोजन किया गया। यह भव्य कार्यक्रम द टाइगर इवेंट्स और अपना संसार होम्स प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में बी क्लब, रामनगरी, आशियाना रोड, पटना में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता द टाइगर इवेंट्स के डायरेक्टर केसरी टाइगर जी और अपना संसार होम्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर राजू कुमार का कहना है कि बिहार के हर जिले के कोने-कोने में प्रतिभा है और वैसे प्रतिभाशाली 101 वायरल आर्टिस्ट को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी कला, हुनर और जज्बे से लोगों का दिल जीता है और 'वायरल' होकर एक सेलिब्रिटी की पहचान हासिल की है। इस गरिमामयी कार्यक्रम सफल बनाने मे मुख्य अतिथि के रूप मे बिहार के चर्चित आईपीएस विकास वैभव, पटना मेयर सीता साहू, और विशिष्ट अतिथि पटना उपमेयर रश्मि चंद्रवंशी, ज्योति मिश्रा, प्रेम कुमार सिंह गोल्ड मैन, अजय सिंह, पुष्पा तिवारी, ब्रजेश कुमार ग्राफ़िक डिज़ाइनर, प्रेम कुमार, अल्का मिश्रा, केंद्रीय मानवाधिकार बिहार सचिव रिपु राज, नीता सिन्हा, अमित सिन्हा, सविनोद कुमार विधार्थी सहित कई अन्य गणमान्य हस्तियां मौजूद रहें। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश बंदना से की गई और भोजपुरी के तमाम सितारों ने अपनी डांस सिंगिंग और कॉमेडी के जरिये लोगों को मनोरंजन किया। इस समारोह में पूरे भारतवर्ष से उन कंटेंट क्रिएटर्स को बुलाया गया जिनके सोशल मीडिया पर मिलियन में व्यूज़ या फॉलोअर्स हैं, और जो अपने अनोखे टैलेंट से लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में द टाइगर इवेंट के मैनेजमेंट हेड मॉडल शशि शर्मा, एंकर आलिया श्रीवास्तव समीर मलिक, विष्णु प्रकाश, गणेश कुमार, राहुल रॉय सेलिब्रिटी फोटोग्राफर, आशुतोष कुमार, विकास कुमार गुप्ता शत्रुधन लाल यादव तथा कई गणमान्य लोगों का सहयोग रहा।

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर पंचायत समितियों के साथ संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अमलेंदु कुमार सिंह ने 188 फुलवारी विधानसभा क्षेत्र सह अपर जिला दंडाधिकारी आपूर्ति पटना द्वारा पुनपुन प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में सभी पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत किए जा रहे कार्यो की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। यह बताया गया की सभी बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र का वितरण सभी मतदाताओं के घर में किया जा रहा है। और साथ ही भरे हुए गणना प्रपत्र विहित साक्ष्य के साथ संग्रहित किया जा रहा है। सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की गई कि इस कार्य में अधिक से अधिक वॉलिंटियर्स की मदद से सभी मतदाताओं का (मृत और स्थाई रूप से शिफ्टेड मतदाताओं को छोड़कर) गणना प्रपत्र भरवा कर संबंधित बीएलओ को तीन दिनों के भीतर उपलब्ध करा दिया जाए। गणना प्रपत्र डाउनलोड कर स्वयं भरकर घोषणा पत्र में अंकित 11 दस्तावेजों में से किसी एक के साथ अपलोड किया जा सकता है। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी पुनपुन मानेंद्र कुमार सिंह एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ममता कुमारी उपस्थित रहे, जनप्रतिनिधियो में रामानुज कुमार पंचायत समिति सदस्य, सिंटू कुमार 20 सूत्री उपाध्यक्ष, नगाराम मुखिया ग्राम पंचायत लखनपार, अजीत कुमार मुखिया ग्राम पंचायत बाराह आदि मौजूद थे।

डीएसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढी। वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देश के आलोक में मसौढी के सभी थानाक्षेत्रों में बैंकिंग प्रतिष्ठानों एवं ज्वेलरी शॉप में सुरक्षा-व्यवस्था सुनिश्चित करनें हेतु सुरक्षा जांच की जा रही है। ऐसे में बुधवार को नभ वैभव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मसौढ़ी-1, के द्वारा मसौढ़ी क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर बैंकिंग प्रतिष्ठानों एवं ज्वेलरी शॉप का अनुश्रवण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये ऋ इसके अलावा सभी बैंकों के सीसीटीवी एवं के ज्वैलरी शॉप में सीसीटीवी जांच की गई। एवं दुकानदारों कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ज्वेलरी शॉप की दुकान में काम करने के लिए स्टाफ को रखने से पहले उसकी पूरी तरह से सत्यापन करके ही दुकान में काम करने के लिए रखें इसके अलावा दुकान में आने वाले सभी ग्राहकों पर नजर रखें।

करंट लगने से छह वर्षीय बच्ची की मौत

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। शाहपुर थाना क्षेत्र के नरगदा खगडी महादलित टोला में विद्युत खंभे में करंट आने से एक बच्ची को करंट लगाने से मौत हो गई. मृतक का पहचान हरी मांझी के 6 वर्षीय पुत्री सोनी कुमारी के रूप में की गई। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि बुधवार को देर शाम नरगदा खगडी महादलित टोला में बिजली के खंभे में बिजली के करंट आ गया जिससे खेल रही एक सोनी कुमारी बिजली के खंभे छुने से करंट लगाने से मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा जा रहा है।

25 जुलाई से शुरू हो रही है रामायण यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय रेल भगवान राम से जुड़े धार्मिक स्थलों के दर्शन करने के इच्छुक तीर्थ यात्रियों के लिए खुशखबरी लेकर आई है। भारतीय रेल के उपक्रम भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) आगामी 25 जुलाई को अयोध्या से रामेश्वरम तक रामायण यात्रा ट्रेन का संचालन करने जा रहा है। दिल्ली के सफदरजंग स्टेशन से शुरू होने वाली इस यात्रा के अंतर्गत तीर्थ यात्रियों को भगवान राम से जुड़ी जगहों अयोध्या, प्रयागराज, चित्रकूट, सीतामढ़ी, जनकपुर, श्रृंगवेरपुर, नासिक, हम्पी से लेकर रामेश्वरम तक घूमने और प्रभु श्रीराम के दर्शन का मौका मिलेगा। यह रामायण यात्रा 16 रातें/17 दिन की होगी। ट्रेन का पहला पड़ाव अयोध्या होगा। जहां तीर्थ यात्रियों को राम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी, राम की पैड़ी देखने का सुअवसर मिलेगा। इसके बाद नंदीग्राम में भरत-हनुमान मंदिर और भरत कुंड का दर्शन, जनकपुर (नेपाल में) में राम-जानकी मंदिर, धनुष धाम मंदिर और परशुराम कुंड, सीतामढी (बिहार) में जानकी मंदिर और पुनौरा धाम, बक्सर में राम रेखा घाट, रामेश्वर नाथ मंदिर, वाराणसी में तुलसी मानस मंदिर, संकट मोचन मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा आरती देखने का सुनहरा मौका मिलेगा। इसके बाद रामायण यात्रा ट्रेन यात्रियों को लेकर सीतामढी (उत्तर प्रदेश) की ओर बढ़ेगी जहां सीता समाहित स्थल (सीता माता मंदिर) के दर्शन होंगे। यहां से ट्रेन प्रयागराज जाएगी। जहां त्रिवेणी संगम, हनुमान मंदिर और भारद्वाज आश्रम देखने का मौका मिलेगा। यात्रा को आगे बढ़ाते हुए ट्रेन श्रृंगवेरपुर, चित्रकूट, नासिक, पंचवटी, हम्पी होते हुए रामेश्वरम पहुंचेगी। इन स्थानों पर यात्रियों को क्रमशः श्रृंग ऋषि मंदिर, गुप्त गोदावरी, राम घाट, सती अनुसूया मंदिर, त्रयंबकेश्वर मंदिर, सीता गुफा और कालाराम मंदिर, अंजनाद्री पहाड़ी, विरुपाक्ष मंदिर, विट्ठल मंदिर, रामनाथस्वामी मंदिर और धनुषकोडी का दर्शन होगा।

डॉक्टर्स डे पर अनिशीला अस्पताल में 90 लोगों की निःशुल्क हड्डी जांच

बोन मिनरल डेंसिटी की भी हुई जांच, नियमित व्यायाम करने वालों की हड्डियाँ पाई गईं मजबूत

औरंगाबाद। डॉक्टर्स डे के अवसर पर अनिशीला मैटरनिटी एंड सर्जिकल अस्पताल में बोन मिनरल डेंसिटी (बीएमडी) जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 90 व्यक्तियों की निःशुल्क जांच की गई। जांच का परिणाम यह दर्शाता है कि नियमित व्यायाम करने वालों की हड्डियाँ अपेक्षाकृत अधिक मजबूत थीं, चाहे उनकी उम्र पचास वर्ष से अधिक ही क्यों न हो। वहीं, कुछ युवा प्रतिभागियों की हड्डियाँ कमजोर पाई गईं, जो चिंता का विषय है। इस मौके पर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार सिन्हा एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शीला वर्मा ने बताया कि स्वस्थ हड्डियाँ व्यक्ति को जीवन भर आत्मनिर्भर बनाए रखती हैं। यदि हड्डियाँ कमजोर हों तो व्यक्ति को छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। डॉ. सिन्हा ने बताया कि हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए प्रतिदिन कम से कम 15-20 मिनट का नियमित व्यायाम आवश्यक है। इसके साथ ही भोजन में दूध, दही, अंडा, मूली जैसे कैल्शियम युक्त आहार शामिल करने चाहिए। हड्डियों के लिए विटामिन डी की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिसकी नियमित रूप से (हर छह महीने पर) जांच करानी चाहिए क्योंकि यह किसी भी उम्र में कम हो सकता है। डॉ. वर्मा ने कहा कि शरीर चलने के लिए बना है। अतः रोज़ाना पैदल चलने की आदत डालें। आजकल स्मार्ट घड़ियों व मोबाइल ऐप जैसे 'सैमसंग हेल्थ' या 'हेल्थिफाई मी' से यह पता लगाया जा सकता है कि व्यक्ति दिनभर में कितने कदम चला। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि सिर्फ संख्या पूरी करने की जिद में अगले दिन बिस्तर पकड़ना न पड़े—इसलिए अपनी क्षमता के अनुसार चलना और व्यायाम करना ही बेहतर है। बीएमडी जांच से हड्डी के घनत्व का पता चलता है। यदि घनत्व कम पाया जाता है तो हड्डी टूटने की संभावना बढ़ जाती है, वह भी हल्की सी ठेस में। इसीलिए विशेषज्ञों की सलाह है कि समय-समय पर बीएमडी जांच अवश्य कराएं।गौरतलब है कि यह जांच सामान्यतः 1500 से 2000 रुपये में होती है, लेकिन डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में यह निःशुल्क जांच माइक्रो लैब्स कंपनी के सौजन्य से की गई। इस जनहितकारी पहल के लिए अनिशीला अस्पताल, डॉ. अनिल कुमार सिन्हा और डॉ. शीला वर्मा को नगरवासियों की ओर से सराहना प्राप्त हो रही है।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा
E-Mail ID:- scogarhwa@gmail.com

अनुदानित दर पर कृषि यंत्र एवं कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु सूचना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड, रांची का स्वीकृत्यादेश सं0 08 दिनांक 22.05.2025 द्वारा गढ़वा जिला हेतु वित्तीय वर्ष–2025–26 में केन्द्र प्रायोजित RKVY योजना अंतर्गत Sub Mission on Agricultural Mechanization (SMAM) उपयोजना अन्तर्गत अनुदानित दर पर कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतू (अधिकतम 80 प्रतिशत) स्वयं सहायता समूह / Enterpreneurs /Lampus/Pacs/ FPOs/Village Organization (V.O)/कलस्टर फेडरेशन या अन्य कृषक समूहों के माध्यम से किया जायेगा।

इस योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषकों / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / महिला कृषकों को व्यक्तिगत कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक अनुदान पर वितरण किया जाना है जिसकी सूचना पूर्व में दिनांक 16.06.2025 को स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन किया गया था। परन्तु कुछ यंत्रो को छोड़कर शेष यंत्रो का आवेदन लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त नही हुआ। शेष यंत्रो हेतु पुनः आवेदन पत्र मॉग कि जा रही जो निम्न प्रकार हैः–

List of Agricultural Machinery and Equipments under component no. 4.1(a) & 4.1 (b)

क्र0	कृशि यंत्र का नाम	भौतिक लक्ष्य ओ0एस0पी0	अधिकतम अनुदान राशि (लाख में)
1	ग्राम स्तरीय कृशि उपकरण बैंक पैकेज के साथ	10	80 प्रतिशत या 8.00 लाख रु0 प्रति कृशि उपकरण बैंक लागत 10 लाख रुपये।
2	Tractor 4WD (08-20 PTO HP)	9	50 प्रतिशत या रु0 2.45 लाख प्रति इकाई
3	Tractor 2WD (Above 20 PTO HP&Upto 40 PTO HP)	6	50 प्रतिशत या रु0 3.00 लाख प्रति इकाई
4	Self Propelled Power Weeder (below 2 bhp)	3	50 प्रतिशत या रु0 0.30 लाख प्रति इकाई
5	Self Propelled Power Weeder (Above 2 BHP & Below 5 BHP))	3	50 प्रतिशत या रु0 0.40 लाख प्रति इकाई
6	Self Propelled Power Weeder (5 BHP & Below7.5 BHP& Above)	3	50 प्रतिशत या रु0 0.75 लाख प्रति इकाई
7	Self Propelled Rice Transplanter (4 Row)	2	50 प्रतिशत या रु0 1.70 लाख प्रति इकाई
8	Self Propelled Crop Reaper (4 Rows)	7	50 प्रतिशत या रु0 0.75 लाख प्रति इकाई
Tractor/Power Tillar (Below 20 BHP) driven equipments			
9	MB plow(Single Bottom)	3	50 प्रतिशत या रु0 0.22 लाख प्रति इकाई
10	Cage Wheel	2	50 प्रतिशत या रु0 0.15 लाख प्रति इकाई
11	Cultivator	7	50 प्रतिशत या रु0 0.20 लाख प्रति इकाई
12	Multi Crop Treashers	3	50 प्रतिशत या रु0 0.40 लाख प्रति इकाई
13	Paddy Treasher	3	50 प्रतिशत या रु0 0.38 लाख प्रति इकाई
Tractor (Above 20 -35 BHP) driven equipments			
14	MB plow(Single Bottom)	3	50 प्रतिशत या रु0 0.35 लाख प्रति इकाई
15	Cage Wheel	20	50 प्रतिशत या रु0 0.18 लाख प्रति इकाई
16	Cultivator	9	50 प्रतिशत या रु0 0.18 लाख प्रति इकाई
17	Rotovator upto 5 feet	5	50 प्रतिशत या रु0 0.46 लाख प्रति इकाई
18	Zero-till Seed Drill Multi Crop (7 tines)	6	50 प्रतिशत या रु0 0.23 लाख प्रति इकाई
Tractor (Above 35 BHP) driven equipments			
19	Rotovator (7 feet)	4	50 प्रतिशत या रु0 0.70 लाख प्रति इकाई
Irrigition Equipments (For FRA Applicant)			
20	Petrol/Diesel/Electric/Tractor PTO Operated/Protable Irrigition Pumps Upto 15 Hp.	35	90 प्रतिशत या रु0 0.18 लाख प्रति इकाई
21	Manual Sprayer Knapsack Foot/Battery Operated sprayer	40	90 प्रतिशत या रु0 0.018 लाख प्रति इकाई
22	Solar Operated Knapsack Sprayer	11	90 प्रतिशत या रु0 0.036 लाख प्रति इकाई

लाभुक का चयनः–

1. इस योजना के कार्यान्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, द्वारा प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
2. स्वयं सहायता समूहों के गठन में 10–12 सदस्यों का होना अनिवार्य है।
3. वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
4. ट्रैक्टर चालित यंत्रो के लिए कृषक को ट्रैक्टर का स्वामित्व होना आवश्यक है, जिसका प्रमाण पत्र (RC) आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
5. जिन कृषक समूहों एवं कृषकों द्वारा पूर्व में विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी केन्द्रीय प्रायोजित / राज्य योजना के माध्यम से कृषि यंत्र प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
6. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा से प्राप्त कर जिला प्रोग्राम प्रबंधक, JSLPS, गढ़वा एवं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आवेदन जमा किया जा सकता है। जिसकी अन्तिम तिथि 08.07.2025 को संध्या 5.00 बजे तक जमा किया जायेगा।

कार्यालय पता :–विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पताः– भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा
संयुक्त कृषि भवन, भूमि तल पिपरकला गढ़वा।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी
गढ़वा।

PR.NO.356364 Agriculture(25-26):D

संक्षिप्त समाचार

तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने दंपति को रौंदा

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सदर ब्लॉक चौक के पीछे हवाई मैदान स्थित मछली हट्टा में एक तेज रफ्तार लक्जरी गाड़ी ने दंपति को रौंद दिया। जिससे दोनों गंभीररूप से जख्मी हो गए। जख्मी बैरिया थाना के पखनाहा निवासी हीरालाल साह(55) व उनकी पत्नी इंदू देवी(50) बताई गई हैं। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने गाड़ी में तोड़फोड़ किया। गाड़ी में सवार एक युवक की जमकर पिटाई भी कर दी। हालांकि भीड़ का लाभ उठाकर चालक फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। भीड़ की चंगुल से गाड़ी में सवार चनपटिया थाना के बकुलहर निवासी आदित्य गोस्वामी व मुफस्सिल थाना के एक गांव निवासी एक किशोर को छुड़ाकर कब्जे में ले ली। वहीं गाड़ी को जब्त कर थाना ले गई। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि जख्मी दंपति का जीएमसीएच में इलाज चल रहा है। गाड़ी को जब्त की गई है। अब तक किसी पक्ष की ओर से आवेदन नहीं दिया गया है, आवेदन मिलने के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

तीन बच्चों की मां खुद पहुंचीं थाने बतायी मैं भागी नहीं थी

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शिकारपुर थाना के सैदपुर रमौली गांव की भागी तीन बच्चों की मां बुधवार को खुद थाने पहुंची है। इस दौरान महिला प्रियंका देवी ने पुलिस को बताया कि वह घर भागी नहीं थी। वह अपने दो बच्चों को घर पर छोड़ एक छोटी बच्ची को लेकर अपने मौसी के घर गई थी। उसको कुछ जरूरी काम था। मौसी के यहां जाने के बाद वह घर पर फोन करना भूल गयी। उसकी मां को इसकी चिंता हुई तथा गलतफहमी उसने थाने में एफआईआर दर्ज करा दी। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि महिला खुद थाने पहुंची है। महिला को मेडिकल जांच तथा बयान के लिए बेतिया भेजा गया है। न्यायालय में बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अंचल प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अंचल अंतर्गत रखह चम्पापुर पंचायत के वार्ड संख्या 13 बुढ़वा गाव में बुधवार को अतिक्रमण हटाने अंचल प्रशासन व शिकारपुर पहुंचीं। इस दौरान खाता 60 व खेसरा 220 की गैरमजरूआ आम रास्ता की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। दंडाधिकारी सह सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि बुढ़वा गांव में गैरमजरूआ आम रास्ता की भूमि को कुछलोगो द्वारा अतिक्रमण कर घर बना लिया गया था। अतिक्रमण को लेकर जालिम देवान द्वारा शिकायत की गई थी। शिकायत के आलोक में अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अतिक्रमण वाद चलाकर कासिम देवान, बलिस्टर देवान,नसरुद्दीन देवान के घर को जेसीबी से तोड़कर हटाया गया है। सीओ श्री शेखर ने बताया कि इसमें एक पक्का मकान व दो एलबेस्टर के मकान शामिल था। इस दौरान राजस्व कर्मचारी महेंद्र गुप्ता, अंचल अमीन अमित कुमार के अलावा शिकारपुर पुलिस बल उपस्थित थे।

सर्पदंश से किशोरी की मौत

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मंगलवार की देर रात धोकरहा पंचायत के वार्ड 08 बड़ी मस्जिद के पास जियाउल अंसारी की 10 वर्षीय नतिनी फातिमा नेशा की मौत सर्पदंश से हो गयी। पंचायत के मुखिया आशीष भट्ट ने भी सर्पदंश से मौत की पुष्टि किया है।उन्होंने बताया की लड़की के मां बाप चनपटिया के बनकट पुरैना में रहते है।परिजनों ने पोस्टमार्टम से इनकार किया है।

आपस की भिडंत में बाइक सवार जख्मी

बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। एन एच 727 बगहा बेतिया मुख्य सड़क के विश्वंभरपुर के पास दो बाईकों की आमने सामनें हुई भिड़न्त में दोनो बाईक सवार जख्मी हो गये।स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया।जहां दोनो का इलाज जारी है।डा. विनय कुमार ने बताया की घायलों में एक विश्वंभरपुर का रहने वाला है।जिसको सिर और शरीर में गंभीर चोट है। वहीं दूसरे को हल्की चोट आई है।

जख्मी अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बेतिया-मोतिहारी मुख्य मार्ग स्थित लालगढ़ में अज्ञात वाहन की ठोकर से एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसकी जीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालगढ़ निवासी जीवन कुमार श्रीवास्तव के रूप में हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

थानाध्यक्ष को किया सम्मानित

साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भाजपा अल्पसंख्यक महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष सलमा खातून ने बुधवार को थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर विनय कुमार को अंग वस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नए थानाध्यक्ष से साठी की जनता को काफी उम्मीदें हैं। मुझे उम्मीद है कि महिलाओं की आत्म सम्मान और महिला उत्पीड़न पर थाना अध्यक्ष खास ख्याल रखेंगे और घरेलू हिंसा पर रोक लगाने पर विशेष बल देंगे। इस कार्य में थाना अध्यक्ष को हमारी ओर से सहयोग मिलेगा।

कार्य समाप्ति के बाद ही करेंगे नए पदस्थापन का योगदान

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी व अंचल अमीन समेत अन्य विभाग के कर्मियों का ट्रांसफर पोस्टिंग जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। हालांकि इस दौरान जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने एक पत्र जारी करते हुए निर्देश दिया है कि जो कर्मी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे है। उनकी शत प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। पत्र में जिलाधिकारी श्री कुमार ने ये भी कहा है कि जो कर्मी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित कार्यक्रम विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर का कार्य कर रहे है। वैसे कर्मी उक्त कार्यक्रम समाप्ति तक वर्तमान पदस्थापन पर बने रहेंगे और कार्य के समाप्ति के उपरांत नवपदस्थापित स्थान पर योगदान करेंगे। बता दे कि अंचल कार्यालय में पदस्थापित 14 राजस्व कर्मचारी एवं सभी अंचल अमीन का स्थानांतरण किया गया है।

फार्मर रजिस्ट्रेशन हेतु विशेष शिविर आयोजित

बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गन्ना उद्योग विभाग द्वारा चलाई जा रही कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत किसानों के रजिस्ट्रेशन हेतु विशेष शिविर का आयोजन चीनी मिल के गन्ना कार्यालय के परिसर में किया गया। उक्त विशेष शिविर में क्षेत्र के 60 किसानों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया। 45 किसानों के रजिस्ट्रेशन का कार्य नेटवर्किंग धीमा होने के कारण अभी लंबित है जिसे देर रात तक पूर्ण किया जाएगा। इस अवसर पर चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ना द्वारा किसानों को विभाग द्वारा अनुदानित दर पर उपलब्ध कराए जा रहे कृषि यंत्रों की जानकारी दी गई तथा यह भी सूचित किया गया कि दिनांक 10 जुलाई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु पोर्टल खुला है जो भी किसान कृषि यंत्र अनुदान पर प्राप्त करना चाहते हैं वे गन्ना उद्योग विभाग के कृषि यंत्रों से संबंधित पोर्टल पर शीघ्रातिशीघ्र रजिस्ट्रेशन अवश्य कर देवें। उक्त तिथि के उपरांत रजिस्ट्रेशन बंद हो जाएगा। रजिस्ट्रेशन में यदि कोई कठिनाई हो रही है तो चीनी मिल के गन्ना विभाग से अथवा अपने क्षेत्रीय अधिकारी से तुरंत संपर्क करें।उक्त बातों की जानकारी चीनी मिल के गन्ना महाप्रबंधक बीएन त्रिपाठी ने दी।

रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न

बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बगहा दो पीएचसी में रोगी कल्याण समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बगहा दो प्रखंड के बीडीओ विदु राम ने किया तो संचालन पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश सिंह नीरज ने किया। रोगी कल्याण समिति की बैठक में पीएचसी में मरीजों एवं उनके परिजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर करीब दो दर्जन बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया एवं समिति के सदस्यों की इसपर सहमति बनी। सर्वप्रथम बैठक में विगत रोगी कल्याण समिति की बैठक में लिए गए निर्णय पर चर्चा हुई। साथ ही साथ अस्पताल में बेहतर संचालन हो एवं पीएचसी उपलब्ध संसाधनों के बीच मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिले। इस अवसर पर बगहा बीडीओ के अलावा पीएचसी प्रभारी डॉक्टर राजेश सिंह नीरज के अलावा रोगी कल्याण समिति के सदस्य आदि मौजूद थे।

ट्रैक्टर की बैट्री चोरी, आरोपी गिरफ्तार

मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मांझी थाना क्षेत्र के सन्यासी बाजार से एक ट्रैक्टर की बैट्री चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सोनबरसा गांव निवासी नितेश कुमार, जो स्व. रामपुकार यादव के पुत्र हैं, ने मांझी थाना में आवेदन देकर बताया कि उनके ट्रैक्टर की बैट्री किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने जानकारी दी कि आवेदन मिलने के बाद जांच शुरू की गई। संदेह के आधार पर गोपालगंज जिले के पिपरा गांव निवासी राजा साईं को गिरफ्तार किया गया, जो वर्तमान में नंदपुर स्थित अपने ससुराल में रह रहा था। पूछताछ में उसने बैट्री चोरी की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद घटनास्थल से करीब 200 मीटर की दूरी पर छिपाई गई बैट्री को पुलिस ने बरामद कर लिया। आवश्यक पूछताछ के बाद आरोपी को छपरा जेल भेज दिया गया।

मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य में सभी का सहयोग जरूरी

जिला की बेबसाईट पर उपलब्ध है 2003 की मतदाता सूची

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में आमजनों को पैनिक होने की आवश्यकता नही है। यह कार्य अति सुगम है। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा सौंपे गये प्रपत्र को भरकर उन्हें कुछ कागजात के साथ उसे लौटा देना है। ऐसा भी नही कि बीएलओ के दिये गये प्रपत्र को हीं भरकर लौटाना है। बल्कि मतदाता चाहे तो बेबसाईट से प्रपत्र डाउनलोड कर उसे भरकर पुनः आधिकारिक बेबसाईट पर स्वंय अपलोड कर सकते है। जिलाधिकारी श्री कुमार ने बुधवार को पत्रकारों को इस संबंध में वृहद जानकारी देते हुए कहा कि यह प्रक्रिया 25 जून से आरंभ हुयी है। इसके तहत बीएलओ घर घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण कर रहे है। मतदाताओं तक गणना प्रपत्र को सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी , सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बीएलओ सुपरवाईजर एवं अन्य पदाधिकारी भी स्वंय फिल्ड में भ्रमण कर रहे है। इस कार्य के लिए 9 निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 49 सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 2731 बीएलओ के साथ हीं प्रखंड स्तर के 320 स्टाफ को लगाया गया है। इसके अलावे विभिन्न राजनैतिक दलों के 437 बीएलए, 1862 पीडीएस दुकानदारों, 4125 आंगनवाड़ी सेविकाओ, 3070 ग्राम पंचायत सदस्य, 303 मुखिया, 303 सरपंच, जीविका समूह के 80 पदाधिकारी एवं 4लाख 50 हजार जीविका दीदीयों को भी मतदाताओं को सहयोग के लिए प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट रुप से कहा कि वैसे मतदाता जिनका नाम पहले से 2003 के गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची में शामिल है वैसे मतदाताओं को केवल अपनी प्रविष्टि की पुष्टि करनी है एवं गणना प्रपत्र भरकर जमा करना है। इसके अलावे यदि किसी मतदाता के माता पिता में से कोई एक व्यक्ति 2003 के मतदाता सूची में शामिल है वैसे व्यक्ति को इस विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान नामांकन के लिए संबंधित किसी भी दस्तावेज को प्रस्तुत करने की आवश्यकता नही होगी। चाहे उस व्यक्ति की जन्मतिथि कुछ भी हो। कोई भी व्यक्ति इस सूची को डाउनलोड कर अपने गणना प्रपत्र के साथ संलग्न कर सकता है।

सड़क हादसे में दो युवक घायल, एक सदर अस्पताल रेफर

मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मांझी थाना क्षेत्र के महम्मदपुर टेघड़ा बांध पर मंगलवार दोपहर को एक सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान ग्यासपुर गांव (थाना - सिसवन) निवासी रंजीत महतो एवं रामाधार महतो के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक एकमा स्टेशन से टिकट लेकर लौट रहे थे, तभी रास्ते में तेज गति से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से एक घायल को महम्मदपुर के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिलाया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल युवक को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

केसरी मठिया बाजार में पुलिस छापेमारी: तीन आर्केस्ट्रा ग्रुपों से छह नाबालिग लड़कियां बरामद, संचालक फरार

आर्केस्ट्रा संचालकों व मकान मालिकों के विरुद्ध प्राथमिकी

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। एकमा थाना पुलिस व महिला थाना पुलिस ने बुधवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए केसरी मठिया बाजार स्थित तीन अलग-अलग आर्केस्ट्रा ग्रुपों पर छापेमारी कर छह नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू किया। सभी लड़कियां न्यू आर्केस्ट्रा म्यूजिकल ग्रुप, शिवशक्ति आर्केस्ट्रा ग्रुप और मुस्कान आर्केस्ट्रा एंड म्यूजिकल ग्रुप से जुड़ी थीं।

पुलिस के पहुंचने की भनक लगते हीं ग्रुप के संचालक एवं मकान मालिक मौके से फरार हो गए। इस संबंध में एकमा थाने में पदस्थापित एसआई ताज महम्मद खां के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें तीनों आर्केस्ट्रा ग्रुप के संचालक व किराए पर मकान देने वाले घर मालिकों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। छापेमारी दल में मिशन मुक्ति फाउंडेशन के डायरेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह, रेस्क्यू फाउंडेशन दिल्ली के जांच अधिकारी अक्षय कुमार पांडेय, नारायणी सेवा संस्थान छपरा के समन्वयक अखिलेश कुमार सिंह, महिला थानाध्यक्ष महाश्वेता सिन्हा, एएचटीयू प्रभारी विशाल आनंद, महिला सशस्त्र बल की सिपाही नीतू कुमारी, रूमा कुमारी, सपना कुमारी, सरोजिनी कुमारी समेत एकमा थाने के एसआई ताज अहमद खां शामिल थे। छापेमारी के क्रम में पुलिस ने सबसे पहले न्यू आर्केस्ट्रा म्यूजिकल ग्रुप के किराए के मकान में तीन नाबालिग लड़कियों को बरामद किया। इसके बाद शिवशक्ति आर्केस्ट्रा के ठिकाने से एक और मुस्कान आर्केस्ट्रा एंड म्यूजिकल ग्रुप से दो नाबालिग लड़कियों को छुड़ाया गया। बरामद लड़कियों में तीन पटना, एक दिल्ली, एक नेपाल और एक पश्चिम बंगाल की निवासी हैं। पूछताछ में लड़कियों ने बताया कि मकान मालिकों की मिलीभगत से संचालक उन्हें जबरन कार्यक्रमों में ले जाते थे और अश्लील गानों पर नाचने के लिए मजबूर करते थे। विरोध करने पर उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। पुलिस ने सभी लड़कियों को सुरक्षित महिला थाना पहुंचा दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच में तेजी लाई गई है।

मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मोहर्रम पर्व को लेकर मंगलवार को देर शाम में थाना परिसर में थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड प्रमुख शंभु तिवारी, मुखिया इंतखाब अहमद उर्फ गोलू, विनोद शर्मा, सरपंच शकिल अहमद, शेख भंडूल, चन्द्र शेखर साह,सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि पर्व त्योहार मानव जीवन का अनिवार्य अंग है। जो पवित्रता शांति भाईचारा एकता का पैगाम देता है। उन्होंने आने वाले मोहर्रम पर्व को पूरे सांप्रदायिक सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की । साथ ही उन्होंने कहा कि शांति भंग करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। वही प्रखंड प्रमुख शंभु तिवारी ने कहा कि यहां सभी त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाता है। कहीं किसी तरह का कोई भेदभाव नही होता है।

मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए जिलाधिकारी ने किया जागरूकता रथ रवाना

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का बड़े पैमाने पर प्रचार प्रसार करें। कोई भी योग्य मतदाता छूटना नहीं चाहिए। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अमन समीर ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर से प्रचार रथ आच्छादित करेगा। इसके अलावा फ्लैक्स, पोस्टर्स, बैनर, हैंडबिल व स्टिकर लगाया जा रहा है। हेल्पलाइन डेस्क एक्टिव है। 1950 पर कॉल कर कोई भी जानकारी हासिल की जा सकती है। इसके अलावा वोटर हेल्प लाइन ऐप या वेबसाइट से सम्पूर्ण जानकारी हासिल की जा सकती है।

रवाना करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि इस अभियान को लेकर लोगों में कोई भ्रांति नहीं पैदा होनी चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग के निदेश पर मतदाता सूची का विशेष या गहन पुनरीक्षण सतत चलता रहता है। इस अभियान को उसी कड़ी में देखा जाना चाहिए। जितनी अधिक लोगों को इस विषय पर जानकारी या जागरूकता होगी कार्य उतना ही सरल और आसान होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस कार्य के लिए सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। बीएलओ सुपरवाइजर का भी गहन प्रशिक्षण किया गया है। साथ ही एक बीएलओ की सहायता के लिए कम से कम दो वॉलंटियर भी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए अलग से बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक प्रखंड से जागरुकता रथ निकालने का आदेश दिया गया है। जो हर गली, मुहल्ले, टोला और गांव को सभी बीएलओ को मतदाताओं के पूर्व से भरे हुए गणना फॉर्म उपलब्ध करा दिए गए हैं। जिनका वे घर घर जाकर वितरण कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि दैनिक स्तर कार्य की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला से लेकर प्रखंड स्तर पर अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए कार्य को गंभीरता से लेने की सख्त हिदायत दी गयी है। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ आयोग द्वारा अपलोड किए गए 2003 के मतदाता सूची को अपने पास रखेंगे। इस सूची में किसी मतदाता के नाम होने पर पूरे परिवार के लिए उसे ही मान्य डाक्यूमेंट के तौर पर उपयोग किया जाएगा। अलग से कोई प्रमाण पत्र लेने का कोई दबाव नहीं है। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी विनय चौधरी, सतीश कुमार, अशोक पासवान, विकास कुमार, प्रसन्नजीत कुमार सिंह, उपेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

दो एमवीआई, एक कर्मी समेत छह पर प्राथमिकी

डीएम ने प्रपत्र क गठित करते हुए की निलंबन की सिफारिश

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भ्रष्टाचार के आरोपो के मामले में प.चंपारण में पदस्थापित मोटरयान निरीक्षक पूजा कुमारी एवं संतोष दास(संप्रति मुख्यालय परिवहन विभाग), वरीय लिपिक संजय राव समेत छह लोगो पर प्राथमिकी का आदेश दिया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन को विगत दिनों विभिन्न माध्यमों से एक वायरल ऑडियो संज्ञान में आया, जिसमें परिवहन कार्यालय, में पदस्थापित मोटरयान निरीक्षक एवं अन्य कर्मी द्वारा अनैतिक कृत्य किए जाने संबंधी वार्ता थी।इसे गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय कमिटी से जांच करायी गयी। उक्त के आलोक में त्रि-सदस्यीय कमिटि के द्वारा जाँचोंपरात वायरल ऑडियो में दर्ज अवैध लेन-देन की बात को प्रथम दृष्टया सत्य प्रतिवेदित करते हुए पूरे मामले में मोटरयान निरीक्षक पुजा कुमारी, एवं जिला परिवहन कार्यालय के अन्य कर्मियों की संलिप्तता प्रतिवेदित किया गया। प्रतिवेदन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए वायरल ऑडियो एवं जांच दल के प्रतिवेदन में अंकित सभी लोगों के विरूद्ध नाम सहित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश दिया गया है। साथ ही सरकारी पदाधिकारी, कर्मियों के विरूद्ध निलम्बन की अनुशंसा के साथ प्रपत्र-क गठित करने का आदेश दिया गया।डीएम ने बताया कि उक्त का अनुपालन करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा मोटरयान निरीक्षक पुजा कुमारी, संतोष दास, तत्कालीन लिपिक संजय राव एवं इस प्रकरण में संलिप्त बिचौलियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करा दिया गया है।

सारण के लाल डॉ कुमार अभिषेक बने असिस्टेंट प्रोफेसर, गांव में हर्ष का माहौल

मांझी/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मांझी प्रखंड के महम्मदपुर गांव निवासी सुनील कुमार व आशा गुप्ता के सुपुत्र डॉ. कुमार अभिषेक ने शिक्षा जगत में एक अहम मुकाम हासिल करते हुए राजनीति शास्त्र विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ. अभिषेक की इस उल्लेखनीय सफलता से न केवल उनके परिवार में बल्कि पूरे गांव और समाज में हर्ष की लहर है। उनके पिता सुनील कुमार स्वयं भी शिक्षा जगत से जुड़े रहे हैं और पूर्व में केसी कॉलेज, रिवीलगंज में वरिष्ठ व्याख्याता के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों, मित्रों सहित सगे-संबंधियों ने डॉ. अभिषेक को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गांववासियों में इस बात को लेकर गर्व है कि उनके बीच से कोई उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहराने में सफल रहा है। अपनी शुभकामनाएं देते हुए शिक्षाविद डॉ सुनील कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह सेंगर, डॉ कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, डॉ शशि भूषण शाही, मुखिया परमेंद्र कुमार सिंह उर्फ मनीष सिंह, शैलेंद्र उपाध्याय, पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष दीपक मिश्रा, पूर्व मुखिया राहुल प्रकाश सिंह आदि ने कहा है कि डॉ. अभिषेक की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई है।

सारण में शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में नए डीईओ का भव्य स्वागत

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सारण जिले के शिक्षा विभाग में बुधवार को हुए प्रशासनिक फेरबदल के बाद नवनियुक्त जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) निशांत किरण का सारण आगमन पर परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ ने जोरदार स्वागत किया। संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर नए डीईओ का अभिनंदन किया। इस अवसर पर समरेंद्र बहादुर सिंह ने नए डीईओ के समक्ष जिले के शिक्षा विभाग से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं को रखा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को आपसे बड़ी उम्मीदें हैं। उन्होंने मढौरा,सोनपुर, एकमा, जलालपुर

सहित अन्य प्रखंडों के ग्रुप ए, बी, सी, डी शिक्षकों का बकाया अंतर वेतन भुगतान, राघवेंद्र शर्मा बनाम बिहार सरकार जजमेंट के क्रियान्वयन, कालबद्ध प्रोन्नति और कई शिक्षकों के लंबित वेतन भुगतान की समस्या शीघ्र सुलझाने की मांग रखी। निशांत किरण ने सभी शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि विभागीय कार्यों को पूरी पारदर्शिता व समयबद्ध ढंग से निष्पादित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की हर समस्याओं पर संवेदनशीलता से विचार कर समाधान कराया जाएगा।

जुलाई के अंत तक चालू होगा गोवर्धन प्लांट, निर्माण कार्य पूर्ण

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड अंतर्गत धुमनगर पंचायत के जमुनिया गाव में बुधवार को एसएलडब्लूएम के जिला सलाहकार एवं एलएसबीए के जिला समन्वयक ने निमार्णाधीन गोवर्धन प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियो ने गोवर्धन प्लांट को लेकर लगने वाले मशीनरी लगाने समेत अन्य विन्दुओ पर प्रखंड समन्वयक रामविनय प्रसाद को आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के उपरांत एसएलडब्लूएम के जिला सलाहकार मनोज प्रभाकर ने बताया कि गोवर्धन प्लांट का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया। प्लांट में लगने वाले मशीनरी को मंगाया जा रहा है। मशीनरी लगाने के उपरांत जुलाई माह के अंत तक प्लांट को चालू कर दिया जाएगा। इसके पश्चात अधिकारियो ने भसुरारी एफएसटीपी प्लांट स्थापित करने के लिए चिन्हित भूमि का जायजा लिया।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य पहुंचे बेतिया

ट्राईबल एरिया में किये गये कार्य की की सराहना

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य निरूपम चाकमा बुधवार को बेतिया पहुंचे। यहां उन्होंने जिले में अनुसूचित जनजातियों के कल्याण एवं विकास के लिए कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार एवं अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र द्वारा पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से सदस्य को जिले में अनुसूचित जनजाति समुदाय की बेहतरी के लिए किये जा रहे कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा के क्रम में श्री चाकमा ने कहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के समग्र विकास एवं कल्याण की दिशा में जिले में बेहतर कार्य किये गये हैं, इसे और अच्छे तरीके से करने की आवश्यकता है ताकि अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों का कल्याण एवं उत्थान ठीक तरीके से हो सके।उन्होंने वीटीआर क्षेत्र में चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, ट्राईबल एरिया में डिग्री कॉलेज की स्थापना हेतु कार्रवाई करने, एकलव्य मॉडल विद्यालय की स्थापना करने सहित अन्य कई महत्वपूर्ण सुझाव जिला प्रशासन को दिए।बैठक में उपस्थित राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार गढ़वाल ने भी जनजातीय छात्रावास, नल-जल योजना सहित अन्य कई बिन्दुओं पर अपने सुझाव व्यक्त किया। बैठक में जिलाधिकारी के अलावे पुलिस अधीक्षक डॉ0 शौर्य सुमन, बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

सुशीला देवी को न्याय दिलाने को लेकर गरजी कांग्रेस

गुठनी थाने पर प्रदर्शन कल, भू-माफिया और लोन कंपनियों के खिलाफ उठाई आवाज

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।

सीवान। गुठनी के मिश्रौली गांव की दलित महिला सुशीला देवी की आत्महत्या मामले में कांग्रेस ने जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता कर सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि सुशीला देवी की मौत एक योजनाबद्ध आर्थिक शोषण का परिणाम है, और इस मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई में जानबूझकर देरी की जा रही है और आरोपित अब तक फरार हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कांग्रेस की एक जांच टीम ने पीड़िता के घर जाकर पूरे मामले की जांच की। जांच में यह सामने आया कि एक संगठित गिरोह गरीब और दलित तबके की महिलाओं को माइक्रोफाइनेंस के जाल में फंसाकर उनका आर्थिक और मानसिक शोषण कर रहा है। उन्होंने कहा कि सुशीला देवी ने मुथूट माइक्रोफिन कंपनी से ₹65,000 का लोन लिया था, लेकिन कंपनी के कर्मचारी लगातार सूद वसूली और अपमानजनक व्यवहार कर रहे थे, जिससे मानसिक तनाव में आकर उन्होंने आत्मघाती कदम उठा लिया। सुशील कुमार ने मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर गरीबों को राहत देने की व्यवस्था बनाई थी, लेकिन वर्तमान सरकार निजीकरण को बढ़ावा दे रही है जिससे इस तरह की फाइनेंस कंपनियों की मनमानी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि मुथूट माइक्रोफिन जैसी कंपनियां सूदखोरी कर गरीब महिलाओं को बबार्दी की ओर धकेल रही हैं। उन्होंने घोषणा की कि कांग्रेस कार्यकर्ता कल, 3 जुलाई को गुठनी थाने पर धरना प्रदर्शन करेंगे और इसके बाद जिला मुख्यालय पर भी बड़ा रोष प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों को गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल नहीं चलाया गया, तो कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी।

सिवान में लगेगा सीएनजी स्टेशन: सीजीडी परियोजना पर मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई चर्चा

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

सिवान। बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आज उत्तर बिहार की सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। इस बैठक में (इंडियन ऑयल), (भारत पेट्रोलियम) और थिंक गैस जैसी कंपनियों की चल रही परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर सिवान जिले से संबंधित सीजीडी परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। जिला पदाधिकारी, सिवान द्वारा बैठक में जिले में प्रस्तावित सीएनजी गैस स्टेशन की स्थापना की प्रक्रिया और अब तक की प्रगति की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जमीन चिन्हांकन, स्वीकृति प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द स्टेशन की स्थापना हो सके। सीएनजी स्टेशन की स्थापना से जिले में न सिर्फ ईंधन विकल्प बढ़ेंगे, बल्कि हरित ऊर्जा की दिशा में भी एक मजबूत कदम माना जा रहा है। इससे परिवहन क्षेत्र को सस्ती और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा मिलेगी। इसके साथ ही रोजगार और आर्थिक गतिविधियों में भी बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला पदाधिकारी, सिवान के साथ-साथ अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने संबंधित कार्यों की स्थिति से अवगत कराते हुए परियोजना की जल्द पूर्णता के प्रति प्रतिबद्धता जताई।

Affidavit

I, Om Prakash Pathak s/o Kuber Pathak village- Daboor, Post- Daboor, P.S. - Konch, Distt. Gaya, Bihar PIN-824118 have changed the name of my son namely Yuvraj Kumar age 14 years and he shall thereafter be known as Aditya Raj Pathak.

CMYK

प्रत्येक परिवार तक गणना प्रपत्र की सुलभता करें सुनिश्चित : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन हेतु मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद जिला में व्यापक स्तर पर जन जागरूकता, निगरानी एवं पर्यवेक्षण कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा ओबरा, दाउदनगर, रफीगंज, गोह एवं हसपुरा प्रखंड का भ्रमण कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रखंडों में कार्यरत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए जा रहे गणना प्रपत्र की भौतिक जांच की गई एवं अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित निर्वाचन पदाधिकारियों से वितरण कार्य की प्रगति, गणना प्रपत्र की उपलब्धता, अद्यतन प्रविष्टियों की गुणवत्ता, त्रुटिरहित विवरण सुनिश्चित करने की प्रक्रिया तथा पूर्ववर्ती मतदाता सूची से तुलना आदि बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नामांकित होने से वंचित न रहे एवं प्रत्येक परिवार तक गणना प्रपत्र की सुलभता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर उन्होंने हसपुरा प्रखंड अंतर्गत देवकुंड ग्राम एवं गोह प्रखंड के हथियारा ग्राम में स्वयं मतदाताओं के घर जाकर उन्हें गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की जानकारी दी तथा समय पर सही विवरण एवं आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, एक लोकतांत्रिक कर्तव्य भी है। अपने मताधिकार को सुरक्षित एवं सुनिश्चित करने हेतु सभी योग्य नागरिक समय पर अपने विवरण अपडेट करें एवं नाम जुड़वाएं। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 25 जून से 26 जुलाई तक सभी बीएलओ द्वारा घर-घर भ्रमण कर गणना प्रपत्र वितरित किए जा रहे हैं, जिनमें प्रत्येक परिवार के सभी योग्य सदस्यों का विवरण संकलित किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क बनाए रखें। सही जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं एवं स्वयं तथा अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित रूप से दर्ज कराएं।

255 करोड़ जीएसटी योगदान के लिए श्री सीमेंट को मिला भामाशाह सम्मान

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्री सीमेंट के औरंगाबाद संयंत्र प्रमुख अतुल शर्मा को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। भारत की प्रमुख सीमेंट निर्माता कंपनियों में से एक श्री सीमेंट को वित्त वर्ष 2024-25 में बिहार सरकार को 255 करोड़ के जीएसटी योगदान के लिए 'भामाशाह सम्मान' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार जीएसटी दिवस पर पटना में आयोजित भामाशाह सम्मान समारोह में प्रदान किया गया, जहां उन संस्थानों को सम्मानित किया गया जो बिहार की अर्थव्यवस्था को जीएसटी के माध्यम से मजबूत कर रहे हैं। श्री सीमेंट के औरंगाबाद संयंत्र प्रमुख अतुल शर्मा ने कंपनी की ओर से यह सम्मान प्राप्त किया। उन्हें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा एक स्मृति चिन्ह और एक लाख का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा 'भामाशाह सम्मान' प्राप्त करना हमारे लिए गर्व की बात है। यह सम्मान श्री सीमेंट की पारदर्शी और जिम्मेदार व्यावसायिक नीतियों के माध्यम से राज्य के आर्थिक विकास में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। बिहार हमारी विकास यात्रा का एक अहम हिस्सा है और हम यहां रोजगार सृजन, आधारभूत ढांचे के निर्माण और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से योगदान देना जारी रखेंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन और सामाजिक व सांस्कृतिक उत्तरदायित्व निभाने में श्री सीमेंट की भूमिका की सराहना की। यह सम्मान श्री सीमेंट की स्थायी विकास, उत्तरदायित्व और बिहार के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। औरंगाबाद के एक युवक की छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक युवक का शव पानी टंकी से बरामद किया गया है। मृतक की पहचान बारून थाना क्षेत्र के सोनाही गांव निवासी सूचित ठाकुर के 35 वर्षीय पुत्र राजेश ठाकुर के रूप में की गई हैं। राजेश बीते 3 महीने से बिलासपुर में एक निजी कंपनी में काम करता था। गांव के भी कुछ लोग उसके साथ वहां काम करते थे। कंपनी के कर्मियों ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। इसके बाद शव को पैतृक गांव लाया गया जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना से परिजनों में शोक व्याप्त हैं। घटना के बाद मृतक के परिजन ने उसकी हत्या कर शव को टंकी में डाले जाने की आशंका जताई है। परिजनों का कहना है कि रविवार की रात में 9 बजे मृत युवक की फोन पर घरवालों से बातचीत हुई थी। 11 बजे उसकी मौत की सूचना मिली। परिजनों ने मामले में जांच के बाद उचित कार्रवाई की मांग की है। मृतक अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। सभी भाइयों की शादी हो चुकी है। मृत युवक की शादी रफीगंज के लट्टा गांव में पूजा देवी के साथ 15 साल पहले हुई थी। उसके दो बच्चे भी हैं। बड़ा बेटा विक्रम 12 साल का जबकि छोटा बेटा शमी 9 साल का है। युवक की मौत के बाद दोनों के सिर से पिता का साया उठ चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक अपने घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था।

बिहार में कृषि रोड मैप से बढ़ी किसानों की आमदनी : वीरेंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के नबीनगर प्रखंड अंतर्गत सोनौरा पंचायत के चरन बाजार एवं राजपुर पंचायत के जयपुर ग्राम में बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड द्वारा वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। दोनों पंचायत के बूथ अध्यक्ष एवं बूथ कमिटी की बैठक पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह एवं शारदा सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि बूथ कमिटी के प्रत्येक सदस्य 25-25 घर जाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए गए कार्यों को बताएं और जनता के सुख दुख में शामिल हो। बैठक में प्रदेश जदयू कोषाध्यक्ष ललन शराफ, मुख्यालय प्रभारी अनिल कुमार सिंह, मुख्यालय प्रभारी परमहंस सिंह शामिल थे। औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि वर्ष 2005 से पूर्व कृषि एवं किसानों का बुरा हाल था किसानों को समयानुसार नहीं बीज मिलता था और न ही खाद। खेतों में सिंचाई के लिए बिजली की कोई व्यवस्था नहीं थी। बिहार सरकार के 2008 से 2012 तक पहला, वर्ष 2012 से 2017 तक दूसरा, 2017 से मार्च 2023 तक तीसरा तथा वर्तमान में चौथा कृषि रोड मैप जारी रहने से कृषि रोड मैप के क्रियान्वयन से फसलों, सब्जी, फल, दूध, अंडा, मांस एवं मछली के उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है। नबीनगर विधानसभा के संगठन प्रभारी अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि सरकार ने जाति आधारित गणना कराई जिसमें लोगों की आर्थिक स्थिति की जानकारी ली गई। 94 लाख अत्यंत गरीब परिवार को रोजगार के लिए लघु उद्यमी योजना के तहत दो लाख रुपये की दर से सहायता देने की शुरुआत हो चुकी है। मौके पर जदयू के जिला उपाध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य सुरेंद्र कुमार सिंह, सोनोरा के पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, राजपुर के पंचायत अध्यक्ष शारदा सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, सुनील कुमार सिंह, नंदू सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, महेश सिंह, प्रमोद सिंह, प्रखंड महासचिव संतोष कुमार सिंह, हरेंद्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि काली सिंह, विनय सिंह, मुन्ना सिंह, जयराम सिंह, रणजीत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, शिवपूजन सिंह, कृष्णा साव, रविंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

सीपी साहू को मिला टीचर ऑफ द मंथ अवार्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। मई माह में जिले के दो शिक्षकों को टीचर ऑफ़ द मंथ अवार्ड मिला है। यह अवार्ड मध्य विद्यालय, कुटुंबा के प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद साहू और नबीनगर के प्राथमिक विद्यालय बग्घा डाबर की शिक्षिका मंजू पांडेय को मिला है। बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने चंद्रशेखर प्रसाद साहू को इस अवार्ड का प्रशस्ति पत्र हस्तगत करते हुए बधाई दी। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक माह में प्रखंड से एक शिक्षक को टीचर ऑफ़ द मंथ अवार्ड देने की शुरुआत अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने की है। खुशी की बात है कि औरंगाबाद जिले में दो शिक्षकों को मई माह के लिए यह अवार्ड मिला है। प्रशस्ति पत्र अपर मुख्य सचिव और निदेशक शिक्षा विभाग के संयुक्त हस्ताक्षर से निर्गत होता है। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक विद्यालय में अच्छा कार्य कर रहे हैं उन्हें टीचर ऑफ द मंथ के लिए ई-शिक्षाकोष पर अप्लाई करना चाहिए। अवार्ड प्राप्त करने वाले चंद्रशेखर प्रसाद साहू ने बताया कि शिक्षक ई शिक्षा कोष पर टीचर ऑफ़ द मंथ अवार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें ई शिक्षाकोष पर शिक्षक की उपस्थिति शत प्रतिशत होना अनिवार्य है। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति भी 75% से अधिक होनी चाहिए। श्यामपट्ट कार्य, पाठ योजना बनाकर अध्यापन कार्य, शिक्षण में टीएलएम का प्रयोग, विद्यालय में नवाचार, अभिभावक शिक्षक गोष्ठी, मासिक मूल्यांकन जैसी गतिविधियों का साक्ष्य ई शिक्षकोष पर अपलोड किया जाता है। जिले के दो शिक्षकों को यह अवार्ड मिलने से शिक्षकों में खुशी की लहर है। श्री साहू को वर्ष 2020 में राजकीय शिक्षक पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने का निर्णय

मदनपुर(औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य, सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार चौधरी, अपर थानाध्यक्ष गुफरान अली, एसआई संजीव कुमार पाठक, ऐश्वर्या प्रिया कुमारी, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज कुमार पाठक, मंटू कुमार मौजूद थे। बैठक में कहा गया कि प्रखंड के मदनपुर, इस्लामपुर, चौधरी बिगहा खिरियावां, वार, उचौली, टंडवा, दर्जी बिगहा, दशवतखाप, नगमतिया, केवला, रंगा बिगहा सहित अन्य गांवों में मुहर्रम के ताजिया का स्थापना होता है। 5 जुलाई की रात में ताजिया निकलती है। इसके बाद 6 जुलाई को पहलाम होता है। बैठक में निर्णय लिया गया कि पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद सुरक्षा में मुहर्रम पर्व शांति सौहार्द के वातावरण में मनाया जाएगा। जूलूस पूर्व निर्धारित मार्ग से ही निकाली जाएगी। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि जूलूस में डीजे बजाना प्रतिबंधित है। ताजिया स्थापना से पहले लाईसेंस लेना अनिवार्य है। लाईसेंस नहीं लेने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हो सकती है। सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाले अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। अफवाह फैलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एक दूसरे की सुविधाओं और भावनाओं का ख्याल रखेंगे। उन्होंने कहा कि मुहर्रम मातम, त्याग, बलिदान का पर्व है। बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने कहा कि सबसे बेहतर ताजिया का प्रदर्शन करने वाले कमिटी को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पुरस्कृत करने की योजना है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि मुहर्रम पर्व को शांति सौहार्द के साथ मनाने से सहभागिता निभाने में शामिल रहेंगे। बैठक में जदयू के प्रदेश सचिव अशोक कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, ज्ञानदत्त पाण्डेय, मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार सिंह, मुखिया शिवपूजन राम, मुखिया विवेक कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष सरोज कुमार, मिथिलेश कुमार राम, पूर्व मुखिया सरफराज आलम, मो. अयुब खान आदि उपस्थित थे।